CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 01-24-2026 23:53 Color:

नई दिल्ली > रविवार, 25 जनवरी 2026 > माघ 5 शक संवत 1947, माघ शुक्ल सप्तमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 22, संख्या 4> पेज 30* > मूल्य ₹6.00 या ₹12.50* संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

आज है राष्ट्रीय पर्यटन दिवस

NBT
संडे नवभारत टाइम्स

एनबीटी ने विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ACE
fulfilling ACEpirations

RERA NO - UPRERAPRJ939595/03/2025
RERA WEBSITE - WWW.UP-RERA.IN/PROJECTS | PROJECT LAUNCH DATE: 25.03.2025
PROJECT COLLECTION BANK A/C DETAILS- BANK NAME: HDFC BANK LTD.,
BRANCH: ANSALS FORTUNE ARCADE, K BLOCK , SECTOR-18, NOIDA
A/C NAME: THREE C HOMES PVT. LTD. | RERA COLLECTION ACCOUNT ACE HIVE
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NUMBER: 99999916111213

WHERE INTELLIGENT SPACES
MEET THOUGHTFUL HOSPITALITY

Business Suites by ACE, complemented by the refined hospitality standards of Sarovar Hotels-crafted for modern travellers, professionals, and forward - thinking individuals

ENTRANCE LOBBY

ACE
fulfilling ACEpirations

SAROVAR HOTELS

COMING SOON AT YAMUNA EXPRESSWAY

88825 20000

Turn Overleaf

वैलिड वीज़ा होने पर भी यात्रा से रोका, एयरलाइंस पर जुर्माना

Prachi Yadav
@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली:** नई दिल्ली की उपभोक्ता अदालत ने एयर अरेबिया को प्रफेशनल लापरवाही और सेवा में कमी का जिम्मेदार ठहराते हुए उसे एक यात्री को उसकी और उसकी पत्नी की एयर टिकटों का पूरा पैसा वापस करने और मुआवजे के तौर पर ढाई लाख रुपये देने का आदेश दिया है। एयरलाइन ने इस शख्स को और उसकी पत्नी को वैध वीजा होने के बावजूद नैरोबी की यात्रा करने से रोक दिया था।

केस के साथ सारे तथ्यों को देखने के बाद नई दिल्ली के डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन ने अपने फैसले में कहा कि ऐसा लगता है कि 'दी एयर ऐरेबिया' ने जल्दबाजी में काम किया और वैलिड वीजा होने के बावजूद शिकायतकर्ताओं और उनके बेटे को यात्रा करने से रोक दिया। यह प्रफेशनल लापरवाही और 'सर्विस में कमी' का पक्का मामला है। कमीशन अध्यक्ष पूनम चौधरी की अध्यक्षता वाले कोरम ने एयरलाइंस को निर्देश दिया कि वह शिकायतकर्ताओं और उनके बेटे द्वारा एयरलाइंस से खरीदे गए टिकटों की रकम वापस करे। इसके अलावा, प्रत्येक शिकायतकर्ता को मानसिक पीड़ा, अपमान और उत्पीड़न पहुंचाने के लिए मुआवजे के तौर पर 1,00,000 रुपये का भुगतान भी करे। मुकदमेबाजी के खर्च के तौर पर 50,000 रुपये का भुगतान किया जाए। कोर्ट ने कहा, एयर अरेबिया से शिकायतकर्ताओं को जरूरी सेवाएं देने की उम्मीद थी।

नर्सरी: ओपन सीटों में दाखिले शुरू, EWS के लिए शेड्यूल का इंतजार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

- फ्रीशिप कोटे की सीटों के लिए शेड्यूल में देरी से लौंग परेशान
- पिछले सेशन में भी इन सीटों के लिए दाखिलों में हुई थी देरी, जबकि जनरल सीटों के लिए दाखिले मार्च तक हो जाते हैं

नर्सरी के लिए प्राइवेट स्कूलों में ओपन सीटों (75% सीटें) के लिए पहली एडमिशन लिस्ट जारी हो चुकी है मगर बची 25% फ्रीशिप कोटे की सीटों के लिए अभी शेड्यूल तक नहीं आया है। प्राइवेट स्कूलों में इकनॉमिकली वीकर सेक्शन/डिस्एडवांटेजेड ग्रुप/चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (ईडब्ल्यूएस/डीजी/सीडब्ल्यूएसएन) कैटिगरी के लिए 25% रिजर्व होती है। पैरेंट्स अब इन कैटिगरी के एडमिशंस का शेड्यूल के इंतजार में हैं। 2025-26 के सेशन में 33,212 सीटों पर दाखिले खुले मगर 29,706 सीटों पर ही दाखिले हुए। इस साल की सीटों का आंकड़ा जारी होना बाकी है। पिछले कुछ सालों में ईडब्ल्यूएस की सीटें कम भी होती जा रही हैं।

ओपन सीटों के लिए पहली लिस्ट निकलने के साथ ईडब्ल्यूएस/डीजी/सीडब्ल्यूएसएन एडमिशंस के लिए पैरेंट्स के सवाल रोजाना बढ़ते जा रहे हैं। पिछले सेशन में भी दाखिले देरी से हुए, जबकि जनरल सीटों के लिए दाखिले मार्च तक हो जाते हैं। प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी, केजी और क्लास 1 की वैकेंसी की संख्या सभी डिप्टी एजुकेशन डायरेक्टर के जरिए शिक्षा निदेशालय को मिल चुकी है। सूत्रों का कहना है कि इनके स्क्रूटनी का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। नर्सरी में इस बार नैशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत 'बाल वाटिका' सिस्टम लॉन्च हुआ है। इसके अलावा गाइडलाइंस पिछले साल की तरह ही रहने की उम्मीद है। पैरेंट्स उसके हिसाब से डॉक्यूमेंट्स मसलन ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट, कास्ट से जुड़ा सर्टिफिकेट वगैरह तैयार कर सकते हैं।

अपने बच्चे के लिए एडमिशन प्रोसेस का इंतजार कर रहे पैरेंट सत्यवीर कुमार कहते हैं, पहले हमें पता चला कि दिसंबर में फॉर्म निकलते हैं, फिर हमें पता चला कि ये हमारे लिए नहीं हैं, हम ईडब्ल्यूएस से हैं। अब तो डेढ़ महीना हो गया है, मगर फिर फॉर्म नहीं निकले हैं। हमें यह भी नहीं पता कि क्या-क्या दस्तावेज हमें इकट्ठा करने होंगे। दोनों के एडमिशन एक साथ क्यों नहीं हो रहे?

NBT जन्मदिन मुबारक

नायब सिंह सैनी

25 जनवरी 1970 को जन्मे नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं। वह सांसद और हरियाणा सरकार में मंत्री और हरियाणा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

चेतेश्वर पुजारा

25 जनवरी 1988 को राजकोट में जन्मे पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने 103 टेस्ट मैच खेले, 7195 रन बनाए। 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था।

मनदीप सिंह

25 जनवरी 1995 को जन्मे मनदीप सिंह हॉकी के स्टार फॉरवर्ड खिलाड़ी हैं। टोक्यो 2020, पैरिस 2024 ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।

कविता कृष्णमूर्ति

25 जनवरी 1958 को जन्मी मशहूर सिंगर कविता कृष्णमूर्ति ने 'हवा हवाई' और 'ठोला रे ठोला' जैसे सुपरहिट गाने गाए। उन्हें 'पद्मश्री', फिल्मफेयर अवॉर्ड मिल चुके हैं।

दिल्ली-NCR की ताजा खबरों के लिए X पर फॉलो करें @NBTDelhi

पर्यावरण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

तल-6, विंग-सी, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली – 110002

सार्वजनिक सूचना

पतंग उड़ाने वाले तेज धारदार सिंथेटिक / नायलोन धागे जिनमें लोकप्रियता से जाना जाने वाला चीनी मांझा भी शामिल है – पर प्रतिबंध

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मानवता, पशुधन, पक्षी और पारिस्थितिकी पर होने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार की दिनांक 10 सितम्बर 1992 की अधिसूचना सं. एसओ 667 (ई) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के उपराज्यपाल के नाम पर तथा आदेश से 10/01/2017 को अधिसूचना जारी की गई है, जिसके तहत निम्न निर्देश दिए गये हैः

1) नायलोन, प्लास्टिक अथवा अन्य किसी सिंथेटिक समाग्री से विनिर्मित पतंग उड़ाने वाला धागा जिसमें कि चीनी मांझा के नाम से प्रसिद्ध तथा ऐसे अन्य पतंग उड़ाने वाले धागे जो धारदार है या शीशे, धातु या अन्य धारदार सामग्री से लेपित कर पतंग उड़ाने के लिए बनाए जाते है, ऐसे पतंग उड़ाने वाले धागों की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बिक्री, उत्पादन, भण्डारण, आपूर्ति, आयात एवं प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध होगा।

2) केवल सूती धागे, जो कि किसी धारदार धातु/शीशे के घटकों / चिपकाने वाले पदार्थों/धागे को मजबूत बनाने वाली सामाग्रियों से रहित है, उन्हीं से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी।

उपरोक्त निर्देशों के उल्लंघन के बारे में निम्नलिखित अधिकारियों के कार्यालयों में रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है।

क्र.	पद	ई-मेल पता	हेल्पलाईन नं.
1.	पुलिस आयुक्त, दिल्ली पुलिस	cpdelhi@delhipolice.gov.in	112
2.	मंडलीय आयुक्त, दिल्ली सरकार	divcom@nic.in	1077/23962825
3.	मुख्य वन्यजीव संरक्षक, दिल्ली सरकार	ccfgnctd@gmail.com	01123378513
4.	आयुक्त, दिल्ली नगर निगम	commissioner@mcd.nic.in	155305

नोटः- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 5 या इसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के अन्तर्गत जारी निर्देशों का उल्लंघन उक्त अधिनियम की धारा 15 के अधीन दंडनीय है जिसमें पांच साल तक कारावास तथा/अथवा एक लाख रूपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते है।

उपरोक्त अधिसूचना पर्यावरण विभाग की वेबसाइट https://environment.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

DIP/Shabdarth/Classified/0413/25-26

पहचान की अपील

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक शख्स जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **निवासीः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 55-60 वर्ष, **ऊंचाईः** 5 फुट 7 इंच, **रंगः** गेहुंआ, **पहनावाः** काला और ग्रे कोट और काली पैंट, **बरामदगी का स्थानः** दुकान संख्या 477, एस्प्लेनेड रोड, साइकिल मार्केट, चांदनी चौक, दिल्ली के सामने मृत अवस्था में मिला। इस संबंध में **डीडी संख्या 54 ए** दिनांकः **23.01.2026** के तहत थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज की गई है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करेंः-

थानाध्यक्ष - थाना कोतवाली, दिल्ली
दूरभाष नंबरः 8750870121, 9289815972

DP/1104/N/2026

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **राहुल, पुत्रः लखमी चंद, निवासीः मकान नंबर–206, गली नंबर–4, ज्वाला नगर, दिल्ली** जोकि **दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 3:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 90A, Dated 21.01.2026, पुलिस थाना विवेक विहार, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई हैः

नामः राहुल, उम्रः 26 साल, कदः 5'6", रंगः गेहुआ, चेहराः लंबा, शरीरः पतला, पहनावाः काले रंग की जैकेट और काली पैंट और पैरों में चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **विवेक विहार, दिल्ली** को संपर्क करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना विवेक विहार, दिल्ली
फोनः 011-22150370, 7065036021

DP/1041/SHD/2026

पहचान की अपील

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 30–32 साल, **कदः** 5'6", **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गोरा, **शरीर :** मीडियम, **चेहरा :** लंबोतरा, **पहनावाः** नीले रंग की हुड्डी और नीले रंग का पजामा पहने है, **बरामदगी स्थलः** जो ओल्ड कॉंडली, दिल्ली स्थित नाले में मृत अवस्था में पाया गया।

इस सम्बंध में **DD No. 148A, दिनांक 17.01.2026, पुलिस स्टेशनः न्यू अशोक नगर, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः न्यू अशोक नगर, दिल्ली
फोनः 8750870631

DP/1061/ED/2026

बार काउंसिल चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी

Prachi Yadav
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** आठ साल के एक लंबे अंतराल के बाद हो रहे दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) के चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हो गई। 17 जनवरी से लेकर अब तक कुल 221 नामांकन फॉर्म जमा हुए हैं, जिनमें 82 फॉर्म महिला वकीलों के हैं।

फॉर्म की स्क्रूटनी के बाद इलेक्शन कमिटी 28 जनवरी को चुनाव लड़ने के लिए एलिजिबल सदस्यों की एक लिस्ट जारी करेगी। इस दौरान, अगर कोई उम्मीदवार अपनी दावेदारी वापस लेने का फैसला लेना चाहता है, तो 31 जनवरी तक ले सकता है। बीसीडी के सेक्रेटरी कर्नल अरुण शर्मा (रिटायर्ड) ने बताया कि शनिवार को नामांकन भरने की आखिरी तारीख थी। अभी तक कुल मिलाकर 221 नामांकन फॉर्म मिले हैं। इनमें से 82 फॉर्म महिला उम्मीदवारों के हैं।

221 नामांकन फॉर्म जमा हुए हैं, जिनमें 82 महिला वकील

सीनियर एडवोकेट के के मनन, संजीव नरियार, मुरारी तिवारी और इनके अलावा भी कई। नए उम्मीदवारों के रूप में प्रदीप खत्री और एडवोकेट मुकेश कुमार बोल जैसे कई और वकीलों की एंट्री हुई है। 25/27 जनवरी की तारीखें फॉर्म की स्क्रूटनी के लिए हैं। 28 जनवरी को बीसीडी चुनाव लड़ने के लिए एलिजिबल सदस्यों की और 31 जनवरी को उनकी फाइनल लिस्ट जारी करेगी। वोटिंग की शुरुआत 20 फरवरी को होगी, 22 तक चलेगी। 25 फरवरी से वोटों की गिनती शुरू होगी।

सुप्रीम कोर्ट और फिर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर अब फरवरी 2026 में बीसीडी के चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले लास्ट चुनाव 2018 में हुए थे और वे भी लगभग नौ साल के बाद हुए थे। तब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुए बीसीडी चुनावों में 25 विजेताओं को निर्वाचित घोषित किया गया था। इनमें से कई नाम इस बार भी नामांकन भरने वालों की लिस्ट में शामिल हैं, जैसे-

पोस्ट ऑफिस में लोगों की मदद को कर्मचारियों को खास ट्रेनिंग

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

AI Image

डाक विभाग ने कहा है कि अब पोस्ट ऑफिस आए लोगों की मदद करना कर्मचारियों की नौकरी का जरूरी हिस्सा होगा। कर्मचारी खुद आगे बढ़कर कस्टमर्स की हेल्प करेंगे। यह सिस्टम राष्ट्रीय कर्मयोगी योजना के तहत लागू कि गया है। विभाग दिल्ली सर्कल के ग्रेड-A से C तक के करीब 6,000 कर्मचारियों को इससे जुड़ी ऑनलाइन ट्रेनिंग दे रहा है। इस ट्रेनिंग से कस्टमर्स को बेहतर सुविधा मिलेगी और डाक सेवाओं पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद मिलने वाला ई-सर्टिफिकेट ट्रांसफर और प्रमोशन से जोड़ा जाएगा।

दिल्ली सर्कल के डायरेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि संचार मंत्रालय ने करीब चार महीने पहले 'डाक कर्मयोगी' नाम से ई-लर्निंग पोर्टल शुरू किया है। इसका मकसद कर्मचारियों की स्किल बढ़ाना है। अब पोस्ट ऑफिस में कस्टमर्स को एक काउंटर से दूसरे काउंटर भटकना नहीं पड़ेगा। कर्मचारी एक ही जगह पूरी जानकारी देकर काम निपटाएंगे।

यमुना में अमोनिया के स्तर में सुधार, पानी का उत्पादन बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

यमुना में अमोनिया के स्तर में सुधार के बाद दिल्ली जल बोर्ड के ज्यादातर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी पूरी क्षमता से काम करने लगे हैं। जिसके चलते कई इलाकों में पानी की सप्लाई में सुधार हुआ है। हालांकि अभी भी वजीराबाद प्लांट अपनी 85 फीसदी क्षमता से काम कर रहा है। इसका मुख्य कारण वजीराबाद में यमुना नदी के पानी में अमोनिया का स्तर लगभग 2.5 पीपीएम बताया गया है। अधिकारियों का कहना है कि शनिवार तक अमोनिया का स्तर और घटने के बाद जलापूर्ति पूरी तरह से ठीक हो जाएगी।

PhD लेक्चरर को ज्यादा ग्रेड पे मनमानी नहीं: HC

Prachi Yadav
@timesofindia.com

File Photo

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के तहत विभिन्न सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों में पीएचडी लेक्चरर को नॉन-पीएचडी लेक्चरर से ज्यादा ग्रेड पे (AGP) दिए जाने के प्रावधान की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जिन लेक्चरर्स के पास पीएचडी की क्वॉलिफिकेशन है और जिनके पास नहीं है, उनके बीच इस लिहाज से फर्क करने को मनमना, मेडमाकूर्ग या भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 (समानता और सरकारी नौकरियों में सभी नागरिकों के लिए समानता से जुड़े अधिकार) का उल्लंघन करने वाला नहीं कहा जा सकता। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस अनिल महाजन की बेंच ने कहा कि वेतन और करियर में तरक्की के लिए टच्च शैक्षणिक योग्यताएं तय करना पूरी तरह से वैधानिक विशेषज्ञ संस्था, यानी AICTE (ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन) के अधिकार क्षेत्र का मामला है और इसमें इस अदालत के क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करके दखल देने की जरूरत नहीं है।



RERA REGISTRATION NO.: P52900054767
Developer: Domilis Estate LLP | Project: Yoganand
https://maharerait.maharashtra.gov.in/public/project/view/45753

PLOTS NEAR MOPA INTERNATIONAL AIRPORT NORTH GOA

फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट के लिए आवेदन

(Under Affordable Residential Plotting Scheme & Maharashtra Tourism Policy 2024, Government of Maharashtra)

DODAMARG, GOA-MAHARASHTRA BORDER

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

रजिस्ट्रेशन के लिए मात्र 49,000/- रुपये का भुगतान करें

Amount is Refundable in case of non Allocation

33% महिलाओं एवं सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित | पंजीकरण के लिए मात्र 30 प्लॉट ही उपलब्ध हैं।

IMPORTANT DATES

आवंटन तिथि: 11 फरवरी 2026

आवेदन विंडो बिना किसी पूर्व सूचना के बंद की जा सकती है।

Pricing Under Allotment Process (only applicable for 30 plots)

Plot Size (Sq. Yd.)	Plot Size (Sq. Mtr.)	Rate Per Sq. Yd.	Registration Amount	10% Within 7 Days	40% Within 30 Days	50% On Possession	Total Cost
358.8	300	₹ 27,000	₹ 49,000	₹ 9,19,760	₹ 38,75,040	₹ 48,43,800	₹ 96,87,600

* Any other charges levied by the Govt. extra

Direct Confirm Booking

Plot Size (Sq. Yd.)	Plot Size (Sq. Mtr.)	Rate Per Sq. Yd.	Booking Amount	10% Within 7 Days	40% Within 30 Days	50% On Possession	Total Cost
358.8	300	₹ 40,000	₹ 5,00,000	₹ 9,35,200	₹ 57,40,800	₹ 71,76,000	₹ 1,43,52,000

* Any other charges levied by the Govt. extra

AMENITIES

- High Rental Value
- 103 Acres Gated Township
- Ideal for Villa's
- 3-Tier Security
- Club Resort
- Temple
- Temple
- Shopping Complex
- Playgrounds
- Fresh Water Supply
- Swimming Pool
- Badminton Court

RERA RECEIVED

For Online Registration :
www.plotsonlineregistration.com
☎ +91-87506 37637

SCAN TO REGISTER

Disclaimer: Promoter urges every applicant to inspect the project site and, therefore, requests to make personal judgment prior to submitting an application for allotment. Unless otherwise stated, all the images, visuals, materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representations of the product and/or any amenities. Further, the actual design may vary in the fit and finished form, from the one displayed above. Journey time shown, if any, is based upon Google Maps which may vary as per the traffic at a relevant point of time. #Rate mentioned above does not include GST and other statutory charges, if applicable. T & C Apply. 1 sq. mt. = 1.196 sq. yd. RERA Registration No. P52900055557 dated 02-04-2024.

यातायात व्यवस्था – गणतंत्र दिवस समारोह – 26 जनवरी, 2026

परेड का मार्गः विजय चौक–कर्तव्य पथ–'सी'–हेक्सागन–R/A नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा–तिलक मार्ग–बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग–नेताजी सुभाष मार्ग–लाल किला

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2026 को मनाया जाएगा। परेड सुबह 10:30 बजे विजय चौक से प्रारंभ होगी और लाल किला मैदान पर समाप्त होगी। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट पर सुबह 09:30 बजे इससे संबंधित कार्यक्रम होगा। मार्ग पर परेड के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध होंगे।

यातायात प्रतिबंध

परेड के सुचारू मार्ग को सुविधाजनक बनाने के लिए, परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर यातायात का आवागमन निम्नानुसार प्रतिबंधित रहेगा :

(i) 25.01.2026 को शाम 06:00 बजे से परेड खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ पर किसी यातायात को अनुमति नहीं होगी।

(2) 25.01.2026 को रात्रि 10:00 बजे से सभी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर परेड समाप्त होने तक कार्तव्य पथ की ओर यातायात की अनुमति नहीं होगी।

(3) 'सी'–हेक्सागन–इंडिया गेट, 26.01.2026 को सुबह 08:15 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार होने तक यातायात के लिए बंद रहेगा।

(4) 26.01.2026 को सुबह 10:30 बजे से तिलक मार्ग, बी.एस.जेड मार्ग और सुभाष मार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड की आवाजाही के आधार पर संभव और ट्रैफिक की अनुमति दी जाएगी।

सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे राजपथ अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और अपनी सुविधा के लिए सुबह 09:30 बजे से रोपवर 01:00 बजे तक परेड के मार्ग से बचें।

सुझाए गए मार्ग

वाहनों, यदि यात्रा अपरिहार्य है, तो सड़क उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित मार्ग अपनाने की सलाह दी जाती है

उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर

- रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खां–आई.एस.बी.टी.–रामपाल–रिंग रोड।
- मथुरा से लोधी रोड 'टी' पॉइंट–अरबिंदो मार्ग–एम्स चौक–रिंग रोड–बीआरटी–बंदे मातरम मार्ग–बंसल रोड–पार्क स्ट्रीट या मोदर मार्ग।

पूर्व–पश्चिम कॉरिडोर

- रिंग रोड–मैरी रोड–मथुरा रोड–सुब्रमण्यम भारती मार्ग–सरोजिनी यातायात मार्ग–स्वामी राम रोड–शंकरदयाल रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–साइनस बोलिवार मार्ग–अमर सिंह रोड / बंदे मातरम मार्ग।

या

- रिंग रोड–आईएसबीटी–मंगरी राम अखाड़ा–मान रोड–आजाद पुर–रिंग रोड।
- रिंग रोड–मैरी रोड–मथुरा रोड–लोधी रोड–अरबिंदो मार्ग–शंकरदयाल रोड–तीन मूर्ति मार्ग–मदर टेरेसा क्रिसेंट–पार्क स्ट्रीट–शंकर रोड–बंदे मातरम मार्ग।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से** : सीता कुआं–बंदे मातरम–पंचकुइयां रोड–आउटर सर्कल कनॉट प्लेस–पहाड़गंज की ओर से दिल्ली चेम्सफोर्ड रोड या अजमेरी गेट की ओर से लिंक सिटी रोड–सब्जी मंडी।
- **पूर्वी दिल्ली से** : आईएसबीटी ब्रिज के माध्यम से कुतेबी रोड–सब्जी मंडी आईएसबी–रामन्ना अवाट प्रोडेक्शन–बी.बी. गुप्ता रोड–सीता सिनेमा रोड–पहाड़गंज ब्रिज और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें।

पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से** : रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खां–रिंग रोड–राज घाट–रिंग रोड–चौक मथुरा बाजार–एस.पी. मुखर्जी मार्ग–लाल किला–कोटला ब्रिज और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें। हालांकि उत्तरी दिल्ली से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले लोगों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा, फिर भी यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें और संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय तैयार रखें।

बस समापन स्थान

निजी बस सेवाओं को आवागमी निम्नलिखित बिंदुओं पर समाप्त की जाएगी:

1.	पार्क स्ट्रीट/उस्मान मार्ग	2.	आनंद बाग रोड (महावीर)
3.	आर/के कनाट मार्केट	4.	दिल्ली सचिवालय (आईटी स्टेशिया)
5.	इरविन मैदान (रेड रोड)	6.	हनुमान मंदिर (मनुना बाजार)
7.	मोदी गेट	8.	आईएसबीटी कश्मीरी गेट
9.	आईएसबीटी सराय काले खां	10.	तीन हजारी कोर्ट

अंतर्राज्यीय बसें

(i) गाजियाबाद से हिंडावेन जाने वाली बसें एनएच–24, रिंग रोड से होकर पैरी रोड पर समाप्त होंगी।

(ii) एनएच–24 से आने वाली बसें रोड नं. 56 पर दाहिनी ओर मुड़ेंगी और आईएसबीटी आनन्द विहार पर समाप्त होंगी।

(iii) गाजियाबाद की ओर से आने वाली बसों को मोहन नगर से वजीराबाद ब्रिज के लिए मोहुरा भुंडी की ओर मोड़ दिया जाएगा।

(IV) मौला कुआं की ओर से आने वाली सभी अंतर्राज्यीय बसें मौला कुआं पर समाप्त हो जाएंगी।

मेट्रो सेवाएँ

26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध होगी।

एयरोसिटी/एमजीसी/एलजीसी

25.01.2026 को रात्रि 09:00 बजे से परेड समाप्त होने तक किसी भी एयरोसिटी/एयरोसिटी/एलजीसी को दिल्ली की सीमाओं से प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर)।

26.01.2026 को सुबह 07:30 बजे से रोपवर 01:30 बजे तक रिंग रोड पर किसी भी एयरोसिटी/एमजीसी/एलजीसी को सराय काले खां आई.एस.बी.टी. और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मालिकावाद

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की सुबह परेड का कार्यक्रम खत्म, दिल्ली में आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके सुरक्षित संचालन को ट्रैफिक बसों के लिए, अतिरिक्त यातायात बसों द्वारा दिनांक 25.01.2026 को रात्रि 08:00 बजे से 26.01.2026 को कार्यक्रम समाप्ति तक निम्नलिखित मार्गों से गाजियाबाद सीमा से दिल्ली में सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (हल्के/मध्यम/भारी) के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। कार्यक्रम निम्न प्रकार से किया जायेगा।

1. सूची गेट/गाजीपुर बॉर्डर 2. दिल्ली गेरा एक्सप्रेसवे सूची गेट/गाजीपुर बॉर्डर 3. महानगर पुर/आनंद विहार बॉर्डर 4. सीमा पुरी बॉर्डर 5. डीएनएच मोहुरा बॉर्डर 6. लोनी बॉर्डर 7. ईस्टिन मीत रोड 8. पूर्व नगर हाइवे बॉर्डर 9. तुगलकी निकेतन बॉर्डर 10. संगमपार पीकी सिग्ना 11. अंबुश विहार बॉर्डर 12. राजपुर डिपाइ

फ्रीवाल्स

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दिनांक 25.01.2026 को रात्रि 09.00 बजे से 26.01.2026 को रोपवर 01.30 बजे तक फरीदाबाद एवं दिल्ली में सभी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

सभी परिवहन एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

✓ उत्तर प्रदेश और पंजाब से आने वाले सभी भारी वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनी, / बंदरगाह बीकेर, प्रयागराज सुरक्षित रेल, मंगर होते हुए झारखण्ड जाने वाली दूसरी किनार रोड आदि समेत फरीदाबाद–दिल्ली की सभी सीमाओं पर प्रवेश वर्जित रहेगा।

✓ राष्ट्रीय राजधानी पर वाहनों की साइड पार्किंग वर्जित है। उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निम्नलिखित स्थानों पर यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जाएगी।

1. नाका पूरन कुंज चौक 2. नाका दूसरी किनार 3. नाका जेवीजी चौक 4. नाका बादरपुर बॉर्डर 5. नाका मंगर चौकी 6. नाका सीकरी एनएच–19 7. दिल्ली गुड़गांव एक्सप्रेस वे मीयापुर दिल्ली के पास

गौतमबुद्ध नगर

गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर आवश्यकता अनुसार इस प्रकार है

दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर तक की सीमाएँ: कालिंदी, डीएनडी, विकास, न्यू अशोक नगर, सहगंज, झुंडपुरा और हरिदरोन।

1. यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गौतमबुद्ध नगर से दिल्ली में व्यावसायक वाहनों (भारी, मध्यम एवं हल्के) का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
2. यातायात प्रबंधन के लिए गौतमबुद्ध नगर जिले से दिल्ली सीमा में प्रवेश करने वाले महत्वपूर्ण मार्गों– विकास रेड लाइट बॉर्डर, डीएनडी बॉर्डर, कालिंदी कुंज बॉर्डर पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाएगी।
3. विकास रेड लाइट (सीमा) से दिल्ली में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहन विकास रेड लाइट से कुं–टर्न लेंगे और नोएडा–डेल्टा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे।
4. डीएनडी (सीमा) से दिल्ली में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से कुं–टर्न लेंगे और नोएडा–डेल्टा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ेंगे।
5. कालिंदी कुंज मथुरा (सीमा) से दिल्ली में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहनों को मथुरा नदी से पहले अंडरपास सिग्नल से डायवर्ट किया जाएगा और नोएडा–डेल्टा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया जाएगा।
6. मथुरा एक्सप्रेस–वे से दिल्ली की ओर आने वाले यातायात वाहनों को जेवर पड़ाव से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे की ओर डायवर्ट किया जायेगा।
7. सूरज सड़क पर कोई वाहन खड़ा न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस क्यूआरटी टीम तैनात की जाएगी।
8. विशेष परिस्थितियों में वाहनों को मुख्य मार्गों से हटाकर कुछ समय के लिए विकास–कनि मंदिर रोड, पुराना रोड सेक्टर 94 और सेक्टर 44 सर्विस रोड पर पार्क किया जाएगा।
9. सुरक्षा कारणों से नोएडा स्थित डीएमआरसी मेट्रो स्टेशनों–बोटानिकल गार्डन, सिटी सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, बर्ड वेचुरी पर पार्किंग सुविधा बन्द कर दी जाएगी।
10. ट्रैफिक सलाह और अपडेट ट्विटर, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से या ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क करके प्राप्त किया जाएगा।

गुरुग्राम

25.01.2026 को रात्रि 09:00 बजे से 26.01.2026 को गणतंत्र दिवस की परेड समाप्त होने तक किसी भी HTV/MGV/LGV को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित तीन बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा। 1. रजौकाडी 2. कापसहेड़ा 3. अरावा गांव 4. बजघेरा

फरीदाबाद–हरियाणा सीमा

गणतंत्र दिवस–2026 समारोह के मद्देनजर, 26.01.2026 को गणतंत्र दिवस परेड कार्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसे सुरक्षित संपन्न कराने के लिए कानून–व्यवस्था एवं यातायात की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सीमाओं पर ट्रैफिक कायवर्जन इसकी सेवा। इसलिए, सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (हल्के/मध्यम/भारी) को रात्रि 09:00 बजे (25.01.2026) से रोपवर 01:30 बजे (26.01.2026) तक दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

निम्नलिखित सीमाओं में किया जायेगा डायवर्जन:–

मुख्य सीमाएँ: 1. दिल्ली बॉर्डर 2. झाड़ोदा बॉर्डर 3. झाड़ा बॉर्डर 4. एरोसिटी बॉर्डर

आंतरिक सड़क/ग्राम सीमाएँ: 1. डाटिकान बॉर्डर 2. गनगोलीबॉर्डर/बहुसरिया बॉर्डर 3. सुरजपुर बॉर्डर

बादरपुरथ हरियाणा क्षेत्र में डायवर्जन योजना:–

1. टी–प्वाइंट सेक्टर–8 बादरपुरथ से बादरपुरथ बाईपास और केएमपी एक्सप्रेसवे 2. बादरपुरथ बाईपास से केएमपी एक्सप्रेसवे तक कुं–टर्न 3. केएमपी एक्सप्रेसवे से केएमपी एक्सप्रेसवे के पास

गुरुग्राम हरियाणा क्षेत्र में डायवर्जन योजना

1. लोहट गांव से गुरुग्राम–बादली रोड 2. बलवन्त चौक, सेक्टर–108, गुरुग्राम से गुरुग्राम–झज्जर एक्सप्रेस वे 3. बाबूपुर चौक, सेक्टर–108, गुरुग्राम से झज्जर एक्सप्रेस वे

झज्जर

25.01.2026 को रात्रि 09:00 बजे से 26.01.2026 को गणतंत्र दिवस की परेड समाप्त होने तक किसी भी HTV/MGV/LGV को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित तीन बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा। 1. झाड़ा बॉर्डर 2. झारोदा 3. दिल्ली

सोनीपत

25.01.2026 को रात्रि 09:00 बजे से 26.01.2026 को गणतंत्र दिवस परेड समाप्त होने तक किसी भी HTV/MGV/LGV को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित तीन बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा– 1. बोधौदा 2. सिंघु

26.01.2026 को सुबह 07:30 बजे से रोपवर 01:30 बजे तक रिंग रोड पर किसी भी एयरोसिटी/एमजीसी को सराय काले खां आई.एस.बी.टी. और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

आम जनता के लिए निर्देश

1. आवश्यक यात्रा/टिकट यात्रा संबंधित सी विमानाड्डा पर यात्रायात पुलिसकर्मी जारी 2026 तक मैरी पहुंचे रोक सकते हैं जिनसे उन्हें अपने संबंधित पार्किंग स्थल तक पहुंचने में मार्गदर्शन मिलेगा। बीडियो का अनुसार कोड नीचे दिया गया है।
2. नोट: आवश्यक यात्रियों अपने–अपने पार्किंग स्थल तक पहुंचने के लिए गूगल मैप्स या मेटामप मैप को दिशा–निर्देशक सहायता ले सकते हैं।

यदि कोई अज्ञात या संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति दिखाई देता है तो कृपाई पर निकटतम पुलिसकर्मी को जानकारी दी जानी चाहिए।

पैरा–मेडिकल, पैरा–मेडिकल, हैम गाइडलाइन, सुरक्षा, सुरक्षा, माइक्रोसाइट मिलन, पूर्व से संचालित मिलन, नई हवा के मुकाबले फोटो आकाश के संचालित मिलन, आकाशगंगा या मिलन से पैरा जोड़ने आदि जैसे उप–मार्गदर्शक हवाई फोटोग्राफी से उड़ान 01.02.2026 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रतिबंधित है।

आम जनता और भीतर यातायात को सहायता दी जाती है कि वे पैरी स्वई यातायात नियमों और सड़क अनुशासन का पालन करें और सभी संकेतों पर विशेष यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और यातायात पुलिस के फेसबुक पेज, X हैंडल और यातायात पुलिस हेल्पलाइन के माध्यम से अपडेट रहें। लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और अतिरिक्त से बचने के लिए पर्याप्त समय रखें।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली यातायात पुलिस वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, X https://x.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic के माध्यम से अपडेट रह सकते हैं। व्हाट्सएप नंबर 8750871493 एवं हेल्पलाइन नंबर 1095/011-25844444.

टीएसआर/टैक्सी

26.01.2026 को सुबह 07:00 बजे के बाद किसी भी टीएसआर और टैक्सी को निम्नलिखित क्षेत्र में प्रवेश करने या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी:

मदर टेरेसा क्रिसेंट–बाबा खड़क सिंह मार्ग–अशोक रोड राउन्डअबाउट पटेल चौक तक–संसद मार्ग टॉलस्टॉय मार्ग तक–टॉलस्टॉय मार्ग कस्तूरबा गांधी मार्ग तक–कस्तूरबा गांधी मार्ग फिरोजशाह रोड तक–फिरोजशाह रोड राउन्डअबाउट मंडी हाउस तक–भगवान दास रोड–मथुरा रोड–सुब्रमण्यम भारती मार्ग–हुमायूं रोड–ए.पी.जे अब्दुल कलाम मार्ग–कमल अतातुर्क मार्ग–कोटिल्य मार्ग और सरदार पटेल रोड (छेदकर)।

ट्रैफिक प्रहरी बनें | Google play | App Store से एप डाउनलोड करें | 24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन : 011-25844444/1095 | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14567 | सुरक्षा पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें

DIP/8444/2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH8 User: vivek.kumar4 Time: 01-24-2026 22:21 Color:

उत्तर प्रदेश : देश की आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र

उत्तर प्रदेश एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जहां उसके पवित्र शहर अब आध्यात्मिक पर्यटन के जीवंत केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल जैसे शहर यात्रियों के लिए तीर्थयात्रा को नए आयाम दे रहे हैं। साथ ही, इससे अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है।

आस्था को मिली नई राह

उत्तर प्रदेश सरकार वाराणसी, अयोध्या और मथुरा में ऐतिहासिक, पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों के सुदृढ़ीकरण और पुनर्विकास के लिए 4,560 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करना भी है।

उत्तर प्रदेश देश के पर्यटन उद्योग को नए आयाम दे रहा है। पर्यटन संबंधी पहल जहां एक ओर प्रदेश को देश का प्रमुख गंतव्य बना रही हैं, वहीं आर्थिक समृद्धि भी प्रदान कर रही है। धार्मिक यात्रा के गंतव्यों को विकसित करते हुए यूपी मौजूदा धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सुव्यवस्थित करते हुए अपने विरासत को संरक्षित भी कर रहा है। आस्था, इतिहास और संस्कृति को केवल भावनात्मक धरोहर मानने की जगह यूपी इसे आर्थिक विकास से जोड़ रहा है। धार्मिक स्थलों का बेहतर प्रबंधन, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, संपर्क सुविधाओं में सुधार और स्थानीय रोजगार के अवसरों का सृजन इस रणनीति का अहम हिस्सा है।

अयोध्या और काशी से लेकर प्रयागराज, ब्रज, चित्रकूट और नैमिषारण्य तक, उत्तर प्रदेश ने प्राचीन आध्यात्मिक क्षेत्रों को आधुनिक, उच्च प्रभाव वाले ट्रैवल इकोसिस्टम में बदल दिया है, जहां विश्वास, अवसंरचना, आजीविका और अनुभव एक साथ चलते हैं। यह नवीनता पर आधारित पर्यटन नहीं है, बल्कि अपनापन और जुड़ाव से प्रेरित पर्यटन है।

पवित्र तीर्थों से रणनीतिक अर्थव्यवस्था तक

दशकों तक उत्तर प्रदेश के पास अपार आध्यात्मिक पूंजी थी, लेकिन पर्यटन के आर्थिक प्रदर्शन में वह पीछे रहा। श्रद्धालु आते थे, पर रुकते कम समय के लिए थे। विरासत मौजूद थी, लेकिन पहुंच, सुरक्षा और अनुभव की संरचना का अभाव था।

विरास के संरक्षण से बदल रही तस्वीर

राज्य ने कनेक्टिविटी, सुरक्षा, स्वच्छता, रिवरफ्रंट विकास, तीर्थयात्री सुविधाओं, शहरी नवीनीकरण आदि पर बड़े पैमाने पर निवेश किया है। अब पवित्र स्थल पहले से ज्यादा सुविधाजनक हो गए हैं। देश दुनिया से श्रद्धालु और पर्यटक इन गंतव्यों पर बार-बार आना चाहते हैं। वर्ष 2025-2026 के राज्य बजट में ही धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए लगभग 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें अयोध्या, मथुरा-वृंदावन और वाराणसी पर विशेष फोकस है। साथ ही, विंध्याचल, श्रावस्ती, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध केंद्रों को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि पर्यटन का लाभ और आर्थिक अवसर पूरे राज्य में समान रूप से फैल सकें। रणनीति साफ है, आस्था के जरिए पर्यटकों का आगमन होता है, जिससे स्थानीय आजीविका को बल मिलता है। यह विरासत के संरक्षण का भी माध्यम बनता है।

प्रमुख केंद्रों के अतिरिक्त अन्य पर्यटन आकर्षण का प्रादुर्भाव

आध्यात्मिक केंद्रों के तौर पर अब अन्य स्थल भी उभर रहे हैं। नैमिषारण्य, जो सबसे पुराने पुराणिक तीर्थों में से एक है; चित्रकूट, जो रामायण से जुड़ा है; विंध्याचल, जहां विख्यात विंध्यवासिनी शक्तिपीठ स्थित है; और प्रयागराज, जो संगम और माघ मेले के लिए प्रसिद्ध है, इन सभी पर सरकार सड़क सुधार, ईको-टूरिज्म सर्किट और आवास परियोजनाओं के माध्यम से विशेष ध्यान दे रही है।

ये सभी आध्यात्मिक केंद्र मिलकर भक्ति को सांस्कृतिक अनुभव, नदी पुनर्जीवन और विरासत संरक्षण से जोड़ते हैं और उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे प्रगतिशील और समग्र आध्यात्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

PICTURE: ADMINISTRATIVE UP GOVT

अयोध्या: सांस्कृतिक पुनर्जागरण से बना वैश्विक आध्यात्मिक गंतव्य

आज की अयोध्या इस बात का सबसे सशक्त उदाहरण है कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आधुनिक शासन एक साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के केंद्र में विकसित यह नगर अब वैश्विक आध्यात्मिक गंतव्य बन चुका है, जिसे नया एयरपोर्ट, आतिथ्य क्षमता, रिवरफ्रंट विकास, तीर्थ सर्किट और आधुनिक सार्वजनिक सुविधाएं समर्थन देती हैं। 2023 में, मंदिर के पूर्ण होने से पहले ही, अयोध्या में 5.75 करोड़ श्रद्धालु आए। उद्घाटन के बाद 2024 में यह संख्या 16 करोड़ से अधिक हो गई। 2025 के केवल पहले छह महीनों में ही 23 करोड़ से अधिक भक्तों ने अयोध्या में दर्शन किए।

अयोध्या का परिवर्तन यह दर्शाता है कि सुनियोजित और व्यापक स्तर पर किया गया आस्था-आधारित पर्यटन शहरी नवीनीकरण, एमएसएमई, परिवहन सेवाओं, हस्तशिल्प और रोजगार को बढ़ावा दे सकता है, यह भी आध्यात्मिक मूल्यों से समझौता किए बिना।



नैमिषारण्य और चित्रकूट : तीर्थ पर्यटन के उभरते नवीनतम शक्ति केन्द्र



तुलसी जलप्रपात (शबरी), चित्रकूट

वर्ष 2025 में नैमिषारण्य में श्रद्धालुओं की संख्या दोगुनी होकर 2 करोड़ से अधिक पहुंच गई। इसका मुख्य कारण बेहतर बुनियादी ढांचा है, जिसमें हेलीपोर्ट, पुनर्विकसित स्नान घाट और नई यात्री सुविधाएं शामिल हैं।

यह वही चित्रकूट है, जिसे रामायण काल का पावन वन क्षेत्र माना जाता है और जहां भगवान श्री राम ने लगभग 11 वर्ष वनवास में बिताए। आज यह नए स्वरूप में विकसित हो रहा है। यहां नदी तट विकास, बेहतर ठहराव सुविधाएं और पहाड़ी मंदिरों तक पहुंच के लिए विश्वस्तरीय रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। इन दोनों स्थलों पर बढ़ता ध्यान उन्हें उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी तीर्थ और वेलनेस पर्यटन योजना का अहम केंद्र बना रहा है, जहां आस्था के साथ सुविधा और अनुभव को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

अन्य राज्यों के लिए उदाहरण

यूपी में पर्यटन का विकास दिखावे पर नहीं, बल्कि मजबूत और ठोस व्यवस्था पर आधारित है। राज्य ने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का सम्मान करते हुए उन्हें व्यवस्थित किया है। इसी सोच के साथ एक ऐसा पर्यटन रोडमैप तैयार किया गया है, जो लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ता है और साथ ही आर्थिक रूप से भी समृद्ध है। जब विकास की योजना सम्पदा, संस्कृति और परंपरा को केंद्र में रखकर बनाई जाती है, तो उसकी पहचान अपने आप उभरकर सामने आती है। उत्तर प्रदेश का पर्यटन मॉडल यही दिखाता है कि अपनी विरासत को संजोकर आगे बढ़ना ही स्थायी और प्रभावी विकास का रास्ता है।

नैमिषारण्य

काशी : अध्यात्म व आर्थिक गतिविधियों का केंद्र

वाराणसी निरंतर गति में बनी हुई परंपरा का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने यह नई परिभाषा गढ़ी है कि विरासत वाले शहरों को किस तरह अनुभव किया जाना चाहिए। नव निर्मित घाट, गंगा पर रिवर क्रूज, सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था, वेलनेस आधारित आध्यात्मिक अनुभव और बेहतर सार्वजनिक स्थलों ने मिलकर काशी को एक वैश्विक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित किया है। दिसंबर 2021 में उद्घाटन के बाद से, इस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अनुमानित रूप से 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान हुआ है। मात्र चार वर्षों में ही 28 करोड़ से अधिक श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। देव दीपावली जैसे उत्सव अब अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक पहचान बन चुके हैं, जहां अनुष्ठान, पर्यटन और सांस्कृतिक कूटनीति का सुंदर संगम देखने को मिलता है। देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से बढ़ती श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या काशी में स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है।

प्रयागराज: पवित्र त्रिवेणी संगम

प्रयागराज इस बात का प्रमाण है कि सही तरीके से संचालित विस्तृत कार्ययोजना बड़े पैमाने पर वैश्विक मानक स्थापित कर सकती है। त्रिवेणी संगम की भूमि और कुंभ व माघ मेलों की मेजबानी करने वाला यह शहर हर वर्ष औसतन चार करोड़ पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। केवल महाकुंभ 2025 में ही रिकॉर्ड 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने सहभागिता की, जो उत्तर प्रदेश के कुल पर्यटक आवागमन का लगभग एक-तिहाई है। प्रयागराज को विशेष बनाने वाली बात केवल आस्था नहीं, बल्कि उसकी प्रशासनिक क्षमता है। अस्थायी अवसंरचना, स्वच्छता, सुरक्षा, आवागमन और भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं ऐसे पैमाने पर की जाती हैं, जिनका दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। इससे आध्यात्मिक समागम एक अनुकरणीय आर्थिक मॉडल में बदल जाता है।



यात्रा अर्थव्यवस्था को गति देने वाली 'तीन पवित्र तीर्थ'

क्षेत्रीय जानकार अयोध्या, काशी और प्रयागराज को वह तीन पवित्र तीर्थ मानते हैं, जो उत्तर प्रदेश की तीर्थ यात्रा पर्यटन वृद्धि को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। आने वाले वर्षों में इन तीनों स्थलों पर प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या 10 लाख से अधिक होने का अनुमान है, जो दुनिया के कई प्रमुख धार्मिक केंद्रों से भी अधिक होगी। इस बढ़ती मांग को संभालने के लिए राज्य आध्यात्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ने वाले सड़क नेटवर्क में 4,560 करोड़ से अधिक का निवेश कर रहा है, ताकि निर्बाध, सुरक्षित और समावेशी पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

मंदिर अर्थव्यवस्था: व्यापक आर्थिक प्रभाव उत्पन्न करने का माध्यम

इतिहास पर गौर करें, तो मंदिर हमेशा से व्यापार, शिक्षा, कला और सामुदायिक जीवन के केंद्र रहे हैं। उत्तर प्रदेश का दृष्टिकोण इसी सभ्यतागत सच्चाई को पहचानता है। एक तीर्थयात्रा परिवहन, आतिथ्य, भोजन सेवाओं, स्थानीय गाइडों, कारीगरों, स्मृति-चिह्न बाजारों, वेलनेस सेवाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को गति देती है। खर्च किया गया हर रुपया कई हाथों से गुजरता है, जिससे व्यापक आर्थिक प्रभाव पैदा होता है और रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर सृजित होकर पलायन को भी कम करते हैं। आज के यात्री आराम, अर्थ और गहरे अनुभव की तलाश में हैं, ऐसे में आध्यात्मिक पर्यटन में नवाचार की संभावनाएं बेहद व्यापक हैं।

पर्यटन के क्षेत्र में यूपी की ऊंची उड़ान

पिछले लगभग नौ वर्षों में पर्यटकों की संख्या में 361% की वृद्धि के साथ उत्तर प्रदेश घरेलू यात्रियों का पसंदीदा पर्यटन गंतव्य बनकर उभरा है। प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या में काशी, प्रयागराज और अयोध्या जैसे पावन शहरों की भूमिका अहम है।



योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

ब्रज में बहती है उल्लास व उमंग की धारा

यह क्षेत्र पांच हजार वर्षों की प्राचीन इतिहास और भक्ति की परंपरा को समेटे हुए है। आज भी भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से श्रद्धालु यहां इसलिए उमड़ते हैं, क्योंकि मान्यता है कि श्रीकृष्ण के मूल्य और दिव्य आशीर्वाद इस पावन भूमि के हर कण में आज भी जीवित हैं। रंगोत्सव और जन्माष्टमी जैसे उत्सव अब वैश्विक पहचान बन चुके हैं, जो दुनियाभर से यात्रियों और इन्फ्लुएंसर्स को आकर्षित करते हैं।

आज ब्रज धार्मिक इन्फ्लुएंसर्स के लिए एक नया लॉन्चपैड बन चुका है, जहां डिवोशनल ब्रास रील्स, टेम्पल टूर और आध्यात्मिक कंटेंट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। यह क्षेत्र अब सिर्फ दर्शन तक सीमित नहीं रहा। यहां परिवार, कॉलेज के छात्र और युवा इन्फ्लुएंसर्स ऐसे अनुभवों की तलाश में आते हैं, जो आस्था के साथ-साथ रोमांच और एंटरटेनमेंट भी दे।

ब्रज में अब मंदिरों और परिक्रमा के अलावा पेराग्लाइडिंग, बोटिंग और प्रेम मंदिर में फाउंटेन शो जैसे आधुनिक आकर्षण भी हैं। बांके बिहारी मंदिर के आसपास रंग-बिरंगी पृष्ठभूमियों के बीच इन्फ्लुएंसर्स अपनी सोशल मीडिया की पोस्ट भर रहे हैं। घाटों पर झूले लगाए गए हैं, जहां लोग आराम से बैठकर योग देते हैं और अपने वृंदावन व्लॉग्स शूट करते हैं। मंदिरों के बाहर कॉन्स्टब्लम रेटल की दुकानों पर रात्रि स्कर्ट, पीली धोती, मोर मुकुट और बांसुरी की अच्छी-खासी बिक्री हो रही है। सड़कों पर जगह-जगह सेल्फी पॉइंट्स बन गए हैं, जो ब्रज को एक पारंपरिक तीर्थ से आधुनिक अनुभव स्थल में बदल रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

यूपी दिवस

जनवरी 24, 2026

विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन इस वर्ष 24 से 26 जनवरी तक हो रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की परिवर्तनकारी यात्रा और 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के विजन को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उत्सव है। जैसे-जैसे भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है, उत्तर प्रदेश सुधारों, अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार और जन-केंद्रित शासन के माध्यम से एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है।

सबसे अधिक एयरपोर्ट वाला राज्य
16 संचालित
08 निर्माणाधीन
05 अंतरराष्ट्रीय

सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य
07 संचालित
15 निर्माणाधीन

मेट्रो नेटवर्क में अग्रणी
6 शहरों में (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर और आगरा)

इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का गंतव्य
लगभग नौ वर्षों में निर्यात 3862 करोड़ रुपये से बढ़कर 44,744 करोड़ रुपये के पार38,000 रोजगार सृजित

सर्वाधिक एमएसएमई संख्या वाला राज्य
96 लाख एमएसएमई इकाइयां संचालित, देश के एमएसएमई हब के रूप में स्थापित

विश्वविद्यालयों की स्थापना
'एक मंडल, एक विश्वविद्यालय' की परिकल्पना, जिसके तहत प्रदेश के सभी 18 मंडलों में एक-एक विश्वविद्यालय सुनिश्चित किया गया है

ओडीओपी
ओडीओपी उत्पाद कार्यक्रम से हर जिले के उत्पादों को सुलभ इंटरनेशनल मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे स्थानीय उत्पादों को विशिष्टता मिल रही है

सर्वाधिक उत्पादन
प्रति वर्ष 400 लाख टन फल व सब्जियों का उत्पादन के साथ देश में नंबर 1 राज्य

निवेश गंतव्य
रक्षा क्षेत्र में 30,719 .98 हजार करोड़ रुपये प्रस्तावित निवेश, 50,000+ प्रस्तावित रोजगार

निर्यात में उछाल
पिछले लगभग नौ वर्षों में कुल निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ से अधिक हो गया है

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH8 User: vivek.kumar4 Time: 01-24-2026 22:21 Color:

उत्तर प्रदेश : देश की आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र

उत्तर प्रदेश एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जहां उसके पवित्र शहर अब आध्यात्मिक पर्यटन के जीवंत केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल जैसे शहर यात्रियों के लिए तीर्थयात्रा को नए आयाम दे रहे हैं। साथ ही, इससे अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है।

आस्था को मिली नई राह

उत्तर प्रदेश सरकार वाराणसी, अयोध्या और मथुरा में ऐतिहासिक, पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों के सुदृढ़ीकरण और पुनर्विकास के लिए 4,560 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करना भी है।

उत्तर प्रदेश देश के पर्यटन उद्योग को नए आयाम दे रहा है। पर्यटन संबंधी पहल जहां एक ओर प्रदेश को देश का प्रमुख गंतव्य बना रही हैं, वहीं आर्थिक समृद्धि भी प्रदान कर रही है। धार्मिक यात्रा के गंतव्यों को विकसित करते हुए यूपी मौजूदा धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सुव्यवस्थित करते हुए अपने विरासत को संरक्षित भी कर रहा है। आस्था, इतिहास और संस्कृति को केवल भावनात्मक धरोहर मानने की जगह यूपी इसे आर्थिक विकास से जोड़ रहा है। धार्मिक स्थलों का बेहतर प्रबंधन, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, संपर्क सुविधाओं में सुधार और स्थानीय रोजगार के अवसरों का सृजन इस रणनीति का अहम हिस्सा है।

अयोध्या और काशी से लेकर प्रयागराज, ब्रज, चित्रकूट और नैमिषारण्य तक, उत्तर प्रदेश ने प्राचीन आध्यात्मिक क्षेत्रों को आधुनिक, उच्च प्रभाव वाले ट्रैवल इकोसिस्टम में बदल दिया है, जहां विश्वास, अवसंरचना, आजीविका और अनुभव एक साथ चलते हैं। यह नवीनता पर आधारित पर्यटन नहीं है, बल्कि अपनापन और जुड़ाव से प्रेरित पर्यटन है।

पवित्र तीर्थों से रणनीतिक अर्थव्यवस्था तक

दशकों तक उत्तर प्रदेश के पास अपार आध्यात्मिक पूंजी थी, लेकिन पर्यटन के आर्थिक प्रदर्शन में वह पीछे रहा। श्रद्धालु आते थे, पर रुकते कम समय के लिए थे। विरासत मौजूद थी, लेकिन पहुंच, सुरक्षा और अनुभव की संरचना का अभाव था।

विरास के संरक्षण से बदल रही तस्वीर

राज्य ने कनेक्टिविटी, सुरक्षा, स्वच्छता, रिवरफ्रंट विकास, तीर्थयात्री सुविधाओं, शहरी नवीनीकरण आदि पर बड़े पैमाने पर निवेश किया है। अब पवित्र स्थल पहले से ज्यादा सुविधाजनक हो गए हैं। देश दुनिया से श्रद्धालु और पर्यटक इन गंतव्यों पर बार-बार आना चाहते हैं। वर्ष 2025-2026 के राज्य बजट में ही धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए लगभग 400 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें अयोध्या, मथुरा-वृंदावन और वाराणसी पर विशेष फोकस है। साथ ही, विंध्याचल, श्रावस्ती, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध केंद्रों को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि पर्यटन का लाभ और आर्थिक अवसर पूरे राज्य में समान रूप से फैल सकें। रणनीति साफ है, आस्था के जरिए पर्यटकों का आगमन होता है, जिससे स्थानीय आजीविका को बल मिलता है। यह विरासत के संरक्षण का भी माध्यम बनता है।

प्रमुख केंद्रों के अतिरिक्त अन्य पर्यटन आकर्षण का प्रादुर्भाव

आध्यात्मिक केंद्रों के तौर पर अब अन्य स्थल भी उभर रहे हैं। नैमिषारण्य, जो सबसे पुराने पुराणिक तीर्थों में से एक है; चित्रकूट, जो रामायण से जुड़ा है; विंध्याचल, जहां विख्यात विंध्यवासिनी शक्तिपीठ स्थित है; और प्रयागराज, जो संगम और माघ मेले के लिए प्रसिद्ध है, इन सभी पर सरकार सड़क सुधार, ईको-टूरिज्म सर्किट और आवास परियोजनाओं के माध्यम से विशेष ध्यान दे रही है।

ये सभी आध्यात्मिक केंद्र मिलकर भक्ति को सांस्कृतिक अनुभव, नदी पुनर्जीवन और विरासत संरक्षण से जोड़ते हैं और उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे प्रगतिशील और समग्र आध्यात्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

PICTURE: ADMINISTRATIVE UP GOVT

अयोध्या: सांस्कृतिक पुनर्जागरण से बना वैश्विक आध्यात्मिक गंतव्य

आज की अयोध्या इस बात का सबसे सशक्त उदाहरण है कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आधुनिक शासन एक साथ कैसे आगे बढ़ सकते हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के केंद्र में विकसित यह नगर अब वैश्विक आध्यात्मिक गंतव्य बन चुका है, जिसे नया एयरपोर्ट, आतिथ्य क्षमता, रिवरफ्रंट विकास, तीर्थ सर्किट और आधुनिक सार्वजनिक सुविधाएं समर्थन देती हैं। 2023 में, मंदिर के पूर्ण होने से पहले ही, अयोध्या में 5.75 करोड़ श्रद्धालु आए। उद्घाटन के बाद 2024 में यह संख्या 16 करोड़ से अधिक हो गई। 2025 के केवल पहले छह महीनों में ही 23 करोड़ से अधिक भक्तों ने अयोध्या में दर्शन किए।

अयोध्या का परिवर्तन यह दर्शाता है कि सुनियोजित और व्यापक स्तर पर किया गया आस्था-आधारित पर्यटन शहरी नवीनीकरण, एमएसएमई, परिवहन सेवाओं, हस्तशिल्प और रोजगार को बढ़ावा दे सकता है, यह भी आध्यात्मिक मूल्यों से समझौता किए बिना।



नैमिषारण्य और चित्रकूट : तीर्थ पर्यटन के उभरते नवीनतम शक्ति केन्द्र



तुलसी जलप्रपात (शबरी), चित्रकूट

वर्ष 2025 में नैमिषारण्य में श्रद्धालुओं की संख्या दोगुनी होकर 2 करोड़ से अधिक पहुंच गई। इसका मुख्य कारण बेहतर बुनियादी ढांचा है, जिसमें हेलीपोर्ट, पुनर्विकसित स्नान घाट और नई यात्री सुविधाएं शामिल हैं।

यह वही चित्रकूट है, जिसे रामायण काल का पावन वन क्षेत्र माना जाता है और जहां भगवान श्री राम ने लगभग 11 वर्ष वनवास में बिताए। आज यह नए स्वरूप में विकसित हो रहा है। यहां नदी तट विकास, बेहतर ठहराव सुविधाएं और पहाड़ी मंदिरों तक पहुंच के लिए विश्वस्तरीय रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। इन दोनों स्थलों पर बढ़ता ध्यान उन्हें उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी तीर्थ और वेलनेस पर्यटन योजना का अहम केंद्र बना रहा है, जहां आस्था के साथ सुविधा और अनुभव को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

अन्य राज्यों के लिए उदाहरण

यूपी में पर्यटन का विकास दिखावे पर नहीं, बल्कि मजबूत और ठोस व्यवस्था पर आधारित है। राज्य ने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का सम्मान करते हुए उन्हें व्यवस्थित किया है। इसी सोच के साथ एक ऐसा पर्यटन रोडमैप तैयार किया गया है, जो लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ता है और साथ ही आर्थिक रूप से भी समृद्ध है। जब विकास की योजना सम्पदा, संस्कृति और परंपरा को केंद्र में रखकर बनाई जाती है, तो उसकी पहचान अपने आप उभरकर सामने आती है। उत्तर प्रदेश का पर्यटन मॉडल यही दिखाता है कि अपनी विरासत को संजोकर आगे बढ़ना ही स्थायी और प्रभावी विकास का रास्ता है।

नैमिषारण्य

काशी : अध्यात्म व आर्थिक गतिविधियों का केंद्र

वाराणसी निरंतर गति में बनी हुई परंपरा का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने यह नई परिभाषा गढ़ी है कि विरासत वाले शहरों को किस तरह अनुभव किया जाना चाहिए। नव निर्मित घाट, गंगा पर रिवर क्रूज, सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था, वेलनेस आधारित आध्यात्मिक अनुभव और बेहतर सार्वजनिक स्थलों ने मिलकर काशी को एक वैश्विक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित किया है। दिसंबर 2021 में उद्घाटन के बाद से, इस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अनुमानित रूप से 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान हुआ है। मात्र चार वर्षों में ही 28 करोड़ से अधिक श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। देव दीपावली जैसे उत्सव अब अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक पहचान बन चुके हैं, जहां अनुष्ठान, पर्यटन और सांस्कृतिक कूटनीति का सुंदर संगम देखने को मिलता है। देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से बढ़ती श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या काशी में स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है।

प्रयागराज: पवित्र त्रिवेणी संगम

प्रयागराज इस बात का प्रमाण है कि सही तरीके से संचालित विस्तृत कार्ययोजना बड़े पैमाने पर वैश्विक मानक स्थापित कर सकती है। त्रिवेणी संगम की भूमि और कुंभ व माघ मेलों की मेजबानी करने वाला यह शहर हर वर्ष औसतन चार करोड़ पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। केवल महाकुंभ 2025 में ही रिकॉर्ड 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने सहभागिता की, जो उत्तर प्रदेश के कुल पर्यटक आवागमन का लगभग एक-तिहाई है। प्रयागराज को विशेष बनाने वाली बात केवल आस्था नहीं, बल्कि उसकी प्रशासनिक क्षमता है। अस्थायी अवसंरचना, स्वच्छता, सुरक्षा, आवागमन और भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं ऐसे पैमाने पर की जाती हैं, जिनका दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। इससे आध्यात्मिक समागम एक अनुकरणीय आर्थिक मॉडल में बदल जाता है।



यात्रा अर्थव्यवस्था को गति देने वाली 'तीन पवित्र तीर्थ'

क्षेत्रीय जानकार अयोध्या, काशी और प्रयागराज को वह तीन पवित्र तीर्थ मानते हैं, जो उत्तर प्रदेश की तीर्थ यात्रा पर्यटन वृद्धि को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। आने वाले वर्षों में इन तीनों स्थलों पर प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या 10 लाख से अधिक होने का अनुमान है, जो दुनिया के कई प्रमुख धार्मिक केंद्रों से भी अधिक होगी। इस बढ़ती मांग को संभालने के लिए राज्य आध्यात्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ने वाले सड़क नेटवर्क में 4,560 करोड़ से अधिक का निवेश कर रहा है, ताकि निर्बाध, सुरक्षित और समावेशी पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

मंदिर अर्थव्यवस्था: व्यापक आर्थिक प्रभाव उत्पन्न करने का माध्यम

इतिहास पर गौर करें, तो मंदिर हमेशा से व्यापार, शिक्षा, कला और सामुदायिक जीवन के केंद्र रहे हैं। उत्तर प्रदेश का दृष्टिकोण इसी सभ्यतागत सच्चाई को पहचानता है। एक तीर्थयात्रा परिवहन, आतिथ्य, भोजन सेवाओं, स्थानीय गाइडों, कारीगरों, स्मृति-चिह्न बाजारों, वेलनेस सेवाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को गति देती है। खर्च किया गया हर रुपया कई हाथों से गुजरता है, जिससे व्यापक आर्थिक प्रभाव पैदा होता है और रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर सृजित होकर पलायन को भी कम करते हैं। आज के यात्री आराम, अर्थ और गहरे अनुभव की तलाश में हैं, ऐसे में आध्यात्मिक पर्यटन में नवाचार की संभावनाएं बेहद व्यापक हैं।

पर्यटन के क्षेत्र में यूपी की ऊंची उड़ान

पिछले लगभग नौ वर्षों में पर्यटकों की संख्या में 361% की वृद्धि के साथ उत्तर प्रदेश घरेलू यात्रियों का पसंदीदा पर्यटन गंतव्य बनकर उभरा है। प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या में काशी, प्रयागराज और अयोध्या जैसे पावन शहरों की भूमिका अहम है।



योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

ब्रज में बहती है उल्लास व उमंग की धारा

यह क्षेत्र पांच हजार वर्षों की प्राचीन इतिहास और भक्ति की परंपरा को समेटे हुए है। आज भी भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से श्रद्धालु यहां इसलिए उमड़ते हैं, क्योंकि मान्यता है कि श्रीकृष्ण के मूल्य और दिव्य आशीर्वाद इस पावन भूमि के हर कण में आज भी जीवित हैं। रंगोत्सव और जन्माष्टमी जैसे उत्सव अब वैश्विक पहचान बन चुके हैं, जो दुनियाभर से यात्रियों और इन्फ्लुएंसर्स को आकर्षित करते हैं।

आज ब्रज धार्मिक इन्फ्लुएंसर्स के लिए एक नया लॉन्चपैड बन चुका है, जहां डिवोशनल ब्रास रील्स, टेम्पल टूर और आध्यात्मिक कंटेंट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। यह क्षेत्र अब सिर्फ दर्शन तक सीमित नहीं रहा। यहां परिवार, कॉलेज के छात्र और युवा इन्फ्लुएंसर्स ऐसे अनुभवों की तलाश में आते हैं, जो आस्था के साथ-साथ रोमांच और एंटरटेनमेंट भी दे।

ब्रज में अब मंदिरों और परिक्रमा के अलावा पेराग्लाइडिंग, बोटिंग और प्रेम मंदिर में फाउंटेन शो जैसे आधुनिक आकर्षण भी हैं। बांके बिहारी मंदिर के आसपास रंग-बिरंगी पृष्ठभूमियों के बीच इन्फ्लुएंसर्स अपनी सोशल मीडिया की पोस्ट भर रहे हैं। घाटों पर झूले लगाए गए हैं, जहां लोग आराम से बैठकर योग देते हैं और अपने वृंदावन व्लॉग्स शूट करते हैं। मंदिरों के बाहर कॉन्स्टब्लम रेटल की दुकानों पर रात्रि स्कर्ट, पीली धोती, मोर मुकुट और बांसुरी की अच्छी-खासी बिक्री हो रही है। सड़कों पर जगह-जगह सेल्फी पॉइंट्स बन गए हैं, जो ब्रज को एक पारंपरिक तीर्थ से आधुनिक अनुभव स्थल में बदल रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

यूपी दिवस

जनवरी 24, 2026

विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन इस वर्ष 24 से 26 जनवरी तक हो रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की परिवर्तनकारी यात्रा और 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के विजन को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उत्सव है। जैसे-जैसे भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है, उत्तर प्रदेश सुधारों, अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार और जन-केंद्रित शासन के माध्यम से एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है।

सबसे अधिक एयरपोर्ट वाला राज्य
16 संचालित
08 निर्माणाधीन
05 अंतरराष्ट्रीय

सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य
07 संचालित
15 निर्माणाधीन

मेट्रो नेटवर्क में अग्रणी
6 शहरों में (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर और आगरा)

इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का गंतव्य
लगभग नौ वर्षों में निर्यात 3862 करोड़ रुपये से बढ़कर 44,744 करोड़ रुपये के पार38,000 रोजगार सृजित

सर्वाधिक एमएसएमई संख्या वाला राज्य
96 लाख एमएसएमई इकाइयां संचालित, देश के एमएसएमई हब के रूप में स्थापित

विश्वविद्यालयों की स्थापना
'एक मंडल, एक विश्वविद्यालय' की परिकल्पना, जिसके तहत प्रदेश के सभी 18 मंडलों में एक-एक विश्वविद्यालय सुनिश्चित किया गया है

ओडीओपी
ओडीओपी उत्पाद कार्यक्रम से हर जिले के उत्पादों को सुलभ इंटरनेशनल मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे स्थानीय उत्पादों को विशिष्टता मिल रही है

सर्वाधिक उत्पादन
प्रति वर्ष 400 लाख टन फल व सब्जियों का उत्पादन के साथ देश में नंबर 1 राज्य

निवेश गंतव्य
रक्षा क्षेत्र में 30,719 .98 हजार करोड़ रुपये प्रस्तावित निवेश, 50,000+ प्रस्तावित रोजगार

निर्यात में उछाल
पिछले लगभग नौ वर्षों में कुल निर्यात 86 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ से अधिक हो गया है

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMA10 User: cci Time: 01-24-2026 23:48 Color:

नोएडा के सेक्टर-150 में 17 जनवरी को इंजीनियर युवराज मेहता की हुई थी मौत

नोएडा अथॉरिटी के तत्कालीन CEO को हादसे के अगले दिन वेटिंग में डाल दिया था

एक इंजीनियर की मौत

कागज़ों में 'ऐक्शन' ज़मीन पर 'सन्नाटा'

600 पेजों की रिपोर्ट पुलिस व नोएडा अथॉरिटी ने SIT को दी है केस में, इसमें 150 पेज की रिपोर्ट अथॉरिटी की है, जबकि पुलिस की रिपोर्ट 450 पेज की

दोनों की रिपोर्ट के बावजूद ज़मीनी सवाल जस के तस हैं

रिपोर्ट में घटनाक्रम, कार्रवाई, ड्यूटी रोस्टर जैसी डिटेल | 10 अहम बिंदुओं पर नए सिरे से जवाब तलब किए गए | SIT ने चश्मदीद मुनेंद्र और उसके परिवार के भी बयान लिए | प्लॉट में कब से पानी था, किस अफसर को जानकारी थी, ये भी पूछा

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

इंजीनियर युवराज की मौत के मामले की जांच कर रही एसआईटी को नोएडा अथॉरिटी और पुलिस ने अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अथॉरिटी ने करीब 150 व पुलिस ने 450 पेज की रिपोर्ट में सारे फैक्ट शामिल किए हैं। रिपोर्ट में घटनाक्रम, कार्रवाई, ड्यूटी रोस्टर, कंट्रोल रूम रेकॉर्ड, कॉल डिटेल, रेस्पॉन्स टाइम को रखा गया है। हालांकि इस भारी-भरकम रिपोर्ट के बावजूद ज़मीनी सवाल जस के तस हैं। चश्मदीद मुनेंद्र व उसके परिवार को भी एसआईटी ने बुलाया था। उनके भी बयान दर्ज किए गए हैं। नोएडा सेक्टर-150 हादसे की तह तक जाने में जुटी एसआईटी शनिवार को भी नोएडा अथॉरिटी में डेरा डाले रही। टीम अथॉरिटी में करीब छह घंटे तक रही। अधिकारियों से हादसे से जुड़े सवालों के जवाब मांगे गए। दोपहर में शुरू हुई यह प्रक्रिया देर शाम तक चलती रही। पहले दिन के जवाबों को अधूरा बताते हुए एसआईटी ने प्लॉट आवंटन से लेकर पूर्व और वर्तमान में तैनात अधिकारियों की भूमिका जाननी चाही। करीब 10 अहम बिंदुओं पर नए सिरे से जवाब तलब किए गए। एसआईटी ने प्लॉट में कब से पानी भरने और किस अधिकारी को इसकी जानकारी थी। तत्कालीन इंजीनियरिंग, प्रोजेक्ट और सुरक्षा से जुड़े अफसरों की जिम्मेदारी पर भी सवाल जवाब किए गए। वहीं, पावर विभाग ने घटना स्थल और कार निकालने के दौरान के फोटोग्राफ एसआईटी को सौंपे हैं। टीम इन साक्ष्यों का तकनीकी विश्लेषण भी कर सकती है। इसके अलावा नोलेज पार्क पुलिस के फिर से बयान हुए हैं।



एक-दो दिन में सरकार को सौंप सकती है रिपोर्ट

एसआईटी को अथॉरिटी और पुलिस की रिपोर्ट मिलने के बाद इस पर आगे की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। रिपोर्ट में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका का ब्योरा शामिल होने का दावा किया गया है। एसआईटी अब रिपोर्टों का विश्लेषण कर रही है। एसआईटी जल्द प्राथमिक रिपोर्ट सौंपेगी। इसके एक-दो दिन में फाइनल रिपोर्ट सरकार को सौंपी जा सकती है। यह भी दावा किया जा रहा है कि एसआईटी लापरवाही पर अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

चश्मदीद के बयान बढ़ाएंगे अफसरों की परेशानी

एसआईटी ने शनिवार को घटना के चश्मदीद मुनेंद्र और उसके परिवार को नोएडा अथॉरिटी बुला लिया। पूरे परिवार से एसआईटी ने बातचीत की। मुनेंद्र ने घटना के समय मौके पर हालात कैसे थे, उसकी जानकारी दी। किस तरह से वहां प्रशासनिक टीमें पहुंचीं और अपना काम शुरू किया। पूरी ब्योरा सिलसिलेवार बताया। कार किस तरह से नाले के पार गई और वह कैसे पानी के अंदर गया। रेस्क्यू का काम कब शुरू हुआ। इन सभी सवालों के जवाब लिए गए। सूत्रों का कहना है कि चश्मदीद के बयान कई अधिकारिक दावों से टकरा रहे हैं। इससे अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चश्मदीद का कहना है कि काफी देर तक प्रभावी मदद नहीं मिली। उसका यह दावा विभागी के दावों से उलट है।

डिलिवरी बॉय मुनेंद्र और उसके परिवार से भी की बात

आप बताएं क्या है उपाय

ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए। अपनी राय हमें **9220747220** पर वट्सऐप कीजिए।

युवराज मेहता की मौत पर खुलकर बोले लोग

'दोषियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई'

सेक्टर-150 मे हुए दर्दनाक हादसे मे इंजिनियर युवराज की मौत ने सिस्टम की खामियो और प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े किए है। **NBT** ने रीडर्स से सुझाव मांगे कि ऐसे हादसो को भविष्य मे कैसे रोका जा सकता है। इसके जवाब मे बड़ी संख्या मे रीडर्स ने अपनी राय और सुझाव भेजे।

ऐसे हादसे रोकने के लिए रोड डिजाइन और सेफ्टी ऑडिट को लागू करना चाहिए। अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी गलती न हो सके। **-करन झा**

इंजिनियर युवराज मेहता को सीधे हेलीकॉप्टर से सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता था। भविष्य में किसी ऐसी अनहोनी की तैयारी में हेलीकॉप्टर को भी शामिल करने की जरूरत है। **-दीपक वाधवानी**

जिस पिता ने अपना बेटा खोया है, उसकी भरपाई संभव नहीं। अब इस मामले में लापरवाही बरतने वाले सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सस्पेंड किया जाना चाहिए **-एनबीटी रीडर**

सरकार और सिविक एजेंसियों को हर इलाके में वॉलंटियर्स नियुक्त करने चाहिएं, जो विशेष रूप से बनाए गए सोशल मीडिया ग्रुप पर रिपोर्ट और फोटो भेजे, ताकि तुरंत दोषियों पर कार्रवाई हो सके। **-एनबीटी रीडर**

साइट पर उचित बैरीकेडिंग नहीं की गई, जिससे युवराज की जान चली गई। यह घटना अवैध खनन को भी उजागर करती है, जो प्रशासन की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। सभी जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए। **-पैथर तोमर, दिल्ली**

जहां गहरे बेसमेंट की अनुमति दी जाती है, वहां नाव, रस्सी, लाइफ जैकेट और गोताखोरों की व्यवस्था जरूर हो। बरसात में इन प्रबंधों की जांच जरूरी है। **-डॉ. सुशील शर्मा, शाहदरा (दिल्ली)**

सेक्टर-150 जैसे ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित कर वहां ब्रेकर, ऊंची दीवारें लगाने की जरूरत है। हर जिले में आधुनिक संसाधनों से लैस एक आपदा सेल भी होनी चाहिए। **-एनबीटी रीडर**

ग्रेटर नोएडा में विकट्री वन सेटूल सोसायटी में भी इसी तरह का खुला गड्ढा है, जो तालाब बन चुका है। कई शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई हो। **-एनबीटी रीडर**

भारत में हादसे रोज होते हैं, पर जिम्मेदारी तय नहीं होती। भ्रष्टाचार के कारण आम आदमी की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। **-एनबीटी रीडर**

जब तक जिम्मेदार अधिकारियों पर केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। **-रमेश**

कृष्णा करुणेश 2011 बैच के आईएएस अफसर है

कृष्ण करुणेश NOIDA के प्रभारी सीईओ बने

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

■ अथॉरिटी में ही बतौर एसीईओ तैनात है, फिलहाल सीईओ का काम देख रहे

■ वह गोरखपुर, हापुड़ और बलरामपुर में डीएम रह चुके है

सेक्टर-150 की घटना के बाद नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम को हटाकर वेटिंग में डाल दिया गया था। इसी बीच शनिवार को नोएडा अथॉरिटी में ही तैनात एसीईओ कृष्ण करुणेश को शासन ने प्रभारी सीईओ की जिम्मेदारी दे दी है। इससे पहले वह गोरखपुर में डीएम रह चुके हैं। कुछ महीने पहले ही नोएडा अथॉरिटी में एसीईओ के पद पर उनका ट्रांसफर हुआ था। 15 साल का रेकॉर्ड देखें तो यहां सीईओ की कुर्सी से किसी का ट्रांसफर बिना किसी विवाद के नहीं हुआ है। प्रभारी सीईओ रहते हुए वह बहुत लंबे समय तक भी इस जिम्मेदारी को संभाल सकते हैं और कभी भी किसी नए सीईओ की तैनाती भी की जा सकती है या उन्हें ही सीईओ का लेटर दिया जा सकता है। कृष्ण करुणेश 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। आईएएस कृष्ण करुणेश एमए, एलएलबी हैं और उनकी गिनती तेज तर्रार आईएएस अधिकारी में की जाती है। वह गाजियाबाद में एसडीएम और सीडीओ के पद पर भी रह चुके हैं। इसके साथ ही हापुड़ व बलरामपुर में डीएम और कुशीनगर जिले में जॉइंट मैजिस्ट्रेट के पद पर भी रह चुके हैं।

मुझे कुछ महीने पहले ही यहां ACEO की जिम्मेदारी मिली थी। जो नई जिम्मेदारी मिली है, उसमे बेस्ट देने की कोशिश रहेगी। -कृष्ण करुणेश

जो रेस्क्यू में हुए थे फेल, वे अब लगवा रहे मुनेंद्र के सम्मान पर ब्रेक

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

डिलिवरी बॉय मुनेंद्र

■ शनिवार को प्रस्तावित सम्मान समारोह को अचानक रद्द कर दिया गया

■ डीडी आरडब्ल्यूए ने कहा कि उनके पास पुलिस की कॉल आई थी और मुनेंद्र को अपराधी बताया था। हालांकि वे बाद में उसे सम्मानित करेंगे

नोएडा: सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता के कार सहित बेसमेंट के गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने की घटना के दौरान बचाव के लिए पानी में उतरने वाले मुनेंद्र को सम्मानित करने की घोषणा करने वाले सामाजिक संगठन अब बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। शनिवार को प्रस्तावित सम्मान समारोह को अचानक रद्द कर दिया गया। इस फैसले के पीछे दबाव की बात सामने आ रही है। डिस्ट्रिक्ट डिवेलपमेंट रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन (डीडी आरडब्ल्यूए) ने कहा है कि उनके पास पुलिस की कॉल आई थी और मुनेंद्र को अपराधी बताया था। हालांकि वे बाद में उसे सम्मानित जरूर करेंगे। डीडी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमपी सिंह ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी कर मुनेंद्र को देश का हीरो बताया था। साथ ही कहा था कि वे जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर मुनेंद्र को 24 जनवरी को सम्मानित करेंगे। सम्मान नोएडा के सेक्टर-51 के बरातघर में होना था। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी से मांग भी की थी कि मुनेंद्र को 26 जनवरी पर वे सम्मानित करें। साथ ही उसे प्रताड़ित न करने की अपील की थी। एमपी सिंह ने एनबीटी को बताया कि उन्हें पुलिस की ओर से कॉल आई थी, जिसमें कहा गया कि मुनेंद्र असराधी प्रवृत्ति का है। उसे सम्मानित करने से बचा जाए। हालांकि एमपी सिंह ने तर्क दिया है कि कार्यक्रम पुलिस के दबाव में रद्द नहीं किया गया है, बल्कि सोसायटी के कई लोग छुट्टियों के कारण बाहर गए हुए हैं। इसके लिए 27 जनवरी को सम्मानित करने का फैसला लिया जाएगा।

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी से जुड़े समाजसेवी विकास नंदन प्रधान ने साफ कहा है कि वे किसी दबाव से डरने वाले नहीं हैं। मुनेंद्र ने जिस साहस का परिचय दिया, वह काबिले-तारीफ है और वे जल्द ही उसे सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि घटना के समय प्रशासनिक अमला बेबस नजर आया, जबकि मुनेंद्र ने जान जोखिम में डालकर तेज और गंदे पानी में उतरकर युवराज को बचाने की कोशिश की।

वहीं मुनेंद्र खुद इन दिनों डरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बिल्डर से जुड़े कुछ लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं। हालत ऐसे हो गए हैं कि उन्हें अपना डिलिवरी बॉय का काम भी फिलहाल छोड़ना पड़ा है। इसी बीच कुछ लोगों ने मुनेंद्र और उसके भाई पर पहले से दर्ज मारपीट और अन्य मामलों को बदल कर उसे कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। लोग साक्ष्य उठा रहे हैं कि क्या पुलिस खुद कुछ लोगों को मुनेंद्र का आपराधिक रेकॉर्ड उपलब्ध करा रही है, ताकि उसकी छवि खराब की जा सके? लोगों का कहना है कि भले ही मुनेंद्र पर पुराने मामले दर्ज हों, लेकिन युवराज केस में उसने जो किया, उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। जब पूरा प्रशासनिक तंत्र संसाधनों और रणनीति के अभाव में असहाय था, तब मुनेंद्र ही बिना किसी सुरक्षा उपकरण के पानी में उतरा और बचाव का प्रयास किया।

न्यूज़ीलैंड में जॉब का विडियो देख ठगों के जाल में फंस गए

Shanker.Singh@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली:** ड्राइवर की जॉब करने वाले एक शख्स ने यू-ट्यूब में एक विडियो देखा। ये न्यूजीलैंड में ड्राइवर की नौकरी का विज्ञापन था, जिसमें मोटी सैलरी के सब्जबाग दिखाए गए थे। वह झांसे में आ गए और विडियो में बताए गए एड्रेस पर पहुंच गए। इसके बाद किसी न किसी मद में उनसे रकम ली जाती रही, जो तीन लाख तक पहुंच गई। आखिर में उन्हें फ्लाइट की फर्जी टिकट थमा दी गई। खुलासा होने पर वह कंपनी के ऑफिस पहुंचे तो वहां ताला लगा मिला। कई पीड़ित वहां पहुंचे हुए थे, जिनसे लाखों रुपये की ठगी हुई थी।

फ्लाइट की फर्जी टिकट थमाई, ऑफिस गए तो आरोपी हो चुके थे फरार

आरोपियों पर EOW ने दर्ज किया केस

पुलिस जांच में पता चला कि इस ठगी को सरिता विहार में कंपनी का ऑफिस खोलकर मई 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच अंजाम दिया गया। पीड़ितों ने सरिता विहार थाने में इसकी शिकायत दी। लाखों रुपये की ठगी और पीड़ितों की संख्या ज्यादा होने पर इसे आर्थिक अपराध शाखा (EOW) में ट्रांसफर कर दिया गया। शुरुआती जांच के बाद 20 जनवरी को ठगी और जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फोन नंबरों और बैंक खातों के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।

विकासपुरी निवासी पीड़ित दिनेश चंद ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2025 में यूट्यूब पर मोबिफ्लाई ट्रैवल्स सर्विसेज का विडियो देखा, जिसमें न्यूजीलैंड में टैक्सी चलाकर अच्छी कमाई का दावा किया गया था। ऑफिस नजीला स्थित लिविंग स्टाइल मॉल में बताया गया था। ऑफिस के स्टाफ ने उन्हें तीन लाख में न्यूजीलैंड भेजने का भरोसा दिया। मेडिकल के नाम पर 31 जुलाई 2025 को पासपोर्ट जमा करवाया। कंपनी के खाते में 50 हजार जमा करवाए। सितंबर 2025 में वीजा भेज बाकी 2.5 लाख में जमा करवा लिए।

कंपनी की तरफ से 26 सितंबर 2025 को पासपोर्ट, वीजा और 6 अक्टूबर 2025 को फ्लाइट की टिकट दी गई। जब टिकट की जांच कराई गई तो वो फर्जी निकली। पीड़ित 6 अक्टूबर को कंपनी के ऑफिस पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। मॉल मैनेजमेंट से पता चला कि कंपनी 1-2 अक्टूबर को ऑफिस खाली कर चुकी है। आरोपियों के फोन नंबर भी बंद हो चुके थे। इसी कंपनी की ठगी के शिकार हुए दिल्ली, यूपी, बिहार और गुजरात के कई पीड़ित भी वहां आए थे। इनसे 90 हजार रुपये से लेकर तीन लाख रुपये की ठगी हुई थी।

क्राइम ब्रांच ने किया 300 करोड़ के ट्रेडिंग फ्रॉड का भंडाफोड़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए देशभर में 300 करोड़ से ज्यादा ठगी करने वाले इंटर स्टेट सिंडिकेट का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। फर्जी वेबाइल ऐप्स और टेलिग्राम ग्रुप के जरिए निवेशकों को मोटे मुनाफे का झांसा देकर इस ठगी को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बिजनौर मंडल, आशीष अग्रवाल, राजीव शह और शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया। इनसे 39 फोन, 258 सिम कार्ड, चार लैपटॉप, डेबिट कार्ड, चेक बुक, बैंकिंग और केवाईसी दस्तावेज जब्त किए हैं। करीब 19 लाख रुपये की रकम भी फ्रीज की गई है।

डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, यह गिरोह वट्सऐप, टेलिग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक ग्रुप के जरिए गारंटेड हाई रिटर्न वाले फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग विज्ञापनों से जाल फेंकते थे। पीड़ितों को विभिन्न टेलिग्राम ग्रुप में जोड़ा जाता था। फिर फर्जी ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करा एक फर्जी डैशबोर्ड पर मुनाफा दिखाया जाता था। शुरुआत में छोटी रकम लौटाकर भरोसा कायम किया जाता था, जिसके बाद बड़ी राशि निवेश कराने के लिए दबाव डाला जाता था।

आशिष में टैक्स, फीस या एक्टिवेशन चार्ज के नाम पर अतिरिक्त भुगतान की मांग की जाती थी। इसके बाद रकम को हड़प लिया जाता था। इस गिरोह का ऑपरेशन म्यूल बैंक खातों के जरिए किया जा रहा था, जो फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले जाते थे। इनके डेबिट कार्ड, चेक बुक और सिम कार्ड साइबर अपराधियों को मुहैया कराते थे। इन खातों से RTGS और कैश से ठगी की रकम इधर-उधर की जाती थी। टेक्निकल सर्विलांस और मनी ट्रेल के जरिए पुलिस ने 29 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर 1 जनवरी 2026 को आशीष अग्रवाल को कोलकाता के एक होटल से दबोचा गया। इससे पूछताछ में पता चला कि राजीव शह लखनऊ भाग गया था, जिसे 6 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य आरोपी शुभम शर्मा को कोलकाता से धर लिया गया। आरोपियों ने बताया कि पूरे नेटवर्क के तार कंबोडिया में बैठे ऑपरेटरों से जुड़े हैं, जो क्रिप्टोकरेंसी के जरिए लेन-देन को संभालते थे।

मेट्रो में 20 लाख की जूलरी चोरी में स्टूडेंट को पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली। कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर जूलरी बैग चोरी के मामले में पुलिस ने बीएससी फर्स्ट ईयर की एक स्टूडेंट को पकड़ जूलरी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार, 22 जनवरी को कश्मीरी गेट मेट्रो थाना में चोरी का केस दर्ज किया था। चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के सीसीटीवी में एक युवती जूलरी बैग लेकर मिलेनियम सिटी सेंटर की ओर जाती दिखी। फिर नोएडा सेक्टर-52 स्टेशन से निकली। युवती की पहचान कर उसे पकड़ लिया गया। जिसकी पहचान हिना के रूप में हुई। युवती ने पुलिस को बताया कि वह चांदनी चौक में चचेरे भाई की शादी की खरीदारी के लिए परिवार संग आई थी। बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान गलती से अपने सामान के साथ दूसरा बैग उठा लिया था।

पीटा, विडियो बना बेइज्जत किया, हॉस्टल से कूदा छात्र

ग्रेटर नोएडा में बीटेक के स्टूडेंट ने दी जान

NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

उदित सोनी

नॉलेज पार्क-3 मे शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे एक हॉस्टल मे रहने वाले बीटेक सेकेंड ईयर के छात्र ने चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि छात्र के साथ मारपीट करने वाला हॉस्टल प्रबंधन घटना के बाद उसे छोड़कर फरार हो गया। करीब आधा घंटे बाद मौके पर पहुंचे छात्रों ने घायल को शारदा अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि हॉस्टल प्रबंधन की मारपीट, अवैध जुर्माना वसूली और परिजनों से शिकायत के बाद छात्र मानसिक रूप से टूट गया था। घटना के बाद गुस्साए छात्रों ने सड़कों पर जमकर हंगामा किया और कई हॉस्टलों और 10 से अधिक बसों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

उदित सोनी (झांसी) ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बीटेक सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहे थे। वह इकलौता बेटा है, उसकी एक बहन है। वह नॉलेज पार्क के एक निजी हॉस्टल में रहता था। बताया जा रहा है कि उदित शुक्रवार रात अपने तीन दोस्तों के साथ शराब पीकर हॉस्टल पहुंचा था। हॉस्टल प्रबंधन ने शराब पीकर आने पर 10 हजार रुपये जुर्माना मांगा। उदित ने हॉस्टल प्रबंधन को दस हजार रुपये दे दिए। हालांकि पैसों को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि हॉस्टल प्रबंधन ने इसकी शिकायत उदित के घरवालों से की। उसका डिजिटल बनाकर भी घरवालों को भेज दिया। उदित के साथ पार्टी करके लौटे हर्षित और चेतन ने बताया कि इसका विरोध करने पर पांच से अधिक लोगों ने उदित के साथ डंडों से मारपीट की। बचाव में आने पर उनके साथ भी मारपीट की गई। डंडे के निशान उनके शरीर पर भी हैं।

बैंक्विट हॉल के किचन में गैस लीकेज से लगी आग, 4 झुलसे

■ NBT रिपोर्ट, आनंद नगर : आनंद नगर में द मेराकी बैंक्वेट हॉल की रसोई में धमाके के साथ आग लग गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, रसोई में काम कर रहे चार से पांच लोग आग की फ्रंट में आने से झुलस गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में पता चला कि गैस लीकेज के कारण पूरी रसोई में फैली हुई थी। जैसे ही चूल्हा जलाने की कोशिश की गई, तभी पूरी रसोई में आग फैल गई।

एडिशनल सीपी नीरज सिंह के मुताबिक शनिवार को दोपहर करीब 12:50 बजे बड़ा बाग के मेराकी बैंक्वेट हॉल में आग लगने की घटना के बारे में आनंद नगर पुलिस को एक PCR कॉल मिली थी। तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया।

उपहार कांड: पासपोर्ट केस में सुशील पर आरोप तय

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को उपहार अग्निकांड के दोषी सुशील अंसल के खिलाफ एक अलग मामले में औपचारिक रूप से आरोप तय किए। अंसल के खिलाफ आपराधिक मामले को छिपाने और पासपोर्ट रिन्यू कराने के लिए झूठा डिक्लेरेशन पेश करने के आरोप तय किए गए हैं।

पासपोर्ट रिन्यू के लिए झूठा डिक्लेरेशन पेश करने के आरोप तय

पिछले साल दिसंबर में अदालत ने अंसल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 177 (लोक सेवक को गलत जानकारी देना) और 181 (शपथ पर झूठा बयान देना) और पासपोर्ट एक्ट की धारा 12 (पासपोर्ट से संबंधित अपराध) के तहत अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: vivek.kumar4 Time: 01-24-2026 21:38 Color:

भारत निर्वाचन आयोग

अपने समस्त मतदाताओं को **राष्ट्रीय मतदाता दिवस** की **हार्दिक शुभकामनाएं** देता है

16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह

25 जनवरी, 2026

Indian Citizen at the Heart of Indian Democracy

My India My Vote

मैं भारत हूँ

मुख्य अतिथि

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

माननीय राष्ट्रपति, भारत

विशिष्ट अतिथि

श्री अर्जुन राम मेघवाल

माननीय केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुतियाँ

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पुरस्कार
- प्रकाशनों का लोकार्पण:
  - 2025: पहल एवं नवाचारों का वर्ष
  - चुनाव का पर्व, बिहार का गर्व: एक यात्रा - बिहार विधानसभा चुनाव, 2025
- वीडियो स्क्रीनिंग:
  - निर्वाचन आयोग (ECI) का वैश्विक नेतृत्व: चुनावी प्रबंधन और लोकतांत्रिक विकास में योगदान

SCAN QR CODE & TAKE VOTERS' PLEDGE

CBC 52101/13/0020/2526

सशक्त मतदाता, सशक्त लोकतंत्र

Follow us on FB.com/ECI @ecisveep youtube.com/eci @ecisveep Election Commission of India

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMA012 User: vinay.vashisht Time: 01-24-2026 23:54 Color:

कम ब्याज दर पर होम लोन देगा DCHFC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार ने राजधानी के लोगों को किफायती और पारदर्शी होम लोन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समान कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने शुक्रवार को रोहिणी सेक्टर-16 में दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम लिमिटेड (DCHFC) के नए ऑफिस का उद्घाटन किया। यह सेंट्री फोर्ट के बाद दिल्ली में DCHFC की दूसरी शाखा है। मंत्री ने कहा कि DCHFC अब दिल्लीवालों को कम ब्याज दर पर होम लोन उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में सहकारी क्षेत्र की उपेक्षा की गई, लेकिन वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है कि मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग और सहकारी आवास समितियों से जुड़े लोगों को कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराया जाए।

धूप तो खिली, लेकिन तेज़ हवा से छूटी कंपकंपी

■ शनिवार को हवाओं के कारण तापमान रहा सामान्य से नीचे

■ आज और कल न्यूनतम तापमान के 5 डिग्री तक रहने के आसार



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

शुक्रवार को हुई बारिश के बाद मौसम साफ हो गया है। शनिवार को धूप खिली लेकिन पहाड़ों से आई बर्फीली तेज हवाओं के कारण ठंड बनी रही और तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। गणतंत्र दिवस के दिन सुबह के समय तापमान 4 डिग्री के आसपास रह सकता है। हल्के से मध्यम कोहरे के कारण कुछ समय के लिए विजिबिलिटी कम हो सकती है। शनिवार को धूप नजर रही लेकिन हवाएं तेज चलीं। हवाओं की रफ्तार 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे रही और इनमें बर्फीली ठंडक महसूस हुई।

शुक्रवार को हुई बारिश के बाद मौसम हुआ साफ

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम है। पालम में अधिकतम तापमान 15.8 डिग्री, लोदी रोड में 18 डिग्री, रिज में 18.6 डिग्री, आया नगर में 17.5 डिग्री दर्ज किया गया। अनुमान के मुताबिक 25 और 26 जनवरी को कोहरा रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास रह सकता है।

गणतंत्र दिवस पर रहेगा कोहरा: 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर करीब दो घंटे तक गणतंत्र दिवस समारोह होगा। समापन पर भारतीय वायुसेना का फ्लाई पास होगा। स्क्वाड्रन के अनुसार 26 जनवरी को बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि आसमान में कुछ बादल बने रह सकते हैं। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी और तापमान में गिरावट आएगी। सुबह के समय कोहरा रहने की संभावना है।

साफ हवा की 'परेड', AQI 192

Photos: Sunil Kataria

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों के लिए शनिवार का दिन राहत भरी खबर लेकर आया। इस साल पहली बार दिल्ली की हवा राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 'सामान्य' श्रेणी में दर्ज की गई। शुक्रवार को हुई बारिश और तेज हवाओं के चलते प्रदूषण के स्तर में भारी गिरावट आई है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यह राहत अस्थायी है और रविवार से एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) फिर से खराब हो सकता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, शनिवार को दिल्ली का औसत AQI 192 दर्ज किया गया। सामान्यतः जनवरी का महीना नवंबर के बाद सबसे प्रदूषित होता है, जिसमें बारिश और हवाओं की अनुपस्थिति में AQI अक्सर 200 के ऊपर ही रहता है। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार की अच्छी बारिश और शनिवार को 12 से 20 किमी/घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने प्रदूषकों को तितर-बितर करने में मदद की। इस साल यह पहला मौका है जब दिल्ली के किसी भी इलाके में AQI 300 के पार नहीं गया।

आज और कल दिल्ली विधानसभा के दीदार का मौका

दो दिन जनता के लिए खुलेगी विधानसभा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: देश के 77वें गणतंत्र दिवस पर दिल्ली विधानसभा परिसर को 25 और 26 जनवरी को आम जनता के लिए खोला जाएगा। दोनों दिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक कोई भी व्यक्ति सुरक्षा जांच के बाद इसे देखने जा सकता है।

यूपी के अफसरों के साथ की बैठक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वजिराबाद फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने एनसीआर में पहले वाले यूपी के शहरों में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की। इसमें वार्षिक एक्शन प्लान पर चर्चा की गई।

सरोजिनी नगर मार्केट बंद करने पर नाराजगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस पर सरोजिनी नगर मार्केट बंद रखने की अपील की गई है। हालांकि, कारोबारियों में इसको लेकर नाराजगी है। उनका दावा है कि हर साल 26 जनवरी को दोपहर 1 बजे तक ही पहले मार्केट बंद किया जाता था।

नजफगढ़ नाले में हरियाणा से प्रदूषण होगा कम

Brijesh.singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: यमुना में हरियाणा से नजफगढ़ ड्रेन के जरिए आनेवाले प्रदूषण को कम करने के लिए एक नई ड्रेन बनाई जाएगी। केंद्रीय जल आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में दोनों सरकारों की प्रतिनिधियों को लेकर एक संयुक्त समिति का गठन कर दिया है। यह नाला गुरुग्राम, सोहना और पलवल के बीच बनेगी। जिसमें हरियाणा के गुरुग्राम से आने वाले प्रदूषित पानी (सीवेज) को ट्रीट करने के बाद यमुना के डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जाएगा। वर्तमान में हरियाणा का यह दूषित पानी नजफगढ़ ड्रेन में आता है जो यमुना के प्रदूषण का एक बड़ा कारण है।

गुरुग्राम, सोहना पलवल के बीच बनेगा नया ड्रेन

अधिकारियों ने बताया कि दोनों सरकारों की संयुक्त समिति नदी प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और जल संसाधनों के वैज्ञानिक अध्ययन करेगी। यह समिति नए नजफगढ़ ड्रेन वहन क्षमता का भी अध्ययन करेगी कि वह कितना प्रदूषण और वहन करेगी। नए ड्रेन को लेकर भी सर्वे कराएगी। समिति की प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े डेटा शेयरिंग, तकनीकी अध्ययन और आवश्यक नीतिगत सुझाव देने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इससे हरियाणा से आने वाले औद्योगिक अपशिष्ट, सीवेज और अन्य प्रदूषकों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। नजफगढ़ ड्रेन करीब 57 किलोमीटर लंबा है। इसमें दिल्ली के अलावा गुरुग्राम का सीवेज भी आता है जो आगे यमुना को प्रदूषित करता है। नजफगढ़ ड्रेन में रोजाना करीब 96 एमजीडी सीवेज रोहतक गुरुग्राम के बादशहपुर ड्रेन से आता है।

दो दशकों से नहीं निकाली गई सिल्ट

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की मानें तो नजफगढ़ ड्रेन से बीते 25-30 सालों से कोई सिल्ट नहीं निकाली गई है। मौजूदा सरकार ने बीते साल से नजफगढ़ ड्रेन से सिल्ट निकालने का काम शुरू किया है। इसमें कुल 155.82 लाख मीट्रिक टन सिल्ट होने का अनुमान है। अभी तक 9 लाख मीट्रिक टन सिल्ट निकाली जा चुकी है।

300 करोड़ के विकास कार्यों की CM करेंगी शुरुआत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सांसद दिल्ली के सांसद रमवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि उनके संसदीय क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों बदरपुर, संगम विहार और देवली में रविवार को 300 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इन विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगी। बिधूड़ी ने बताया कि बदरपुर में 85 करोड़, संगम विहार में 115 करोड़ और देवली में 104 करोड़ के विकास कार्यों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। बिधूड़ी के मुताबिक इन विकास कार्यों में सड़क, नालियों, बरात घर, स्कूलों का पुनर्निर्माण और पार्कों के विकास सहित सौंदर्यीकरण और अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे ताकि इन क्षेत्रों की जनता के जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि CM रेखा गुप्ता ने इन इलाकों के साथ-साथ दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जनता की सुख-सुविधाएं देने के लिए पर्याप्त फंड दिया है।

विधूड़ी ने कहा, उनके संसदीय क्षेत्र में होंगे काम

NCC कैडेट्स से मिले रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली कैंट में आयोजित NCC रिपब्लिक डे कैंप-2026 का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले NCC कैडेट्स को रक्षा मंत्री पदक और प्रशस्ति पत्र सौंपे और कैडेट्स की हौसला अफजाई की।

लोक निवास में LG का 'एट होम' समारोह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 77वें गणतंत्र दिवस से पहले LG विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को लोक निवास में पारंपरिक 'एट होम' समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर राजधानी दिल्ली के सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। 'एट होम' समारोह में स्वतंत्रता सेनानी, दिल्ली के पद्म पुरस्कार विजेता, स्कूलों और कॉलेज के स्टूडेंट्स, दिल्ली पुलिस और दिल्ली फायर ब्रिगेड के शहीदों के परिजन, शिक्षाविद आदि शामिल हुए।

विकसित दिल्ली के लिए बच्चे हैं ब्रैंड एम्बेसडर: CM

वार्षिक खेल दिवस समारोह में शामिल हुईं रेखा गुप्ता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड में वार्षिक खेल दिवस समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल हुईं। शनिवार को हुए इस समारोह में उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। सीएम ने स्टूडेंट्स को मन से खेलने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनाने और खेल के साथ निरंतर सीखते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर, अनुशासित और विकसित बनाने की दिशा में सबसे प्रभावी ब्रैंड एम्बेसडर बच्चे हैं।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

tender & notices

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

HOTEL SUPPLIES TENDER NOTICE (Cluster)

Grand Hyatt Gurgaon
A Unit of IREO Hospitality Company Pvt Ltd,
Archview Drive, Ireo City, Sector-58, Gurgaon- 122102 Haryana
Andaz Delhi (A Unit of Juniper Hotels Limited)
Aerocity, Delhi 110037
Hyatt Place Gurgaon
Udyog Vihar, Phase-IV, Sector-18, Gurgaon-122015, Haryana, India
Tel.: +91 8800021024

Sealed quotations are invited on the prescribed form for the supply of below mentioned categories for Hotel, Grand Hyatt Gurgaon, Andaz Delhi & Hyatt Place Udyog Vihar.
Tender period is 1st April 2026 to 31st March 2027.

Perishables
(A) Indian fruits & Vegetables (B) Imported-Fruits (C) Vegetable Exotic, Organic& Imported (D) Dairy Products and Milk, (E) Indian & Imported Cheese (F) Mutton (G) Duck & Poultry (H) Sea Food-Fresh & frozen (I) Fresh egg & Bread (J) Fresh Noodles & Chinese items (K) French Fries, Frozen Green Peas Corn & other frozen Snacks items (L) Sweet,Namkeens & Cookies (M) Ice-Creams & Kulfi (N) Frozen Meat-Indian & Imported (O) Fresh Chapatti
Others:
(A) Indian provision / Groceries (B) Imported Grocery (C) Rice (D) Bakery Products (E) Food Retail Products (F) Office stationery (G) Kitchen fuel - LPG, charcoal, Gel fuel (H) House keeping Laundry and F&B cleaning supplies (I) Packaging & Take away Products (J) Guest Supplies (K) Industrial Salt (L) Pick-up of dry & wet garbage (M) Water Tanker (N) Candles (O) Flowers & Decoration (P) Paper Products (Q) Ice Block and Cubes
Services
(A) Pest control services (B) Duct Cleaning (C) Upholstery Work (D) Pool Maintenance (E) STP Maintenance (F) Marble Polishing (G) Water Tank Cleaning. (H) Civil & Mason Services (I) Paint Job Work, (K) F & B and Kitchen Equipment Hiring. (L) Chat & Fruit Counters (M) Audio Visual Hiring, (N) Guest and Staff Transportation (O) Guest Entertainment (Singer, Band& Cultural Activities (P) CCTV Maintenance (Q) Medical Check Up Doctor on Call (R) Manpower (Security, Engineering F&B ODC, Bar Tender, Kitchen ODC, KST, Public area, Tailor, Valet Services and Luxury Car drivers etc.) (S) Motor Rewinding (T) Book Binding (U) Fire Extinguisher AMC (V) Printers Rental
Documents Tender forms will be available at Grand Hyatt Gurgaon JREO City, Sector 58, Gurgaon 122102 on any working day from 27th January 2026 to 10th February 2026 between 1100 hrs and 1700 hrs on Card / PayLink / Cash payment bf Rs 5,000- (Rupees Five thousan only) for each category (Non-refundable)
Process
Please superscribe on the envelope Cluster Tender for Grand Hyatt Gurgaon, Andaz Delhi & Hyatt Place Udyog Vihar & mention the category being quoted for", on top of the envelope The management reserves the right to accept/reject any tender without assigning any reasons whatsoever. Sealed tenders should reach the attention of "Director of Finance by 11th February2026 1700hrs at the above mentioned address Tender form can be collected from:
Grand Hyatt Gurgaon, Sector 58, Tel.: +91 8800021024

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

NAFED 60 Years in Service
भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) नैफेड हाउस, सिद्धार्थ एन्क्लेव, आश्रम चौक, रिंग रोड, नई दिल्ली–110014

लगातार स्थित नैफेड की संपत्ति पर अतिरिक्त 450 मीट्रिक टन की क्षमता वाले आयसुलेशन रेडी–टू–ईट (RTE) और रेडिमेड–आधारित पाचनान संयंत्र (इडिया, इलाका, बकरी, आदि) की योजना, डिजाइन सलाहकार, निर्माण परिक्षेत्र और कमीशनिंग के लिए एक योग्य, पेशेवर रूप से सक्षम और अनुभवी एजेंसी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार (PMC) के रूप में नियुक्त करने हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध।

RFP संख्या: NAFED/ HO/ ESTATE/ PMC/RTE/ LKO/ BKT/01/2-25-26
विस्तृत नियम एवं शर्तों सहित RFP दस्तावेज नैफेड की वेबसाइट: https://www.nafed-india.com/tender से डाउनलोड किया जा सकता है। RFP जमा करने की अंतिम तिथि: 29.01.2026 दोपहर 3.30 बजे तक।

हस्ता/-
प्रबंधक (संपत्ति)

NAFED 60 Years in Service
भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) नैफेड हाउस, सिद्धार्थ एन्क्लेव, आश्रम चौक, रिंग रोड, नई दिल्ली–110014

कृषि–वस्तु, पिसाई, प्रसंस्करण और संबद्ध अवसंरचना परियोजनाओं की स्थापना के लिए संपूर्ण परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु तकनीकी सलाहकारों के पैनल में शामिल करने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) ईओआई क्रमांक: एचओ/ एस्टेट/ तकनीकी सलाहकार/ 01 / 2025 –26 दिनांक: 23.01.2026
विस्तृत नियम एवं शर्तों सहित आरएफपी दस्तावेज एनएएफईडी की वेबसाइट: https:// www.nafed-india. com/tender से डाउनलोड किया जा सकता है। आरएफपी जमा करने की अंतिम तिथि: 08.02.2026

हस्ता/-
प्रबंधक (संपत्ति)

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that Late. SMT. Archana Kochhar member of The Arya Nagar CGHS Ltd. 91, I P Extn, Delhi-110092 (Society) and owner of Flat No E-32 of the Society expired on 08.04.2016. Shri Abhishek Kochhar has claimed to be the only legal heir of the deceased. The Society hereby invites claims or objections from other heirs or claimants or objectors, if any, for the transfer of the shares and interest of the deceased member in the said flat within a period of 365 days from the publication of this notice, with copies of proof to support the claim/ objection. If no claims/ objections are received within the period prescribed above, the Society shall be at liberty to deal with the shares and interest of the deceased member in the manner they deem fit.
Sd/-
CK Channa (Hony Secretary)

PUBLIC ANNOUNCEMENT
B-60, GREATER KAILASH-I, NEW DELHI-110048
Notice is hereby given to THE GENERAL PUBLIC that 'our client' M/S KIMAYA BUILDTECH LLP through its Designated Partner MR. RAJEEV CHANANA has instituted proceedings before Hon'ble High Court of Delhi against the current owners and claimants of the Property at B-60, Greater Kailash-I, New Delhi-110048 (Property).
The proceedings titled as M/s Kimaya Buildtech LLP Vs. Mr. Harvinder Johar & Ors. in CS(OS) No. 939 of 2025, came up for hearing before the Hon'ble High Court of Delhi and the Hon'ble High Court vide its Order dated 20.01.2026 has been pleased to issue summons and notice in the subject Suit.
The members of the general public are hereby accordingly advised and informed of the institution of the aforementioned proceedings in respect of the Property at B-60, Greater Kailash-I, New Delhi-110048. The general public is also advised that no person(s) should henceforth consider entering into any arrangement whatsoever or cause any 'third party rights' with respect to the Property in light of the proceedings instituted by Our Client because the same would prejudice and/ or frustrate the subject proceedings.
If any person(s), individual(s), institution(s), body corporate(s), bank(s), or authority(ies) henceforth proceeds to enter into any arrangement with the present owners/claimants of the Property (in whatsoever form or manner); then they would be doing so at their own risk and consequence including the right of Our Client to invoke appropriate remedy under law and also involving such a person/ entity as a 'party' to the captioned proceedings.
This public announcement is issued as a cautionary advisory to the general public at large for their information and necessary personal consumption.
Issued by:
Suri and Company, Law Firm
Flat No's 16 & 12, Gulf Apartments,
Maharishi Raman Marg,
Sujan Singh Park, New Delhi-03
E-mail: corporate.admin@surico.in
Ph.: 011-43434660 and 9206344128

न्यायालय सूचना

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF SH. RAJESH KUMAR GOEL, Ld. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT-02), CENTRAL DISTRICT, COURT NO.306, EXTN. BLOCK TIS HAZARI COURTS, DELHI
CS (COMM) NO - 512/2025
HINA KAUSAR ....Plaintiff
VS
M/S A R GARMENTS ....Defendant
To,
M/S A. R. GARMENTS THROUGH ITS PROP. AR SH. RAJ KUMAR @ RAM NARESH OFFICE AT: 341/48, MAIN ROAD, KANTI NAGAR, EASTDELHI.
ALSO AT: B-65, KANTI NAGAR, BEHIND ENFIELD SHOWROOM, EAST DELHI-110301
WHEREAS You are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 12.02.2026 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court this 20.01. 2026.
District Judge Commercial-02 (Central) Tis Hazari Court, Delhi

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (CIVIL APPELLATE JURISDICTION) Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure
RFA No. 41/2008 And
CM No. 13513/2025 &13514/2025
Appeal against the Order dated 17.11.2007 Passed by Sh. Sunil Kumar Aggarwal, ADJ, Delhi In Civil Suit No. 226/2007
LT.COL.A.S.MANN
....APPELLANT(S)
VERSUS
PARMINDER SANDHU ALIAS PARMINDER KAUR
....RESPONDENT(S)
Notice to: Respondent(s): Smt. Parminder Sandhu alias Parmender Kaur W/o Rajender Singh R/o Flat No. C-502, Shakti Co-op Group Housing Society, Plot No. 18, Sector 5, Dwarka (Phase 1) New Delhi-110 075
Whereas the above-noted appellant has presented an appeal under Section 96 CPC along with the above-mentioned application which was listed before the Court on 05.03.2025 and the Court ordered issuance of notice to you. And whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that you cannot be served in the ordinary manner, Notice is hereby issued that, if you wish to defend the above-mentioned application, you may cause an appearance to be entered on your behalf either personally or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the Hon'ble Mr. Justice Manmeet Pritam Singh Arora (Appellate) on 02.02.2026 (actual) at 11:00 a.m.
If no appearance is made on your behalf, by yourself, and another or someone else be authorized to act for you in the above mentioned appeal and pending application on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said application will be given and the same will be heard and determined ex-parte in your absence.
Given under my hand and the seal of this Court on this 09th day of January, 2026.
Assistant Registrar (Appl.)(Civil) for REGISTRAR GENERAL
Seal

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
times inter act

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

IN LOVING MEMORY
ON 57TH BIRTH ANNIVERSARY



Ms. SHILPI SHARMA
(25th JANUARY 1969 - 17th JULY 2021)
Your spirit and legacy continue to be timeless treasures that we behold in our hearts.
Fondly Remembered By
Entire UV Family
ARCL
UV ASSET RECONSTRUCTION CO.LTD

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

In Loving Memory of
OM PRAKASH GUPTA
on his 11th Death
Anniversary 25/01/2015
We remember you every moment - you made our life meaningful.
Fondly Remembered by :
Raj Kamal Gupta, H-46, Kalkaji, New Delhi., A-One Store, M-15, Greater Kailash-I

पावन स्मृति
श्री महंत नृगा बाबा संचारिरि जी महाराज
रविवार 25 जनवरी 2026
18 वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि
प्रातः स्मरणीय परम पूज्य श्री महंत नृगा बाबा संचारिरि जी महाराज के पावन चरणों में 18 वीं पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन !
विश्वविख्यात सिद्ध हनुमान मंदिर, झंडेवालान, 108 फुट श्री संकट मोचन धाम ट्रस्ट, न्यू लिंक रोड, भूली भटियारी, करौलबाग चौक, नई दिल्ली-5

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019
► *Placement on specified obit pages only ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.
To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. These words that you taught us. These words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines
SPACE FOR PHOTO (Optional)
Name: _____
Relationship: _____
You will want to show this ad to many as you can. Make sure it is seen by your family, friends, relatives, neighbours, colleagues, etc. Make sure it is seen by as many people as possible.
Total Space ... sq. cms. Total Cost ... sq. cms. Total Space ... sq. cms. Total Cost ... sq. cms.
REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-24-2026 22:51 Color:

वंशवादी दलों को करें रिजेक्ट : अमित शाह

UP दिवस पर लखनऊ में बोले गृहमंत्री

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी के विधानसभा चुनाव में भले ही अभी एक साल का समय हो, लेकिन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यूपी दिवस समारोह के दौरान इसका शंखनाद कर दिया। शनिवार को राष्ट्र प्रेरणास्थल पर शाह ने प्रदेश की जनता से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जात-पात से ऊपर उठकर वंशवादी पार्टियों को रिजेक्ट करें और फिर से बीजेपी का कमल खिलाएं। उन्होंने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश को लेबर सोर्स स्टेट कहा जाता था, लेकिन आज यह भारत की इकोनमी का फोर्स स्टेट बन चुका है। ये परिवारवादी पार्टियां चाहे कांग्रेस हो, समाजवादी पार्टी या बहुजन समाज पार्टी, प्रदेश का कल्याण नहीं कर सकतीं। इस दौरान 5 विभूतियों को यूपी गौरव सम्मान दिया गया। शाह और योगी ने 'एक जनपद-एक व्यंजन' का शुभारंभ किया। यूपी दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को बधाई संदेश भेजा, जिसे सीएम ने पढ़कर सुनाया।

सीएम योगी ने पढ़कर सुनाया पीएम मोदी का बधाई संदेश

PM मोदी ने 61 हजार अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे, कहा-

'आपने झेला होगा, अब दूसरों का ध्यान रखें'

■ पीटीआई, नई दिल्ली

PTI

मिल चुकी 11 लाख से अधिक जॉब : पीएमओ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला की शुरुआत के बाद से देशभर में आयोजित मेलों के जरिये 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 18वें रोजगार मेले में सरकारी नौकरियों के 61 हजार नियुक्ति पत्र विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सौंपे। इस दौरान पीएम ने युवाओं से पिछले वर्षों में सरकारी दफ्तरों में अपने अनुभव बांट करने को कहा। साथ ही उनसे आग्रह किया कि अपने कार्यकाल में जनता को ऐसी कठिनाइयों का सामना न करने देने का संकल्प लें। नियुक्ति पाने वाले अधिकारी और कर्मचारी गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग में सेवाएं देंगे। देश के भीतर और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए भारत अलग-अलग देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रहा है। पीएम ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेलों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में युवाओं की सबसे अधिक संख्या भारत में है। उनकी सरकार देश के भीतर और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के प्रयास कर रही है। पीएम ने नियुक्ति पत्र पाने वालों से अपील की कि वे इन्हें (नियुक्ति पत्रों को) राष्ट्र निर्माण में शामिल होने के निमंत्रण और एक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करने की प्रतिज्ञा के रूप में लें। पीएम मोदी ने युवाओं से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय 'नागरिक देवो भव:' (नागरिक भगवान के समान है) के आदर्श वाक्य के साथ काम करने का भी आग्रह किया। कहा कि सरकार ने आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश किया है, जिससे निर्माण से संबंधित क्षेत्रों में रोजगार बढ़ा।

आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड
भारत सरकार का उद्यम
रक्षा मंत्रालय

ARMOURED VEHICLES NIGAM LIMITED
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
MINISTRY OF DEFENCE

CIN-U35990TN2021GOI14550

विज्ञापन संख्या: AVNLCO/HR/2026/02

निश्चित अवधि संविदा नीति पर पेशेवरों की नियुक्ति

आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (अवनि) (एवीएनएल) एक नया रक्षा उपक्रम है जिसका मुख्यालय आवडी (चेन्नई) में स्थित है। एवीएनएल युद्ध टैंकों (टी-72, टी-90, एमबीटी-अर्जुन), इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, सहायक वाहनों (एमपीवी एईआरवी आदि) एवं सशस्त्र बलों और होमलैंड सिक्योरिटी एजेंसियों के लिए रक्षा गतिशीलता समाधानों (स्टेलियन, एलपीटीए आदि) के विनिर्माण से जुड़ा हुआ है। यह इस क्षेत्र में में वर्तमान में बाजार में अग्रणी है। यह एक नई सरकारी कंपनी है जिसका भविष्य उज्ज्वल है। यह पेशेवरों के लिए शानदार कार्य वातावरण एवं चुनौतीपूर्ण अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपनी क्षमताओं को साबित कर सकें। निम्नलिखित पदों के लिए संविदात्मक नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्रम सं.	पदनाम	रिक्त पदों की सं.	कुल समेकित वेतन (प्रति माह) सभी शामिल हैं	नियुक्ति की प्रकृति
1	सहायक प्रबंधक कंपनी सचिव Assistant Manager (Company Secretary)	01 [01-UR]	Rs.40,000/- + आईडीए	निश्चित अवधि संविदा के आधार पर नियुक्ति

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिन होगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे एवीएनएल वेबसाइट www.avnl.co.in पर जाएँ, जहाँ नौकरी की विस्तृत जानकारी, योग्यताएँ, अनुभव, कौशल, वेतन, प्रक्रिया, आवेदन प्रारूप, और उक्त पदों के लिए आवेदन करने की शर्तें दी गई हैं।

ध्यानदें:
इस विज्ञापन में कोई भी संशोधन/सुधार सिर्फ एवीएनएल वेबसाइट पर प्रकाशित/अपलोड किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे नवीनतम अपडेट/संशोधन के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर जाएँ।

एचआर डिविजन, एवीएनएल निगम कार्यालय, चेन्नई
ईमेल: hr@avnl.co.in
तारीख: 25-01-2026
फोन: 044–26844808/26844810

पार्टी लाइन नहीं लांघी, उचित मंच पर होगी बात : थरूर

■ पीटीआई, कोझिकोड : कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने संसद में पार्टी के घोषित रुख का कभी उल्लंघन नहीं किया। आंतरिक मतभेद पर संगठन के भीतर ही चर्चा होनी चाहिए, न कि मीडिया के माध्यम से। थरूर ने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें मुझे सार्वजनिक मंच पर नहीं बल्कि पार्टी के नेतृत्व के समक्ष उठाना होगा। मैं संसद सत्र के लिए दिल्ली जाऊंगा।' नरसीमुद्दीन, शकील भी बरसे : कांग्रेस नेता नरसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा, 'मैं नाराज नहीं था। मुझे सम्मान चाहिए, काम चाहिए।' उधर, कांग्रेस के पूर्व नेता शकील अहमद ने दावा किया कि राहुल गांधी एक हरफनमौला और असुरक्षित नेता है। वह उन्हीं लोगों को आगे बढ़ाते हैं जो उनके गुण गाते हैं।

SWEATSHIRT
Jackets & Sweaters
SALE
Hi-Fashion winter new collection
Branded Sweaters, Jackets,Lowers
Sweat Shirts & Track Suits
upto 60% off
WINTER OFFER
MEN, WOMEN & KIDS WEAR
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | Raymond | Colorplus | Levi's | PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD,Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA , Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

FORE SCHOOL OF MANAGEMENT
NEW DELHI | GURUGRAM
FORE SCHOOL OF MANAGEMENT
Accredited by
ADMISSION OPEN 2026
ADMISSION NOTIFICATION FOR TWO-YEAR FULL-TIME PROGRAMMES
PGDM | PGDM (International Business) | PGDM (Financial Management) | PGDM (Big Data Analytics)
All Programmes are approved by AICTE | 5% of the approved intake in all the programmes is reserved for NRI students.

Eligibility:
■ A recognized Bachelor's Degree in any discipline with a minimum aggregate marks of 50%.
■ CAT-2025/XAT-2026 percentile.
■ GMAT score (Test taken between 1st January, 2024 & 31st January, 2026).

Delhi Campus: "Adhitam Kendra" B-18, Qutub Institutional Area, New Delhi - 110016 (India)
Gurugram Campus: Plot No. 47, Sector-32, Gurugram - 122001 (India)

For any queries, please contact admissions@fsm.ac.in

What Truly Sets FSM Apart:
■ 33 years of Excellence in Management Education, Research and Training.
■ Futuristic and Industry-centric Curriculum with Foundation courses from Harvard Business School, and MOOC from Coursera.
■ A strong focus on AI, Digital Technology, Data Analytics and Responsible Management.
■ Rigorous Outcome-based Teaching Learning Process involving Case Studies, Simulation and Projects.
■ Strong Academy-Industry Interface.
■ Complimentary International Immersion Programme (IIP) for all students, with top global institutions, and an enhanced two-week IIP+ option for selected eligible candidates.
■ Means cum Merit Scholarship & Merit Scholarship to the tune of more than INR 3 Crores.
■ Renowned, Experienced, 74 Full Time Faculty, certified by Harvard Business School in 'Teaching with Cases' and 40+ Visiting Faculty Members.

10% TUITION FEE WAIVER TO STUDENTS FROM NORTH EAST, LADAKH (UT) AND JAMMU & KASHMIR

LAST DATE FOR SUBMISSION OF APPLICATIONS: JAN 31, 2026

Application Procedure:
■ Apply online only at https://admissions.fsm.ac.in/
■ Application fee can be paid through Credit Card/Debit Card/Net Banking.
Note: IIMS/XLRI have no role in the selection process at FSM.

FOR MORE INFO, SCAN THE QR CODE
011-41242415/16, 46485535, 9999327601

पर्यटन मंत्रालय
भारत सरकार
अतुल्य!भारत

भारत पर्व 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने, पर्यटन को बढ़ावा देने, विविधता का सम्मान करने और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का एक पर्व है।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

नई दिल्ली में सुनें
देश के दिल की धड़कन

पधारिए और अनुभव कीजिए भारत के हर रंग का। आनंद लें मनोहारी झांकियों का, झूमें संगीत के साथ, चटखारे लें ज़ायकों के, शिल्प कृतियों को निहारें और अपनी मातृभूमि के प्रति गर्व महसूस करें। छह दिवसीय भारत पर्व 2026 में आपको मौक़ा मिलेगा अपने अद्भुत देश की सर्वोत्तम परंपराओं से रूबरू होने का।

भारत पर्व 2026
26 – 31 जनवरी

लाल किला, दिल्ली
26 जनवरी
शाम 5:30 बजे से रात 9 बजे तक
27 – 31 जनवरी
दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक

प्रवेश निशुल्क। कृपया अपना पहचान पत्र साथ लाएं।

CBC 42101/13/0006/2526

गणतंत्र दिवस परेड की झांकियाँ। | सशस्त्र बलों के बैंड की प्रस्तुतियाँ | सांस्कृतिक प्रदर्शन | शिल्प बाजार | स्टूडियो किचन | बहु-व्यंजन फूड कोर्ट

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH14 User: cci Time: 01-24-2026 22:05 Color:

भैरव, रुद्र, शक्तिबाण और दिव्यास्त्र...

यह नए भारत की सेना है

वक्त के साथ युद्ध का स्वरूप बदल रहा है और युद्ध के तरीके भी। ड्रोन, स्वॉर्म टेक्नॉलजी, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर ने लड़ाई के मायने बदल दिए हैं। ऐसे में भारतीय सेना भी खुद को उसी अवतार में ढाल रही है। पिछले कुछ महीनों में सेना के भीतर जो बदलाव हुए हैं वे सिर्फ सांगठनिक ढांचे के तौर पर ही नहीं बल्कि रणनीतिक और सोच के स्तर पर भी बड़े बदलाव हैं। भैरव, रुद्र, अश्नि, शक्तिबाण और दिव्यास्त्र, ये सिर्फ प्रतीकात्मक नाम नहीं हैं बल्कि भारतीय सेना के उस नए, ज्यादा घातक रूप की पहचान हैं जो आने वाले वक्त की चुनौतियों के लिए तैयार हो रहा है। पढ़ें, पूनम पाण्डे की स्पेशल रिपोर्ट:

भारतीय सेना में बड़े पैमाने पर पुनर्गठन का काम जारी है। जहां एक तरफ तीनों सेनाओं के बीच जुड़ाव को मजबूत किया जा रहा है, वहीं सेना के भीतर अलग-अलग आर्म्स- इन्फेंट्री, आर्टिलरी, एयर डिफेंस, सिग्नल्स के बीच भी तालमेल और एकीकरण पर जोर दिया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया था कि पिछले 14-15 महीनों में ही संगठनात्मक बदलावों के लिए सरकार की ओर से 31 सैंक्शन लेटर जारी किए गए हैं। इनमें इंटिग्रेटिड बैटल ग्रुप (IBG) और एविएशन ब्रिगेड जैसे अहम फैसले भी शामिल हैं।

सेना में स्पेशल फोर्स और घातक के बीच अब 'भैरव'

भारतीय सेना ने दुनियाभर में जारी संघर्षों से सीख लेते हुए खुद को ज्यादा मजबूत बनाने की दिशा में काम शुरू किया है। सेना में स्पेशल फोर्स और घातक तो पहले से हैं, अब इनके बीच गैप खत्म करने के लिए नई लाइट कॉम्बेट बटालियन 'भैरव' बनाई जा रही है। अब तक 13 भैरव बटालियन बन गई हैं और 12 बननी बाकी हैं। घातक टीम अभी सेना की हर इन्फेंट्री बटालियन में हैं। इनका स्पेशल टास्क होता है जैसे दुश्मन के बंकर उड़ाना, दुश्मन को आगे बढ़ने से रोकना, दुश्मन के रास्ते में बाधा डालना, ताकि उन तक सप्लाई ना पहुंच पाए या दुश्मन के निशानी के सिस्टम को बेकार करना। यही काम स्पेशल फोर्स भी करती है, लेकिन दुश्मन के इलाके में जाकर। स्पेशल फोर्स हवा के जरिए, जंगलों के रास्ते, अंडर वॉटर किसी भी तरह से दुश्मन के इलाके में घुसने के लिए ट्रेड होती है। स्पेशल फोर्स स्ट्रैटेजिक स्तर की फोर्स है। सेना के किसी कमांड या कोर में स्पेशल फोर्स की एक या दो बटालियन होती हैं। लेकिन जिस तरह मल्टिडोमेन ऑपरेशन बढ़े हैं उससे स्पेशल फोर्स जैसी और फोर्स की जरूरत महसूस हुई। इसलिए भैरव बनाई जा रही है। ये स्वतंत्र तौर पर कोई बड़ा टास्क पूरा कर सकती है। इसमें पैदल सेना के अलावा, आर्टिलरी, एयर डिफेंस, सिग्नल्स के भी सैनिक हैं। इसमें कॉम्बेट और कॉम्बेट सपोर्ट सब एक साथ हैं। लोप की ताकत है तो फायर सपोर्ट भी है। लॉइटरिंग एम्युनिशन, ड्रोन और साथ ही एयर डिफेंस की भी ताकत है। पारंपरिक लड़ाई में जिस भी चीज की जरूरत होती है वह सब एक साथ भैरव बटालियन में है। इसके सैनिक स्पेशली ट्रेड हैं और एयर बॉर्न ऑपरेशन से लेकर अंडर वॉटर ऑपरेशंस तक कर सकते हैं। इनका काम क्रॉस बॉर्डर ऑपरेशंस, दुश्मन की जानकारी जुटाना और उसकी गतिविधियों में बाधा डालना होगा।

अब जंग सिर्फ बंदूकों और टैंकों से नहीं लड़ी जाती इसलिए तैयार है भारतीय सेना का नया अवतार

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, सोमवार) पर विशेष

ताकत यानी रुद्र ब्रिगेड

भारतीय सेना में बटालियन से ऊपर की इकाई है ब्रिगेड। सेना में 7 रुद्र ब्रिगेड भी बनाई जा रही है, जिनमें से दो रुद्र ब्रिगेड तैयार हो गई है। अभी इन्फेंट्री की ब्रिगेड में इन्फेंट्री की यूनिट, इसी तरह आर्टिलरी की ब्रिगेड में आर्टिलरी यूनिट होती है। रुद्र ब्रिगेड में इन्फेंट्री के साथ ही आर्टिलरी, जरूरत के हिसाब से आर्म्ड या दूसरी आर्म यूनिट है।

अश्नि प्लाटून: ड्रोन पावर

भारतीय सेना की हर पैदल सेना बटालियन में अश्नि (वज्र) प्लाटून बना दी गई है। ये ड्रोन प्लाटून है यानी सभी बटालियन के पास अब ड्रोन भी है और उन्हें चलाने वाले सैनिक भी। जरूरत के हिसाब से सैनिकों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

इंटिग्रेटिड बैटल ग्रुप

सेना में ब्रिगेड के साइज से बड़े लेकिन डिविजन से छोटे इंटिग्रेटिड बैटल ग्रुप भी बनाए जा रहे हैं। अभी 4 इंटिग्रेटिड बैटल ग्रुप (IBG) बनाए जा रहे हैं। एक IBG पाकिस्तान बॉर्डर पर भी फोकस करेगा। इंटिग्रेटिड बैटल ग्रुप में करीब 5000 से 7000 सैनिक होंगे। सामान्य ब्रिगेड में करीब 3000 हजार और एक डिवीजन में करीब 10 हजार सैनिक होते हैं। मेजर जनरल रैंक के अधिकारी IBG के मुखिया होंगे। इसमें भी पैदल सैनिक, टैंक, लोप, एयर डिफेंस, इंजीनियर, सिग्नल, लॉजिस्टिक सभी शामिल होंगे।

शक्तिबाण और दिव्यास्त्र

पारंपरिक आर्टिलरी रेजिमेंट में से कुछ रेजिमेंट को शक्तिबाण रेजिमेंट में तब्दील किया जा रहा है। आर्टिलरी (तोपखाना) में 15 शक्तिबाण रेजिमेंट बनाई जा चुकी हैं और 11 बनाई जानी हैं। जहां पारंपरिक आर्टिलरी रेजिमेंट में लोप होती है, वहीं शक्तिबाण रेजिमेंट में ड्रोन, स्वॉर्म ड्रोन और लॉइटरिंग एम्युनिशन हैं। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि शक्तिबाण रेजिमेंट की रेंज शुरुआत में 100 से 400 किलोमीटर तक होगी, फिर इसे 700 से 1000 किलोमीटर तक किया जाएगा। जो तोपखाना रेजिमेंट शक्तिबाण में तब्दील नहीं होंगी उनमें दिव्यास्त्र बैटरी होगी। शुरू में 34 दिव्यास्त्र बैटरी बनाई जा रही हैं। दिव्यास्त्र बैटरी के पास ड्रोन और लॉइटरिंग एम्युनिशन होंगे।

हर नाम का है खास मतलब

त्रिनेत्र: त्रिनेत्र एक मैन-पोर्टेबल बिजली से चलने वाला फिक्स्ड विंग UVA है, जिसे सटीक हमला करने और सख्त निगरानी के लिए बनाया गया है।

अजेय: अजेय भारतीय सेना का 155 mm, 52 कैलिबर वाला एक स्वदेशी अडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम है। यह लंबी दूरी और उच्च सटीक मारक क्षमता प्रदान करता है।

सूर्यास्त्र: सूर्यास्त्र यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है। यह हाई स्पीड है और कई तरह के वॉरहेड का इस्तेमाल इसमें हो सकता है।

अग्निबाण: यह मल्टिबैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है। BM-21 अग्निबाण में 40 ट्यूब के साथ रॉकेट्स दागे जाते हैं।

बाजांग: यह लाइट स्पेशलिस्ट बीडकल है। यह वाहन बेहतरीन मोबिलिटी, सुरक्षा और ऑपरेशनल क्षमता के लिए बनाया गया है।

संजय: बैटल फील्ड सर्विलांस सिस्टम का नाम है संजय। यह महाभारत के संजय की तरह ही सेना की आंख है।

वीर: वीर भारत में ही बना स्वदेशी इलेक्ट्रिक ऑल टेरेन वीइकल है। यह बिना शोर किए काम करने और तेजी से आवाजाही करने में सक्षम है। यह गश्त, टोही त्वरित कार्रवाई जैसे मिशन में मदद करता है।

चेतना के नए आयाम

ईरान : तेल, गैस की धरती पर गुस्से का उबाल

TIMES evoke

ईरान ने दुनिया को नक्षत्रों का विज्ञान, नहरों की भौतिकी, भव्य महल, बेहतरीन काव्य, शानदार साहित्य और बीजगणित की दिशा दी है। आज इस देश की चर्चा बुनियादी अधिकारों की मांग के लिए बोले वाले प्रदर्शनों और क्रूर प्रतिशोधों के लिए हो रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि दिसंबर 2025 से लेकर जनवरी 2026 तक विद्रोह में हजारों लोग मारे गए हैं। आखिर ईरान इस स्थिति तक कैसे पहुंच गया? एक्सपर्ट इसी बारे में जानकारी दे रहे हैं:

जेम्स एम. गुस्ताफसन
अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में इतिहास के प्रफेसर हैं। सृजना मित्रा दास से हुई इस खास बातचीत में उन्होंने ईरान में पर्यावरण से जुड़े बदलावों के बारे में विस्तार से बताया है:

पर्यावरण से भी जुड़ी है ईरान में क्रांति की कहानी

Q आपकी रिसर्च किस बारे में है?
मेरी रिसर्च का फोकस ईरान का इतिहास और पर्यावरण है। मेरी किताब 'द लायन एंड द सन' ईरान के आधुनिक पर्यावरणीय इतिहास का एनालिसिस करने वाली पहली किताब है जो बताती है कि ईरानी का जीवन जानवरों, पौधों, पानी, मिट्टी और जलवायु जैसे कुदरती तत्वों के साथ कितनी गहराई से जुड़ा रहा है। ईरान का इतिहास केवल इंसानों की कहानी नहीं बल्कि इंसान और कुदरत के रिश्ते की कहानी भी है।

Q ईरान के पर्यावरण की खास बातें क्या हैं?
ईरान की धरती बहुत समृद्ध है। इसका भीतरी हिस्सा सूखा और बंजर है, जो दो बड़ी पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा है। बीच में बड़ा-सा वर्ष क्षेत्र है। यहां ऐतिहासिक रूप से सिंचाई का कनात सिस्टम काम करता था। यहां घास के मैदान फैले हैं, जहां घरवाहे रहते हैं। नॉर्थ की ओर अल्बोर्ज पर्वत श्रृंखला के पार वर्षावन और घने जंगलों के इलाके हैं।

Q आपकी रिसर्च में 19वीं सदी के 'लिटिल आइस एज' और ईरान के पतन के बीच रिश्ता बताया गया है। इसे थोड़ा विस्तार से समझाएं?
17वीं और 18वीं सदी के दौरान, उत्तरी गोलार्ध में कृषि प्रधान भूमि साम्राज्य जलवायु पैटर्न में बदलाव से भारी दबाव में आ गए थे। कुछ क्षेत्रों में लंबे समय तक सूखा था जबकि कुछ जगह बारिश, बाढ़ और अनियमित मौसम था, जैसा इन दिनों देखा जाता है। ईरान ने यूरेशिया, चीन या नॉर्थ यूरोप के दूसरे हिस्सों की तुलना में उस संकट का ज्यादा वक्त तक सामना किया। उस वक्त सफवी (Safavid) राजवंश का शासन था। जलवायु परिवर्तन ने पैदा हुई गंभीर मुश्किलों ने उसे जकड़ लिया। सूखा, महामारियों आदि से एक तिहाई से आधी आबादी का सफाया हो गया। व्यवस्था कमजोर हुई और राजवंश का पतन हो गया। ईरान शुरुआती आधुनिक काल में प्रमुख वाणिज्यिक और सैन्य शक्ति था जो 19वीं सदी में ब्रिटिश और रूसी हमलों के समय कमजोर-बंटा हुआ राज्य बन गया। सफवी साम्राज्य के पतन के बाद ? दशकों तक युद्ध चला, जिसमें नादिर शाह जैसे शासकों ने विशाल सेनाएं खड़ी कीं, अनाज और घोड़ों का भंडारण किया, जिससे संकट और भी गहरा गया।

Q ईरान में पानी-हवा को लेकर मौजूदा अनुभव कैसे है?
ईरान हाल के बरसों में पर्यावरण से जुड़ी आपदा का सामना कर रहा है। वहां 90% से ज्यादा पानी का इस्तेमाल इंडस्ट्रियल खेती में होता है, जो जमीन और जलभंडारों की सहनशीलता के परे है। कवेह मदानी ने इसे 'जल दिवालियापन (वॉटर बैंकरप्सी)' कहा है।

Q क्या पानी की चिंता राजनीतिक विरोध-प्रदर्शनों को बढ़ावा दे रही है?
मैं उन ईरानियों की ओर से नहीं बोलूंगा जो अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे हैं और जिन्हें भारी सरकारी हिंसा का सामना करना पड़ा है। हालांकि, यह साफ है कि इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ शिकायतों ने राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ पर्यावरण से जुड़ी मांगों को भी एकजुट कर दिया है। 2021 में 'महिला, जीवन, आजादी' विरोध-प्रदर्शन शुरू होने से पहले पर्यावरण से जुड़े प्रदर्शन भी हुए, खासकर इस्फहान में जहां खेती के लिए पानी मोड़ने से जायंदरूद नदी सूख गई थी। कई लेख बताते हैं कि तेहरान के बाहरी इलाकों में रहने वाले शहरी गरीब इंडस्ट्री के प्रदूषण का सामना कर रहे हैं। पानी और ऊर्जा की कमी, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी जैसी परेशानियां भी हैं।

Q यहां जलवायु परिवर्तन की स्थिति कैसी है?
ज्यादा परेशानी दशकों से हो रहा बेकाबू डिवेलपमेंट है, जिसमें पानी को अनलिमिटेड रिन्यूएबल रिसोर्स मान लिया गया है। लेकिन जल भंडार सूखे तो धरती उन्हें सकुचित कर देती है।

Q ईरान में तेल की क्या भूमिका रही है?
बहुत-से लोगों ने तेल को देश की राजनीति बिगाड़ने वाली भ्रष्ट दौलत बताया है। तेल ऐसा संसाधन है, जो कई जगह बड़ी मात्रा में मौजूद है। टिम मिशेल ने अपनी किताब 'कार्बन डेमोक्रेसी' में लिखा है कि कंपनियों ने प्रॉडक्शन कम किया, जिससे तेल की बनावटी कमी बनी रहे, इससे कीमतें ऊंची रहती हैं और मुनाफा होता है। लेकिन यह तरीका सरकार के हितों से टकराता है क्योंकि सरकार को देश में तेल निकालने के मुताबिक रॉयल्टी मिलती थी। ईरान ने तेल इंडस्ट्री विकसित करने के लिए मालिकाना हक को लेकर भी नई व्यवस्था बनानी पड़ी। एक तरफ शाह (ईरान के सम्राट) का दावा था कि देश के सभी कुदरती संसाधन उसके हैं और वह उन्हें विदेशी निवेशकों को बेच सकता है। दूसरी तरफ, आम लोगों ने कहा कि जिस जमीन के नीचे तेल है, उस पर उनका अधिकार है। तेल इंडस्ट्री चलाने के लिए सरकार को सड़कें, रिफाइनरी, पाइपलाइन जैसे बुनियादी ढांचे और तकनीकी विशेषज्ञता भी विकसित करनी पड़ी। बड़ा असर यह हुआ कि तेल इंडस्ट्री से जुड़ा मजदूर वर्ग तैयार हो गया। 20वीं सदी में यही मजदूर वर्ग राजनीतिक रूप से भी जागरूक और सक्रिय हो गया।

विकास की पाइपलाइन में करप्शन और गैरबराबरी!

सिरुस मोवाहेदी-लंकरानी
अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ साउदर्न कैलिफोर्निया में ईरानी स्टडीज के एक्सपर्ट हैं।

सिरुस मोवाहेदी-लंकरानी आधुनिक ईरान के इतिहास पर काम करते हैं। वह कहते हैं, 'मेरा फोकस खासतौर से इस बात पर है कि तेल और नेचरल गैस जैसी एनर्जी ने ईरान के विकास, राजनीति और पर्यावरण को कैसे बदला। 1950 के दशक से ईरान की ऊर्जा खपत में नेचरल गैस का योगदान लगभग चीजों से बढ़कर तीन-चौथाई हो गया।'

तेल और गैस की कहानी

सिरुस का कहना है, 'हमें तेल और नेचरल गैस को अलग-अलग चीजें नहीं समझना चाहिए। जब ईरान तेल निकाल रहा था- चाहे विदेशी कंपनियों के माध्यम से या बाद में राष्ट्रीय स्तर पर संचालित तेल कंपनी के माध्यम से, तब वे नेचरल गैस का उत्पादन भी कर रहे थे। विदेशी तेल कंपनियां गैस में दिलचस्पी नहीं लेती थीं क्योंकि उसे निकालना और इस्तेमाल करना महंगा था। इसलिए गैस को इस्तेमाल में लाने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय पर आ गई। 1953 में तख्तापलट के बाद फिर से विदेशी कंट्रोल बढ़ा। इसी दौर में नेचरल गैस राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता, उपनिवेशवाद-विरोध और सम्प्रभुता से जोड़ दी गई। तब ईरानियों ने यहां तक कहा कि यह हमारी एनर्जी है, इसलिए हमें ही इसका फायदा उठाना चाहिए।'

पाइपलाइन और तकनीक

वह कहते हैं कि मैंने अपनी किताब 'एक्सेलरेट (Accelerant) में बताया है कि पाइपलाइन बहुत अहम थी। चाहे शाह का पहलवी शासन हो या बाद का इस्लामिक रिपब्लिक, दोनों ने बड़ी गैस रिफाइनरियां और लंबी पाइपलाइन बनाईं। ईरान के पहाड़ी इलाकों में यह काम बहुत महंगा और मुश्किल था। फिर भी इसे आत्मनिर्भर बनने का रास्ता माना गया।

पर्यावरण और प्रदूषण

वह कहते हैं, 'जब नेचरल गैस के लिए बुनियादी ढांचा बन रहा था, उसी समय ईरान तेजी से इंडस्ट्रियल देश बन रहा था। इसका नतीजा यह हुआ कि 1940 की शुरुआत से 1970 के दशक तक शहरों में भयानक एयर पॉल्यूशन हो गया। खासकर तेहरान, जो पहाड़ों के बीच बसा है और जहां पॉल्यूशन फंस जाता है। ईरानी लोगों को इसका अहसास था कि विकास से पैसा और सुविधाएं आएंगी। लेकिन वे कुदरती सुंदरता और साफ पर्यावरण को पीछे छोड़ रहे थे। उन्होंने लंदन और लॉस एंजिलिस जैसे शहरों को देखा, जहां लोग स्मॉग और पॉल्यूशन से मर रहे थे। उन्हें इस बात का अहसास था फिर भी लोग कारें चला रहे थे, जीवाश्म ईंधन इस्तेमाल कर रहे थे और नेचरल गैस को अपने सपने पूरे करने का जरिया मान रहे थे।'

उस ईरानी क्रांति की वजह

1950 के दशक से ईरानी सरकार का वादा रहा कि हम विकास के साथ सामाजिक और आर्थिक न्याय देंगे। शाह के समय भी यही कहा गया, क्रांति के बाद भी। लेकिन भेदभावों और करप्शन बहुत ज्यादा था। यही गुस्सा 1979 की ईरानी क्रांति की बड़ी वजह बना।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: cci Time: 01-24-2026 22:08 Color:

सौ दर्द 100 राहतें

चाहे दर्द तन का हो या फिर मन का, किसी न किसी वजह से होता है। शरीर हमें दर्द के ज़रिए से बताता है कि उस अंग में कुछ गड़बड़ी है, जिसे सुधारने की ज़रूरत है। यह सिर्फ ध्यान दिलाने और अलर्ट करने के लिए है। कभी दर्द अचानक होता है, कभी तेज़ होता है तो कभी हल्का। हमें इन सारे संकेतों को समझना चाहिए। शरीर में होने वाला कौन-सा दर्द क्या कहना चाहता है? देश के बेहतरीन एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे है लोकेश के. भारती

दर्द कभी शरीर की चेतावनी होता है तो कभी गंभीर बीमारी का संकेत भी। ऐसे पहचानें हर दर्द को:

AI Image

दर्द शरीर की सबसे सशक्त भाषा है। जब शरीर किसी असंतुलन, चोट, बीमारी या तनाव का सामना करता है तो वह शब्दों में नहीं बल्कि दर्द के ज़रिए बताता है। जैसे फीवर कोई बीमारी नहीं है बल्कि लक्षण है। फीवर यानी बुखार तब आता है जब कोई वायरस, बैक्टीरिया आदि शरीर में पहुंचकर हमें बीमार करता है और शरीर के सैनिक यानी ऐंटिबॉडी रोक पाने में सफल नहीं हो पाते तो शरीर अपना तापमान बढ़ाकर (बुखार लाकर) इनका डटकर कम करता है।

ठीक उसी तरह शरीर में होने वाला दर्द भी लक्षण है। हमारा शरीर बताना चाहता है कि अंदर सब कुछ सामान्य नहीं है। अंदर कुछ ऐसा हो रहा है जो सही नहीं है। यह शरीर के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। हमारा शरीर दर्द देता है, ताकि हम उस परेशानी को खत्म करने की कोशिश जल्दी करें। चाहे वह परहेज से हो, दवा से या सर्जरी से या फिर किसी दूसरे तरीके से। जितनी बड़ी समस्या होती है अमूमन दर्द भी उतना ज्यादा और लंबे समय तक होता है। हर दर्द के पीछे कोई न कोई वजह, संदेश और अर्थ छिपा होता है। मान लें किसी को दर्द के साथ बुखार भी हो रहा है, चक्कर आ रहे हैं, दस्त हो रहे हैं, सीने में दर्द के साथ पसीने आ रहे हैं आदि। दर्द के साथ ऐसे लक्षणों का मतलब है कि मामला गंभीर हो सकता है।

सोच कर देखें कि अगर शरीर में कोई गंभीर परेशानी हो जाए, लेकिन उसकी वजह से कोई दर्द न हो तो हमें उस बीमारी या परेशानी का अहसास ही नहीं होगा। ऐसे में वह गंभीर रूप ले सकती है। इलाज में भी मुश्किल आ सकती है। इसलिए दर्द होना सही है, ताकि बीमारी का पता चलता रहे।

दर्द है इशारा न हो तो नुकसान

कैंसर के कुछ मामलों में ट्यूमर बनने के बाद भी दर्द नहीं होता। ऐसे मामले तब होते हैं जब ट्यूमर को फैलने के लिए खाली जगह मिल रही हो। मसलन: छोटी आंत, बड़ी आंत का ट्यूमर। जब यहां पर ट्यूमर बनता है तो उसे फैलने के लिए काफी स्पेस मिलता है। ऐसे में यहां के ट्यूमर की वजह से कोई दबाव नहीं बनता। आंतों में बनने वाले ट्यूमर की वजह से कई बार दर्द ही नहीं होता। कुछ मरीजों को चौथी स्टेज में जाकर इसका पता चल पाता है। ऐसे में हर शख्स को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी लक्षण जो पहले नहीं होता हो, अगर वह महसूस होता है और लगातार हो रहा है तो उसे गंभीरता से लें। मान लें कि किसी को पहले कब्ज नहीं रहती थी। बीते कुछ दिनों से उसे काफी गंभीर कब्ज रहने लगे तो आगे जांच की जरूरत है। यह न सोचें कि दर्द नहीं है तो खतरा नहीं। इसी तरह की स्थिति महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले में बनती है। अगर खुद ही ट्यूमर को न जांचे तो स्थिति खराब भी हो सकती है।

दर्द तब होता है महसूस

जब नसें (Nerves) हमारे दिमाग को ये संकेत भेजती हैं कि शरीर में कहीं कोई गड़बड़ी है। जब शरीर के किसी हिस्से में ऐसा बदलाव होता है जिसे शरीर नुकसान के रूप में पहचानता है। उस नुकसान को खतरा समझता है। जितना बड़ा खतरा समझेगा, दर्द भी उतना ही होगा। अगर किसी चोट से लगता है कि शरीर को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है तो मुमकिन है कि दर्द कम ही होगा। चोट, सूजन, इन्फेक्शन, दबाव, खिंचाव या केमिकल चेंज होने के बाद शरीर में मौजूद विशेष संवेदनशील नसें, जिन्हें पेन रिसेप्टर्स कहा जाता है, इन बदलावों को पहचान लेती हैं। जैसे ही ये रिसेप्टर्स ऐक्टिव होते हैं तो वे नसों के माध्यम से इलेक्ट्रो-केमिकल सिग्नल ब्रेन की ओर भेजते हैं। ये सिग्नल सबसे पहले रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) तक पहुंचता है। वहां से ये सिग्नल कई स्तरों पर अलग होता है। कुछ संकेत रिफ्लेक्स ऐक्शन यानी फौरन ऐक्टिव होने के लिए होते हैं, जैसे हाथ को गर्म चीज से हटाना, बहुत ज्यादा ठंडी चीजें छूने ही उंगलियों को हटा लेना। इस ऐक्शन की स्पीड एक सेकंड में 80 से 120 मीटर की होती है। वहीं, हमारी औसत हाइट 1.5 मीटर से 1.75 मीटर तक होती है यानी हमें इस तरह के दर्द का अहसास होने में 1 सेकंड का चौथाई से 10वें हिस्से का ही वक्त लगता है। वहीं, कुछ सिग्नल आगे ब्रेन तक भेजे जाते हैं। वहां दर्द की पहचान होती है। साथ ही यह भी समझा जाता है कि दर्द उस शख्स के लिए कितना तेज है और उसे कितनी जल्दी उस परेशानी को ठीक कर लेना चाहिए। इसलिए एक ही तरह की चोट में कुछ लोगों को ज्यादा दर्द होता है और कुछ को कम। कभी-कभी खेल या दुर्घटना के समय चोट लगने के बावजूद फौरन तेज दर्द महसूस नहीं होता क्योंकि उस समय शरीर एड्रेनालिन जैसे हार्मोन छोड़ता है जो दर्द के सिग्नल को कुछ समय के लिए दबा देता है।

कुछ झूठे दर्द

दर्द का अनुभव सिर्फ शारीरिक नहीं होता, उसमें भावनात्मक और मानसिक स्थिति की भी भूमिका होती है। स्ट्रेस, एंग्जायटी, डिप्रेशन, डर आदि स्थितियां दर्द को बढ़ा सकती हैं। वहीं, भरोसा, शांति और पॉजिटिव थिंकिंग दर्द में कमी महसूस करा सकती हैं। कई बार मेडिकल टेस्ट नॉर्मल होने पर भी शख्स को असल दर्द होता है क्योंकि मस्तिष्क और नसें उस दर्द को सच में महसूस कर रही होती हैं। कुछ स्थितियों में दर्द तब भी महसूस होता है जब असल चोट ठीक हो चुकी होती है। इसे क्रॉनिक या न्यूरोपैथिक दर्द कहा जाता है। इसमें नसें खुद ही गलत सिग्नल भेजने लगती हैं और दिमाग उस झूठे संकेत को भी दर्द के रूप में अनुभव करता है।

रहें अलर्ट

- अगर किसी को कोई बीमारी हो जाए, शरीर में चोट लग जाए और दर्द का पता न चले तो यह ज्यादा खतरनाक स्थिति है।
- अगर दर्द की वजह पता है यानी बीमारी की जानकारी हो गई है। ऐसे में दर्द या बीमारी का निदान आसान है।
- दर्द का पता अमूमन तब नहीं चलता जब नसों में खराबी आ गई हो। यह गंभीर डायबीटीज का संकेत भी हो सकता है।
- दर्द को दबाने के लिए पेन किलर का इस्तेमाल तभी करना चाहिए जब वह दर्द बेचैन कर दे।
- अगर पेन किलर का असर खत्म होने के बाद दर्द फिर से शुरू हो जाए तो भी इसे गंभीरता से लेना चाहिए।
- अगर कोई दर्द सिर्फ रात में ही हो। यह लगातार 15 दिनों से ज्यादा समय से हो रहा हो तो इलाज गंभीरता से कराएं।
- कुछ लोगों में माइग्रेन पेन के ट्रिगर होने की वजह कॉफी, कोल्ड ड्रिंक, चॉकलेट और खट्टे फल हो सकते हैं।

ऐसे दर्द को लें गंभीरता से

- शरीर ही दर्द पैदा करता है। उसका मकसद सिर्फ इतना है कि हम उस परेशानी को दूर कर दें।
- जब दर्द अचानक हो और दर्द के साथ दूसरे लक्षण भी उभरें, चाहे वह बुखार ही क्यों न हो।
- सीने में दर्द हो और इसके साथ पसीने आएं। पसीने रात में सोने के दौरान भी आएं। सांस लेने में परेशानी हो।
- शरीर में कहीं दर्द के साथ ठंड भी लगे, बुखार आए, वजन कम हो जाए, आंखें बहुत ज्यादा सूजन हो जाए।
- अगर दर्द कम होने के बजाय धीरे-धीरे बढ़ता ही जाए तो भी इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

महसूस होने के आधार पर दर्द की 3 कैटिगरी

तेज दर्द

इसे एक्यूट पेन भी कहते हैं। यह अचानक शुरू होता है और आमतौर पर किसी खास वजह से होता है। मसलन: चोट लगना, कटना या जलना, सर्जरी के बाद दर्द, दांत का अचानक होने वाला दर्द आदि। इस तरह के दर्द का मकसद सिर्फ सावधान करना होता है। यह शरीर का अलार्म सिस्टम है। यह बताता है कि अभी-अभी कुछ गलत हुआ है। इसलिए जिस भी वजह से हो रहा है उसे रोके जाने की जरूरत है। मान लें कि किसी की उंगली सब्जी काटने के दौरान थोड़ी-सी कट गई। जैसे ही कटी दर्द शुरू हुआ और मुमकिन है खून निकलना भी शुरू हो जाए। अब अगर दर्द न हो तो यह पता ही नहीं चलेगा कि उंगली कटी भी है। सीधे कहें तो दर्द आगे होने वाले नुकसान से बचाने का एक तरह का इशारा है।

अहम बात: अगर किसी शख्स को तेज दर्द थोड़े वक्त के लिए हुआ है और फिर बंद हो गया। आगे कभी दोबारा नहीं हुआ तो यह सामान्य है। लेकिन अगर यही दर्द असहनीय हो जाए या बढ़ता जाए तो यह अंदरूनी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है

रुक-रुक कर दर्द

यह कभी-कभी होता है। यह बिना पैटर्न के भी हो सकता है। **अमुगमन मासिक धर्म के दौरान दर्द और क्रॉनिक माइग्रेन रुक-रुक कर होने वाले दर्द के उदाहरण है।** यह अचानक भी हो सकता है। इसके अलावा **पेट में अपच की वजह से** होने वाला दर्द भी ज्यादातर रुक-रुक कर हो सकता है।

पुराना दर्द

कहते हैं कि पुराना जख्म और पुराना दर्द बहुत परेशान करता है। यह सच भी है। **जब दर्द 3 महीने या उससे ज्यादा समय तक बना रहता है तो उसे पुराना दर्द कहा जाता है। मसलन: कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गर्दन या कंधे का दर्द, माइग्रेन आदि का दर्द।** पुराने दर्द के माध्यम से शरीर सिर्फ यह बताता है कि शरीर की बनावट के स्तर पर परेशानी हुई है जो ठीक नहीं हो पा रही है। इस तरह की परेशानी की वजह से या तो **नसों दब** रही हैं या ज्यादा संवेदनशील हो गई हैं।

अहम बात: यह समझना भी जरूरी है तेज दर्द होने से ही मामला गंभीर नहीं हो जाता। कई बार हल्का दर्द धीरे-धीरे बढ़ता है। ऐसे मामले भी गंभीर हो सकते हैं।

किस तरह के दर्द में कैसी हो सिकाई?

...तब ठंडी सिकाई



तुरंत लगी ऐसी चोट जिससे खून न निकल रहा हो और सूजन हो, उस पर ठंडी सिकाई करना अच्छा विकल्प है। इसमें भी ड्राई कोल्ड बेहतर है। कोल्ड जैल पैक से सिकाई की जा सकती है। यह ध्यान रहे कि जिस कोल्ड पैक का इस्तेमाल कर रहे, वह मुड़ने वाला (फोल्डेबल) होना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा एरिया पर सिकाई हो सके। यह सिकाई अगले 24-48 घंटे होनी चाहिए। फिर भी सूजन कम न हो तो डॉक्टर से मिल लें।

...तब गर्म सिकाई

गर्म सिकाई का फायदा ज्यादातर उन मांसपेशियों पर होता है जिनमें जकड़न यानी (Stiffness) रहती हो जैसे स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) और घुटने आदि में। इससे उस दर्द में फौरन कुछ राहत मिल जाती है। इसके लिए कॉटन के टॉवल आदि का उपयोग कर सकते हैं। अगर टखनों, तलवों आदि में दर्द हो तो बर्दाश्त करने लायक गर्म पानी में अपने पैरों को 10 मिनट के लिए रखने से फायदा होता है।

इंफ्रारेड लैंप से सिकाई

इसकी सिकाई से भी फायदा मिलता है। इसकी सिकाई कम से कम 1 फुट की दूरी से होनी चाहिए। कम गर्मी चाहिए तो लैंप को कुछ और दूर रखना चाहिए।

नोट: ठंडी सिकाई 10 से 15 मिनट के लिए दिन में 4 से 5 बार 2 दिनों तक करें। अगर कोई शख्स शुगर का मरीज है तो उसकी त्वचा की संवेदनशीलता (सेंसेशन) सही है या नहीं, देखना चाहिए। कभी-कभी संवेदनशीलता कम होने की वजह से स्किन बर्न की परेशानी हो जाती है।

दर्द के मामलों में फिजियोथेरपी तब...

जब मूवमेंट में परेशानी हो

शरीर में जितनी भी तरह के मस्कुलर मूवमेंट हैं, मसलन: टखना (एंकल), घुटने, कमर, कलाई, कोहनी, कंधा, गर्दन आदि के जोड़- इनसे जुड़ी हुई कोई भी परेशानी हो तो फिजियोथेरपी वहां कारगर है।

मांसपेशियों से परेशानी: अगर किसी मांसपेशी में खिंचाव या कोई परेशानी हुई तो फिजियोथेरपी कारगर।

फिटनेस बनाने में भूमिका: फिजियोथेरपी किसी भी शख्स के फिटनेस लेवल को बनाकर रखने में अहम भूमिका निभाती है।

फिजियोथेरपी का इस्तेमाल

- शरीर को मजबूत बनाने में
- ग्रेफ्ट्स के दौरान, डिलीवरी के बाद
- छाती में कलफ जमा होने (क्रॉनिक ब्रॉन्काइटिस), COPD में, बच्चों की जन्मजात बीमारी सेरेब्रल पेल्सी के सुधार में।

एक्सपर्ट पैनल

डॉ. एम. वी. पद्मा श्रीवास्तव, चेयरपर्सन, न्यूरोलॉजी, पारस हॉस्पिटल

डॉ. विवेक लुम्बा, सीनियर कंसल्टेंट, पेन मैनेजमेंट, इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर

डॉ. राजीव अग्रवाल इंचार्ज, न्यूरो-फिजियोथेरपी, AIIMS

डॉ. जुझार सिंह, असिस्टेंट प्रफेसर, स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर, ऑर्थो, सफदरजंग

डॉ. अंशुल वार्ष्णेय सीनियर कंसल्टेंट, फिजिशन ऐंड इंडोक्रिनॉलजिस्ट

इसलिए पेट दर्द ...

पेट दर्द की परेशानी को सामान्य रूप से हम पहचान सकते हैं कि यह किस वजह से हो रही है। हालांकि आखिरी फैसला जांच के बाद डॉक्टर ही करेंगे।

नाभि के ऊपरी हिस्से को दो और नीचे के हिस्से को भी दो भागों में बांट लें।

- अगर ऊपर के हिस्से में दर्द हो रहा है तो लिवर और गॉल ब्लैडर की परेशानी हो सकती है।
- अगर सेंटर में तो यह गैस का दर्द हो सकता है या हार्ट से जुड़ा मामला हो सकता है।
- नाभि से नीचे होना और वह दर्द पीछे की ओर जाए तो यह किडनी में स्टोन का दर्द हो सकता है। अगर राइट साइड में हो तो राइट किडनी और लेफ्ट में लेफ्ट किडनी का मामला।
- वहीं, अगर राइट साइड में दर्द हो और यह पीछे के बजाए नीचे की ओर ही बना हुआ है तो यह अपेंडिक्स का दर्द हो सकता है।

शरीर पर असर के आधार पर

हल्के दर्द: ऐसे दर्द होते हैं अमूमन कम गंभीर

ऐसा नहीं है कि शरीर में गंभीर मामलों में ही दर्द होता है। ज्यादातर दर्द कम गंभीर ही होते हैं। ऐसे दर्द में आराम करने से, सिकाई आदि करने और कभी-कभी पेन किलर लेने से काफी फायदा होता है।

- एक्सरसाइज करने से या किसी चीज पर जोर लगाने के बाद हल्का-मध्यम दर्द होना। ऐसे मामलों में आराम, गर्म/ठंडी सिकाई या साधारण दर्द निवारक से आराम मिल जाता है। ऐसे दर्द अमूमन कम समय के लिए होते हैं। ऐसे दर्द के साथ दूसरे लक्षण नहीं होते।
- नींद पूरी न होने की वजह से भी सिर दर्द हो सकता है। लेकिन नींद पूरी होते ही यह दर्द ठीक हो जाता है।

गंभीर दर्द: अलर्ट होने की जरूरत

किसी भी दर्द को समझना और उसे दूर करना तब बेहद आसान हो जाता है जब दर्द की वजह पता हो। सीधे कहें तो उस परेशानी या बीमारी की वजह पता हो। जब बीमारी का इलाज हो जाए तो दर्द भी दूर हो जाता है।

सीने में: ऐसे हर दर्द को गंभीरता से लें। खासकर जब सीने का दर्द लेफ्ट हाथ या जबड़े या दांत तक पहुंच जाए और बढ़ता ही जाए। मुमकिन है कि साथ ही सीने में भारीपन, सांस लेने में परेशानी आदि भी हो।

पोट लगने की वजह से मांसपेशियों में: इस तरह का दर्द भी तेज होता है। चोट के आसपास की मांसपेशियों को दबाने से यह तेज हो जाता है। मूवमेंट में परेशानी हो तो डॉक्टर से मिलें।

हड्डी फ्रैक्चर होने से उस ज़ोन में: हड्डी टूटने की वजह से होने वाला दर्द काफी तेज होता है। अगर चोट लगने के बाद उस अंग पर हल्का दबाव भी बर्दाश्त न हो।

लिगामेंट के खिंचाव की वजह से जोड़ों में: अक्सर खेलते हुए इस तरह की परेशानी हो जाती है। अगर उस अंग पर दबाव बनाना मुश्किल हो जाए तो गंभीरता से लेना चाहिए।

सर्जरी की वजह से उस हिस्से में: इसके लिए अक्सर डॉक्टर पेनकिलर दे देते हैं।

धूप में देर तक रहने से सिर में: यह धूप से हटने के बाद अक्सर कम हो जाता है या फिर खत्म।

तेज भूख लगने की वजह से सिर में या पेट में: सभी के साथ ऐसा नहीं होता, लेकिन कुछ लोगों के साथ ऐसा हो सकता है।

लूज मोशंस की वजह से पेट में: यह दर्द मरोड़ जैसा होता है।

खांसी की वजह से सीने में: कई बार खांसते-खांसते सीने में दर्द होने लगता है।

गैस की वजह से पेट या सीने में: गैस वाला दर्द अमूमन हल्की-फुल्की दवाओं से या उपाय करने से खत्म हो जाता है।

दांत दर्द: अगर दर्द सिर्फ दांतों में है तो इसका इलाज डेंटिस्ट कर सकते हैं, लेकिन अगर इसके साथ सीने में भारीपन आदि भी हो तो यह दिल से जुड़ा हुआ मामला भी हो सकता है।

जॉइंट पेन: यह आर्थराइटिस, गाउट आदि की वजह से होता है। इसमें डॉक्टर की सलाह से लाइफस्टाइल में बदलाव अहम हो जाता है।

ऐसा दर्द हो तो फौरन कराएं इलाज

नसों से जुड़े मामलों में

- हाथों में सुन्नपन, झनझनाहट या जलन जैसा अहसास हो। यह न्यूरोपैथी का दर्द भी हो सकता है। शुगर के पुराने मरीजों में हो सकता है।
- गर्दन का दर्द बाजू तक पहुंचे तो यह नसों के दबने की वजह से हो सकता है। इसी तरह दर्द जांघों से पैरों तक जाए या कमर से पैरों में फैल जाए। ऐसे दर्द अमूमन साइटिका से होते हैं।
- हाथ या पैर में कमजोरी लगातार रहे
- यूरिन या शौच पर काबू न रहे
- सिर या कान में तेज दर्द और चलने में परेशानी या संतुलन बिगड़े
- अचानक बहुत तेज सिरदर्द (खासकर दूसरे लक्षणों के साथ)।

पेट से जुड़े मामलों में

- जब लूज मोशंस के साथ स्टूल से खून आए।
- अगर किसी को पेट में दर्द, जलन हो लेकिन यह दर्द धीरे-धीरे बढ़ता ही जाए। साथ में पसीना आए, छाती में भारीपन महसूस हो।
- जब सिर दर्द हल्का ही सही, लगातार रहे, कई दिनों से हो रहा हो।

जोड़ों के मामले में दर्द

यह गंभीर जोड़ों की बीमारी या पूरे शरीर से जुड़ी समस्या का संकेत हो सकते हैं और ऐसे में फौरन ही डॉक्टर से मदद लेना जरूरी है।

- सूजन-सूजन/इन्फेक्शन से जुड़ा मामला हो और जोड़ लाल, गर्म और सूजन हो, साथ में तेज दर्द भी हो। हर्पीज की वजह से भी छाती में या सीने में दर्द हो सकता है। जॉइंट पेन के साथ बुखार या ठंड भी लगे।
- हल्की-सी हरकत या टच होने पर भी बेहद तेज दर्द हो।
- उस अंग पर बिलकुल भी दबाव न बना पाए।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK2 User: vivek.kumar4 Time: 01-24-2026 21:38 Color:

88825 20000

RERA NO - UPRERAPRJ939595/03/2025
RERA WEBSITE - WWW.UP-RERA.IN/PROJECTS | PROJECT LAUNCH DATE: 25.03.2025
PROJECT COLLECTION BANK A/C DETAILS- BANK NAME: HDFC BANK LTD.,
BRANCH: ANSALS FORTUNE ARCADE, K BLOCK , SECTOR-18, NOIDA
A/C NAME: THREE C HOMES PVT. LTD. | RERA COLLECTION ACCOUNT ACE HIVE
PROJECT COLLECTION ACCOUNT NUMBER: 99999916111213

UNRIVALED CONNECTIVITY TO EVERYTHING THAT MATTERS



Positioned along one of North India's fastest-growing corridors, this destination enjoys unmatched visibility and movement-bridging international travel, high-speed access, and future-ready infrastructure. A strategic address that keeps businesses within minutes of key landmarks while placing them miles ahead in growth.

- ~30 Mins. To Noida International Airport
- ~15 Mins. To Gautam Buddha University
- ~10 Mins. To Noida International University
- ~14 Mins. To Galgotias University
- ~40 Mins. To Delhi–Noida Direct Flyway (DND)
- A Walk Away From Buddh International Circuit
- Moments Away From Olympic City And Film City

ACE fulfilling ACEpirations | SAROVAR HOTELS

COMING SOON AT YAMUNA EXPRESSWAY

Site Add: Plot No C1, In Plot No Ts 1, Sector 22a, Yamuna Expressway, Gautam Buddha Nagar - 203201 | UP RERA Registration Number: UPRERAPRJ939595/03/2025 | www.up-rera.in/projects | www.acegroupindia.com

Disclaimer: Images, layouts and amenities are indicative and artist's impressions only and do not constitute a legal offer; actual deliverables shall be as per sanctioned plans, approvals and the Agreement for Sale. RERA Reg. No.: UPRERAPRJ939595/03/2025, Promoter: M/s Three C Homes Pvt. Ltd. ("ACE Hive"), project land approx. 20,243 sq. m. at Plot No. C 1, TS 01, Sector 22A, Yamuna Expressway Industrial Development Area, YEIDA. Project Collection Account Number: 99999916111213. Project Launch Date: 25.03.2025. Sarovar Hotels shall act only as hospitality operator/manager for designated areas; all development and interiors of units and common areas are by ACE Group/its contractors and not by Sarovar Hotels. For complete and updated project information, please refer only to www.up-rera.in and www.acegroupindia.com; the Promoter is not responsible for information on unauthorised third party platforms. ~ Sign denotes that the distances mentioned are approximate.

T&C Apply*

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA16 User: cci Time: 01-24-2026 22:10 Color:

हेलो फ्रेंड्स, आपको पता है कि दुनिया में 195 देश हैं और सबमें कुछ न कुछ खास है। इनमें से कई देशों के नाम आपस में इतने मिलते-जुलते हैं कि अक्सर कन्फ्यूजन हो जाता है। आज ऐसे ही कुछ देशों के बारे में बात करते हैं, जिनके नाम आपस में बहुत मिलते हैं, लेकिन वे एक-दूसरे से बिलकुल अलग हैं:

मिलते-जुलते नाम पर देश हैं अलग

Sudan & South Sudan

सूडान
(राजधानी-खार्तूम, करंसी-सूडानी पाउंड)
- 1 जनवरी 1956 को ब्रिटेन-मिस्र से आजादी मिली थी।
- इसका ज्यादातर इलाका रेगिस्तानी है।
- मेरो शहर के पास 200 से ज्यादा प्राचीन पिरामिड हैं।
- यहां अरबी भाषा और इस्लामी संस्कृति सबसे ज्यादा दिखती है।

साउथ सूडान
(रा.-जुबा, करंसी- सा. सूडानी पाउंड)
- लंबे गृह युद्ध बाद 9 जुलाई 2011 को सूडान से अलग हुआ।
- यह दुनिया का सबसे नया आजाद देश माना जाता है।
- यहां सबसे ज्यादा संख्या ईसाई धर्म मानने वालों की है।

Ireland & Iceland

आयरलैंड
(राजधानी-डबलिन, करंसी-यूरो)
- इसे पन्ना द्वीप कहते हैं क्योंकि यहां खालभर हरी-भरी घास रहती है।
- एक पुरानी कहानी है कि यहां के संत पैट्रिक ने देश से सारे सांपों को भगा दिया था, इसलिए यहां सांप नहीं है।
- यह ब्रिटेन के बगल में स्थित एक द्वीप है और यहां बहुत बारिश होती है।

आइसलैंड
(रा.-रेकजाविक, करंसी-आइसलैंडिक क्रोना)
- ज्वालामुखी, ग्लेशियर दोनों होने से इसे आग और बर्फ की जमीन कहते हैं।
- यहां के लोग एल्फ्स (Elves) यानी छोटे जादुई बौनों पर विश्वास करते हैं।
- नाम में आइस होने के बावजूद यहां गर्म पानी के कई Hot Springs हैं।

Photos: Adobe Stock

Nigeria & Niger

नाइजीरिया
(राजधानी-अबुजा, करंसी-नायरा)
- अफ्रीका का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश जिसे Giant of Africa कहते हैं।
- यहां अंग्रेजी मुख्य भाषा है क्योंकि यहां ब्रिटेन का शासन था।
- यहां की फिल्म इंडस्ट्री नॉलीवुड दुनिया भर में बहुत मशहूर है।
- यहां 250 से ज्यादा कबीले हैं।

नाइजर
(राजधानी-नियामे, करंसी-CFA फ्रैंक)
- इसका 80% हिस्सा सहारा रेगिस्तान से ढंका है और यहां बहुत गर्मी पड़ती है।
- यहां फ्रेंच भाषा बोली जाती है क्योंकि यह कभी फ्रांस का गुलाम था।
- यहां डायनासोर का जीवाश्म नाइजरसॉरस मिला था, जिसके 500 दांत थे।

Somalia & Somaliland

सोमालिया
(रा.-मोगादिशु, करंसी-सोमाली शिलिंग)
- यह अफ्रीका के हॉर्न (सींग जैसा आकार) पर स्थित है। इसका समुद्र तट लंबा है।
- लंबे समय तक गृह युद्ध और समुद्री लुटेरों की वजह से खबरों में रहा है।
- इसे पूरी दुनिया एक आजाद देश मानती है और इसका झंडा यूनाइटेड नेशंस में लगा है।

सोमालीलैंड
(रा.-हरगेइसा, करंसी-सोमालीलैंड शिलिंग)
- इसने खुद को सोमालिया से अलग कर लिया है और खुद को अलग देश मानता है, पर दुनिया इसे मान्यता नहीं देती।
- यहां सोमालिया के मुकाबले बहुत शांति है और अपनी अलग सरकार और पुलिस है।

Austria & Australia

ऑस्ट्रिया
(राजधानी-वियना, करंसी-यूरो)
- यह यूरोप के बीच में स्थित एक पहाड़ी देश है, जहां आल्प्स माउंटेन रेंज है।
- यहां के लोग अक्सर टी-शर्ट पहनते हैं, जिस पर लिखा होता है No Kangaroos in Austria.
- यहां जर्मन भाषा बोली जाती है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरा है।

ऑस्ट्रेलिया
(रा.-कैनबरा, करंसी-ऑस्ट्रेलियाई डॉलर)
- यह एक पूरा महाद्वीप भी है और देश भी, जो चारों तरफ समुद्र से घिरा है।
- यहां कंगारू, कोआला और प्लैटिपस जैसे अनोखे जानवर पाए जाते हैं जो किसी दूसरी जगह नहीं मिलते।
- इसका ज्यादातर हिस्सा रेगिस्तानी है।

North & South korea

नॉर्थ कोरिया
(रा.-प्योंगयांग, करंसी-नॉर्थ कोरियन वॉन)
- दुनिया का सबसे रहस्यमयी देश, जहां आम लोग इंटरनेट नहीं चला सकते।
- यहां किम परिवार का शासन है और लोग नेताओं को भगवान की तरह मानते हैं।
- यहां अपना अलग कैलेंडर चलता है जो उनके पहले नेता के जन्मदिन से शुरू होता है।

साउथ कोरिया
(रा.-सियोल, करंसी-स. कोरियन वॉन)
- यह टेक्नॉलजी में बहुत आगे है, सैमसंग और हुंडई जैसी कंपनियां यहां की हैं।
- यहां का के-पॉप म्यूजिक और किमची डिश पूरी दुनिया में मशहूर है।
- यहां बहुत तेज इंटरनेट स्पीड मिलती है और लोग विडियो गेम के शौकीन हैं।

डेडली कॉम्बो

इस कॉलम में हम ऐसी चीजों के बारे में जानेंगे जिन्हें कॉम्बो में लेने से वे ज्यादा नुकसान करते हैं यानी यह डेडली कॉम्बिनेशन है। अगर इन्हें सही तरीके से खाएं या पिएं तो कम नुकसान करेंगे या फिर फायदा भी हो सकता है।

ऐसे खाएं हेल्दी पॉपकॉर्न

हेलो फ्रेंड्स, पॉपकॉर्न की खुशबू और उसका टेस्ट अक्सर हम इसे खाने के लिए अपनी और खींच ही लेता है। वैसे थियेटर में मूवीज देखते हुए पॉपकॉर्न खाना सभी को पसंद आता है, लेकिन इसके लिए मम्मा-पापा को पॉकेट ढीली करनी पड़ती है। आप लोगों ने एक बात पर गौर नहीं किया होगा। थियेटर में मिलने वाले पॉपकॉर्न और घर पर बनने वाले पॉपकॉर्न में कुछ फर्क होता है। बटर और ज्यादा नमक का। ये दोनों सही क्वॉलिटी और सही मात्रा में न हों तो हेल्थ को नुकसान करती है। साथ में, कोल्ड ड्रिंक्स भी गटक ली तो वजन भी बढ़ता है और बॉडी की इम्यूनिटी भी कमजोर होने लगती है। देखते है कैसे:

नॉर्मल पॉपकॉर्न
(बिना बटर: फोयदेमंद)
कैलरी: लगभग 30-35 कैलरी (1 कप)
गर्म हवा में तैयार, इसे एयर-पॉप्ड भी कहते हैं, बिना तेल/बटर का
नुकसान: नहीं होता। फायदा ही होता है। बढ़िया फाइबर और कैलरी भी कम।

बटर वाले पॉपकॉर्न
(सिनेमाहॉल में: डेडली कॉम्बो)
कैलरी: लगभग 120-150 कैलरी (1 कप)
बड़े टब में: 800-1000 कैलरी तक
नुकसान: ट्रांस फैट ज्यादा, बैड कलेस्ट्रॉल बढ़ाता है।

कोल्ड ड्रिंक
कैलरी: लगभग 140-150 कैलरी (300ml)
नुकसान: ज्यादा नुकसान है। कोई फाइबर नहीं, कोई न्यूट्रिशन नहीं। सिर्फ शुगर और फैट स्टोरेज बढ़ाता है।

ज्यादा नमक वाले
(बटर के साथ: डेडली कॉम्बो)
कैलरी: 80-120 कैलरी सिर्फ 1 कप में, वहीं थिएटर स्टाइल में मात्रा बढ़ने पर 800-1000 कैलरी
फैट: 6-9 ग्राम फैट, सैचुरेटेड फैट ज्यादा होता है। कई जगह ट्रांस फैट का भी इस्तेमाल
नुकसान: ज्यादा नमक लेने से आगे चलकर बीपी का भी खतरा

ज्यादा नमक वाले
(बिना बटर: डेडली कॉम्बो)
कैलरी बिना बटर वाले में: 35-40 कैलरी (1 कप)
नुकसान: धीरे-धीरे बीपी की परेशानी

खाने का स्मार्ट तरीका
अगर थियेटर में पॉपकॉर्न ले रहे हैं तो बिना बटर का लेना ज्यादा सही है। अगर इच्छा ज्यादा बटर वाले पॉपकॉर्न लेने की हो रही है तो कोल्ड ड्रिंक रिफ्यूज कर सकते हैं। वैसे सबसे बढ़िया है घर पर तैयार पॉपकॉर्न। घर पर चाहे तो हेल्दी घी या बटर थोड़ी मात्रा में मिला सकते हैं और कुछ नमक भी।

सबसे डेडली कॉम्बो है ज्यादा नमक वाले बटर पॉपकॉर्न के साथ कोल्ड ड्रिंक

टिप्स, ट्रिक्स, आइडियाज़

लोन खत्म हो तो राहत की सांस लें या नया लोन?

जब हम एक साथ कई EMI के बोझ तले दबे हों तो सोचते है कि ये लोन कब खत्म होंगे? फिर जब Loan Closed का मेसेज आता है तो दिल कहता है कि एक EMI खत्म हुई तो क्यों न कुछ नया खरीद लें? टॉपअप के लिए कॉल या मेसेज भी आने लगते है, जबकि कोई EMI खत्म होने से अकाउंट में पैसे ज्यादा बचने पर कई ऑप्शन हो सकते है। इसी बारे में एक्सपर्ट्स से बात कर जानकारी दे रहे हैं वरुण आनंद

एक्सपर्ट्स का कहना है कि हर फैसला कई चीज़ों पर निर्भर करता है। सबसे पहले अपने हालात और ज़रूरत को देखें। उनका सही एनालिसिस करेंगे तो जवाब मिल जाएगा कि क्या करना है।

एक्सपर्ट पैनल

तारेश भाटिया
सर्टिफाइड फाइनेंशल प्लानर

सुधीर कुमार गुप्ता
फाइनेंशल प्लानर

केस स्टडी

44 साल के अरुण रस्तोगी पिछले एक दशक से होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन के चक्र में फंसे हुए थे। पिछले महीने ही उन्होंने कार की आखिरी EMI चुकाई जो करीब 10 हजार रुपये थी। इससे पहले ही वह सोचने लगे थे कि जब उनके बैंक अकाउंट में 10 हजार रुपये ज्यादा बचेंगे तो वह क्या करेंगे? उन्होंने सोचा कि उनका मोबाइल फोन 4 साल पुराना हो गया है। क्यों न अपडेट किया जाए? उन्होंने महंगा स्मार्टफोन लेकर 8 हजार की नई EMI शुरू कर दी। उन्हें अच्छा महसूस तो हुआ, लेकिन बाद में जब फ्रेंड सुरेश से बात की तो उन्हें अपने फैसला गलत लगा। सुरेश भी अरुण जैसे ही हालात में थे, लेकिन 6 महीने पहले जब उनकी एक EMI खत्म हुई थी तो उन्होंने फैसला किया कि नई चीज खरीदने की जगह उन पैसों का इस्तेमाल अपने पुराने लोन को जल्दी चुकाने के लिए करेंगे। इससे इंट्रेस्ट भी बचा और जो लोन 4 साल बाद खत्म होने वाला था वह 3 साल में खत्म हो जाएगा।

एक EMI खत्म होने के बाद ये होते हैं ऑप्शन

1. दूसरे लोन को जल्दी खत्म करने के लिए उसकी EMI को बढ़ाना।
2. म्यूचुअल के लिए फंड जोड़ना है तो SIP शुरू करना।
3. फिर से कोई नया लोन लेना या नई चीज को खरीद लेना।

सबसे पहले थोड़ा रिलैक्स करें

एक EMI खत्म होना बड़ी कामयाबी होती है। अच्छा होगा कि थोड़ा रिलैक्स करें। तुरंत कोई फैसला न लें। हर चाली हुई EMI को तुरंत किसी नए फाइनेंशल बोझ से भर देना समझदारी नहीं होती। बचे हुए पैसे से कोई दूसरा लोन जल्दी चुकाना है, कहीं और इन्वेस्ट करना है या फिर कोई नई चीज खरीदनी है- ऐसा कोई भी फैसला एक्साइटमेंट में न लें। पहले मौजूदा हालात को समझें, फिर फैसला लें।



Photo: Adobe Stock

अकाउंट में ज्यादा पैसे बचेंगे यह सोचकर नई EMI शुरू करना समझदारी का फैसला है या नहीं, जानते हैं:

1 दूसरा लोन जल्दी खत्म करने का ऑप्शन चुनें तो...

एक EMI खत्म होने से बचा पैसा दूसरे लोन को चुकाने में लगाना अच्छा ऑप्शन रहता है, लेकिन कौन-सा लोन पहले चुकाना है इसका फैसला सोच-समझकर लें:

कौन-सा लोन पहले चुकाएं?

अगर कई लोन चल रहे हैं तो यह देखना होगा कि कौन-सा लोन अच्छा है और कौन-सा खराब? किस लोन पर ज्यादा इंट्रेस्ट देना पड़ रहा है पहले यह देखें। मान लें कि होम लोन चल रहा है, जिसका इंट्रेस्ट रेट 7.50% से लेकर 9% तक है। साथ ही क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन है जो 16% से लेकर 36% तक है। हो सकता है कि कोई गैजेट या कुछ ऐसा भी ले रखा हो जिस पर इंट्रेस्ट जीरो हो। बेहतर होगा कि Debt Avalanche Method अपनाएं। इसमें सबसे हाई इंट्रेस्ट रेट वाले लोन को पहले चुकाना शुरू करें। हाई इंट्रेस्ट रेट वाले लोन से छुटकारा मिलते ही ब्याज का बोझ घटेगा। अगर जो EMI खत्म हो रही है उसका अमाउंट कम है तो Debt Snowball Method अपनाएं। इसमें सबसे छोटे लोन को पहले चुकाएं। छोटे लोन जल्दी खत्म होने से खुशी मिलेगी और कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

इस तरह बदलें तस्वीर

मान लें कि कार की EMI थी 15,000 रुपये, जो अब खत्म हुई। साथ ही 3 लाख रुपये का पर्सनल लोन 14% के इंट्रेस्ट रेट से भी चल रहा है, जिसकी EMI करीब 7 हजार रुपये आ रही है। इसकी 36 महीने की EMI बाकी है। अब जो 15,000 रुपये की EMI खत्म हुई है, उस रकम को पूरा या उसका कुछ हिस्सा इस लोन को चुकाने में लगाएंगे तो लोन जल्दी खत्म होगा और इंट्रेस्ट भी काफी बचेगा।

EMI की संख्या बढ़ा दें तो...

खत्म हुई EMI से बची रकम का अच्छा इस्तेमाल दूसरे लोन की EMI की संख्या बढ़ाने में भी किया जा सकता है। मान लें कि अगर कार की 15,000 की EMI खत्म हुई है तो हर साल 1.80 लाख रुपये बचेंगे। वहीं, अगर होम लोन की EMI 25,000 रुपये है तो 12 की जगह साल में 13 EMI कर दें। आप देखेंगे कि इससे होम लोन जल्दी खत्म होगा और ब्याज भी बचेगा। इस तरह खत्म हो रही EMI के बचे पैसों से दूसरे कई लोन की EMI की संख्या बढ़ा दें। लोन का बोझ जल्दी घटेगा।

2 इन हालात में SIP बेहतर

SIP (Systematic Investment Plan) इन्वेस्टमेंट का बहुत अच्छा तरीका है। अगर लंबे समय तक यह आँचान चुना जाए तो बड़ी रकम तैयार की जा सकती है। एक EMI खत्म होने पर अगर दूसरे लोन की EMI चुकाने या SIP के बीच एक को चुनना हो तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है:

अगर लोन की ब्याज दर है कम

अगर होम लोन या एजुकेशन लोन ले रखा है और उस पर इंट्रेस्ट 6 से 9 प्रतिशत के बीच हो तो ऐसे हालात में SIP की ओर जाना बेहतर ऑप्शन होगा। SIP से 10-12 प्रतिशत या उससे ज्यादा रिटर्न मिलने की संभावना हो सकती है। वहीं, जब हम अपना लोन जैसे-जैसे चुकाते जाते है, वैसे-वैसे ब्याज घटने की वजह से राहत बढ़ती जाती है। वहीं, SIP में जैसे-जैसे रकम जमा करते जाते है, वैसे-वैसे कंपाउंड इंट्रेस्ट की वजह से यह वक्त के साथ तेजी से बढ़ सकता है। आसान शब्दों में कहें तो इन्वेस्टमेंट से मिलने वाला फायदा अगर, लोन के इंट्रेस्ट से ज्यादा है तो SIP चुनना ज्यादा समझदारी वाला विकल्प हो सकता है।

जब इमरजेंसी फंड हो

अगर कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर पैसा अलग से जमा है तो खुद को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। ऐसे में SIP शुरू करना जोखिम भरा नहीं रहेगा।

जब बैलंस हो EMI और इनकम में

अगर कुल EMI मंथली इनकम से 30-35 फीसदी से ज्यादा नहीं है तो SIP के बारे में सोच सकते हैं।

जब लंबे समय का हो टारगेट

SIP तब बेहतर काम करता है जब रिटायरमेंट, बच्चों की पढ़ाई, 10-15 साल बाद बड़ा फंड जुटाने आदि के लिए सोच रहे हों। ऐसे में लंबे समय में कंपाउंडिंग SIP को बहुत ताकतवर बना देती है।

ऐसे हालात में न बढ़ें आगे

अगर ऐसा लोन है जिसका इंटरेस्ट ज्यादा हो जैसे क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन आदि तो पहले इनकी EMI चुकाने की तरफ ध्यान दें, न कि SIP की तरफ। नोट: SIP से पहले सभी नियम ध्यान से पढ़ें और मार्केट रिस्क की अच्छे से जानकारी ले लें।

3 नया लोन कब सही, कब गलत

नया लोन लेकर कुछ लेना है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन-सा लोन लेना चाहते है। दरअसल, लोन दो तरह के होते है। पहला, अच्छा लोन और दूसरा, खराब लोन। घर, बच्चों की पढ़ाई या जरूरत से जुड़े लोन आमतौर पर अच्छे लोन माने जा सकते है, जबकि बिना जरूरत या केवल दिखावे के लिए लिया गया लोन भविष्य पर बोझ बन सकता है। जब एक EMI खत्म हो और कोई नया लोन लेने की सोच रहे हो तो सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि वह अच्छा है या खराब। आगे की प्लानिंग उसी के मुताबिक बनाए।

ज़रूरत को समझें

अगर कोई चीज वाकई जरूरी है, बजट में है और वह अच्छा लोन है, जैसे जीरो इंट्रेस्ट पर या पहला घर तो यह गलत नहीं कहा जा सकता।

थोड़ा रुक जाएं

समस्या तब होती है जब नई EMI आदत बन जाए। अगर पहले ही कई लोन हो और इसके बाद भी एक ऐसा लोन लेने जा रहे हो जो जरूरत से ज्यादा दिखावे के लिए हो तो आगे न बढ़ें।

खुद से पूछें ये सवाल

अगर नई EMI शुरू करने की सोच रहे है तो सबसे पहले खुद से पूछें कि क्या उसे समय पर चुका पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं होगा कि उसे चुकाने में दिक्कत हो और CIBIL स्कोर गिर जाए? साथ ही अगर कुछ समय बाद अपग्रेड लगता है कि बड़े अमाउंट की जरूरत पड़ने वाली है, जैसे बच्चों के लिए एजुकेशन लोन या फिर कोई बड़ी जरूरत तो उस स्थिति में खराब लोन के लिए EMI बिलकुल भी न शुरू करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA17 User: vinay.vashisht Time: 01-24-2026 23:21 Color:

नियुक्तियों में वेरिफिकेशन के लिए फीस न लें कॉलेज: UGC

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : कर्मचारी चयन आयोग (SSC) की परीक्षा के आधार पर केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों के लिए चुने जाने वाले कैंडिडेट्स के शैक्षणिक दस्तावेजों की वेरिफिकेशन के लिए कोई फीस नहीं ली जाएगी। यूजीसी ने देश की हर केंद्रीय यूनिवर्सिटी, प्राइवेट, डीम्ड यूनिवर्सिटी को यह कड़े निर्देश जारी किए हैं। यूजीसी ने आदेश देते हुए कहा है कि वेरिफिकेशन की इस प्रक्रिया के लिए मंत्रालय, विभाग या कैंडिडेट्स से कोई फीस नहीं लेनी चाहिए।

UGC ने कॉलेजों को वेरिफिकेशन में देरी न करने को कहा है

AI Image

यूजीसी के पास पहुंची थी शिकायतें: यूजीसी के पास कई ऐसी शिकायतें आई कि यूनिवर्सिटीज ने सर्टिफिकेट्स की वेरिफिकेशन के लिए फीस की मांग की। केंद्र के निर्देश के अनुसार, कोई भी यूनिवर्सिटी या उच्च शिक्षा संस्थान अब वेरिफिकेशन के नाम पर कोई फीस नहीं ले सकते हैं। यूनिवर्सिटीज को यह वेरिफिकेशन मुफ्त में करनी होगी।

पहले भी हुए हैं सर्कुलर जारी: यूजीसी ने 30 मई 2024 को भी एक सर्कुलर जारी किया था, लेकिन इसके बाद भी शिकायतें जारी रही हैं। अब यूजीसी ने कड़ा आदेश जारी किया है।

उत्तराखंड: वर्दी घोटाले में डिप्टी कमांडेंट सस्पेंड

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी खरीद घोटाले में निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अभिलाष श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। विपक्ष इस मामले में सरकार पर हमलावर था। जांच के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कमिटी बनाने के निर्देश दिए हैं। मामला वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगार्ड के लिए वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है।

बंगाल में SIR जल्दबाजी में किया गया: अमर्त्य सेन

■ पीटीआई, कोलकाता : नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने पश्चिम बंगाल में जारी SIR प्रक्रिया को लेकर गहरी चिंता जताई और कहा कि यह कवायद अनावश्यक जल्दबाजी में की जा रही है। कुछ ही महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह लोकतांत्रिक भागीदारी को खतरे में डाल सकती है। सेन ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं।

इस बीच, एक अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद निर्वाचन आयोग ने तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल लोगों के नाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

पंजाब: रेल ट्रैक पर ब्लास्ट, एक घायल

■ भाषा, चंडीगढ़: पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में सरहिंद स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के एक हिस्से पर हुए विस्फोट में मालगाड़ी का लोको पायलट घायल हो गया। ट्रेन के इंजन को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी के अनुसार, ब्लास्ट शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुआ। जिसपर ब्लास्ट हुआ, वह रेलवे ट्रैक विशेष रूप से मालगाड़ियों के लिए है। अधिकारी ने कहा, मामले की जांच जारी है।

उत्तराखंड: तिरंगे पर वक्फ बोर्ड के निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने राज्य में सभी मस्जिदों और मदरसों पर 26 जनवरी के दिन राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे फहराने के आदेश जारी किए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पहचान सैनिक भूमि के रूप में भी होती है। राष्ट्रीय झंडे से गणतंत्र दिवस के मौके पर हर वक्फ संपत्ति पर देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की शान से लहराया जाएगा।

इंडिगो ने खाली किए 700 से ज्यादा स्पॉट

■ भाषा, मुंबई: इंडिगो ने विन्टर पीरलू हवाई अड्डे पर 700 से अधिक 'स्लॉट' खाली कर दिए हैं। दिसंबर की शुरुआत में परिचालन में भारी व्यवधान को देखते हुए नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने एयरलाइन को सर्दियों की उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती कर दी थी, जिसके बाद कंपनी ने यह कदम उठाया। एअरपोर्ट पर किसी विमान के उड़ान भरने और उतरने को मिले तय समय को 'स्लॉट' कहा जाता है।

'मानसिक उत्पीड़न से आत्महत्या की'

■ भाषा, धीड़: महाराष्ट्र के बीड जिले में पिछले सप्ताह एक कार में मृत पाए गए जीएसटी अधिकारी की पत्नी ने दावा किया है कि कार्यस्थल पर लगातार मानसिक उत्पीड़न के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया। सचिन नाथवर 17 जनवरी को एक हाइवे पर कार में मृत मिले थे। तब पुलिस ने दावा किया था कि घटनास्थल से बरामद एक नोट में काम से संबंधित मुद्दों का जिक्र था।

इंदौर में गंदा पानी, 12 सर्वे टीमें तैनात

■ भाषा, इंदौर: मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू कस्बे में गंदे पानी से लोगों के बीमार होने के बाद प्रशासन ने 12 सर्वे टीमें तैनात की हैं और दो अस्थायी अस्पताल स्थापित किए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रशासन के अनुसार, शुक्रवार को महू में कम से कम 12 संदिग्ध मरीज सामने आए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि इलाके में दूषित पेयजल पीने से करीब 24 लोग बीमार हुए हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.:** 32-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Provision of Interlocking of 24 nos. mainned LC gates over Bikaner Division. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹2,01,11,179.68/- **धरोहर राशि:** ₹2,50,600.00/- **(1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** https://www.ireps.gov.in **(2) ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 19.02.2026 को 15.00 बजे तक। **(3) ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 19.02.2026 को 15.00 बजे के बाद।

131-DK/26

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.:** 33-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Raising of rail level PP No. 1 at Birang Khera, Gurusar Sahnewala and PF No. 1 & 2 at Bagwali stations over Bikaner Division along with extension to 480 Mtrs. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹44,69,165.64/- **धरोहर राशि:** ₹89,400.00/- **(1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** https://www.ireps.gov.in **(2) ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 19.02.2026 को 15.00 बजे तक। **(3) ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 19.02.2026 को 15.00 बजे के बाद।

132-DK/26

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.:** 31-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** Annual Maintenance Contract (AMC) of Cummins make engines for 03 nos. of 08-W Tower wagons (TW) over Bikaner division for a period of 3 years. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,17,78,141.60/- **धरोहर राशि:** ₹2,08,900.00/- **(1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** https://www.ireps.gov.in **(2) ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 19.02.2026 को 15.00 बजे तक। **(3) ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 19.02.2026 को 15.00 बजे के बाद।

130-DK/26

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेंडर नोटिस

उप मुख्य इंजीनियर/गति सुरक्षित 3.म.रे., ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) पद्धति से आमंत्रित की जाती है:-

ई-टेंडर क्रमांक: DYCESIGUGWL0526

कार्य का विवरण: "झांसी मंडल: अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत श्योपुर कलां रेलवे स्टेशन का विकास।"

अनुमानित लागत: ₹ 28.06 Crore, **निविदा बंद होने की तिथि:** 16.02.2026, **कार्य पूरा करने की अवधि:** 15 माह

• ऑनलाइन निविदा दिनांक 16.02.2026 को 11.00 बजे तक जमा की जा सकती है। • पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

184/26 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 10320252026 दिनांक: 21.01.2026

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्माणित कार्यों के लिये ई-निविदाएं निर्माणित प्रपत्र पर दिनांक 16.02.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं.: 1	निविदा नं.: 242
कार्य का विवरण: सहायक मंडल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/चुनार के अधीन चुनार में नये प्लेटफार्म का निर्माण और अन्य सम्बन्धित कार्य।	
अनुमानित मूल्य (रू.): ₹ 6,10,00,287.74	**बयाने की राशि (रू.):** ₹ 4,55,000.00
कार्य समापन की अवधि: 12 माह	**निविदा खुलने की तिथि:** 16.02.2026

निविदा दर्ज करने हेतु न्यूनतम वांछनीय आधार: सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य।

नोट:- (1) ऑनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। (2) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की तिथि तक उपलब्ध है।

172/26 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR SALE OF DEVELOPMENT RIGHTS OF IMMOVABLE PROPERTY

In compliance with order of Hon'ble Supreme Court dated 20.11.2025 in Civil Appeal No. 13877 of 2025 (Vivek Suri vs. M/s Three C Shelters Private Limited & Anr.); Order dated 27.11.2025 passed by the Hon'ble Special Court (PMLA), Addl. Sessions Judge-02, South East District, Saket Courts, New Delhi in Misc. No. 1337/2025, CT No. 09/2025, & in Delhi High Court Writ No. (CRL) of 2025 (E-9504/2026) in Greenpoils Welfare Confederation Versus ED & Ors.

Registered Office of IRP: Flat no. 384, 2nd Floor, Pocket 5, Mayur Vihar Phase-I, Delhi, 110091
Email: law.kaushik1@gmail.com ; 3cshelterservice@gmail.com

Notice is hereby given to the public at large that the Expression of Interest is being invited for sale of development rights of the immovable property described hereinbelow. The present Expression of Interest is being invited in strict compliance with the **Undertaking furnished** by the Interim Resolution Professional before the Hon'ble Supreme Court and the Hon'ble Special Court (PMLA) in terms of **IBBI Circular No. IBBI/CIRP/87/2025 dated 04.11.2025, ED Press Release dated 5.11.2025; Provisions of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 and the Prevention of Money Laundering Act, 2002,** and Rules and Regulations made thereunder shall be interpreted and applied in harmonious construction with each other, giving primacy to the resolution framework under the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016. The proceeds realised from the said process shall be utilised for restitution to bona fide claimants, strictly in accordance with applicable law.

The said invitation for expression of Interest is being undertaken with the objective of maximisation of value and recovery for bona fide creditors. The development right of the property is being sold on an "as is where is", "as is what is" and "whatever there is" basis, subject to applicable statutory compliances, approvals and conditions.

LOT NO.	DESCRIPTION OF ASSET	NON-REFUNDABLE SECURITY DEPOSIT	EMD
1.	All that piece and parcel of the Plot No. A-3a, District Centre, Phase II, Nehru Place, New Delhi,110019 (Approx 3546.Sq. Meter).	Rs.50,00,00,000/-	Rs.2,00,00,000/-

Note:
• Bid will comprise of three components-
(I) Non-refundable security deposit as stated above.
(II) The minimum constructed Floor Area Ratio (FSI) to be handed back shall be 35% of the base price. Any incremental bid shall increase the constructed FSI component by 5% per bid increment.
(III) The minimum construction duration is set at 2 years. With each bid increment, the construction period extends by one month
• Minimum Net Worth of Bidder shall be INR 100 Crore as on 31st March 2025 as per CA Certified Net worth Certificate.
• Acceptance of bid shall be based on a function of all three components.

The details regarding submission of expression of interest are mentioned below:

Date and time of submission of EOI for Bidding Process	09.02.2026 (04:00 PM-05:00 PM)
Last date for submission of EMD	07.02.2026
Minimum Bid Increment Amount	Rupees 50,00,000/- (Rupees Fifty Lacs Only)
Date and time of inspection of property for intending Bidders	27.01.2026 to 05.02.2026 (1:00 PM till 06:00 PM) Kindly contact the IRP one-two day prior to the property inspection.
Contact details	3cshelterservice@gmail.com law.kaushik1@gmail.com;

A. TERMS & CONDITIONS:

1. The Present invitation for submission of expression of interest is being invited by IRP in terms of the strict compliance with and pursuant to Order dated 20.11.2025 passed by the Hon'ble Supreme Court of India in Civil Appeal No. 13877 of 2025 (Vivek Suri vs. M/s Three C Shelters Private Limited & Anr.); Order dated 27.11.2025 passed by the Hon'ble Special Court (PMLA), Addl. Sessions Judge-02, South East District, Saket Courts, New Delhi in Misc. No. 1337/2025, CT No. 09/2025 under Section 8(8) of the Prevention of Money Laundering Act, 2002; Undertaking furnished by the Interim Resolution Professional before the Hon'ble Supreme Court and the Hon'ble Special Court (PMLA) in terms of IBBI Circular No. IBBI/CIRP/87/2025 dated 04.11.2025; Provisional Attachment Order No. 12/2025 dated 28.03.2025 and Corrigendum dated 29.03.2025 issued by the Directorate of Enforcement under the Prevention of Money Laundering Act, 2002; Provisions of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 and the Prevention of Money Laundering Act, 2002, and Rules and Regulations made thereunder shall be interpreted and applied in harmonious construction with each other, giving primacy to the resolution framework under the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016. The proceeds realised from the said process shall be utilised for restitution to bona fide claimants, strictly in accordance with applicable law.
2. The invitation for submission of expression of interest is invited and the Interest bidders may contact the IRP through email provided (3cshelterservice@gmail.com; law.kaushik1@gmail.com), to access the relevant information.
3. The development right of the property is being sold in **"AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" AND "WHATEVER THERE IS"** basis in all respects and shall not be held accountable or responsible for any claim whatsoever for any defect, default, deficiency of any nature whatsoever in the property, title to the property, nature of encumbrance, prior/existing encumbrances, claim, charges/ encumbrances on the properties, of any authority, and should satisfy themselves about the title, extent, quality and quantity of the property before submitting their bid. For any discrepancy in the property the participating bidder is solely responsible for all future recourse from the date of submission of their bid.
4. No claim whatsoever nature regarding the property put for invitation of EOI (Expression of interest), charges/encumbrances over the property or on any other matter etc will be entertained after submission of the bid/confirmation of sale.
5. It shall be the responsibility of Bidder to make the due diligence and physical verification of property and satisfy themselves about the property/ies specification before submitting the bid. Notwithstanding the above disclosures, prospective bidders are strongly advised to: Conduct independent legal and financial due diligence; Verify the status of all disclosed encumbrances through their own legal counsels or consultants; Review the financial statements of the lending entities; Satisfy themselves regarding the marketability of title and priority of claims; Seek independent legal advice before submitting bids.
6. No claim subsequent to submission of bid shall be entertained by the IRP.
7. However, the intending bidders shall make their own independent inquires/ due diligence regarding the encumbrances, title of property put on auction and claims / rights / dues affecting the property, prior to submitting their bid. The E-auction advertisement does not constitute and will not be deemed to constitute any commitment or any representation for the same. The development rights of the property is being sold with all the existing and future encumbrances whether known or unknown to the IRP.
8. The IRP will not be responsible for any charge, lien, encumbrance, property tax dues, electricity dues etc or any other dues to the Government, local authority or anybody, in respect of the property under sale.
9. The sale of development rights of the said property is subject to the approval of Adjudicating Authorities.
10. IRP Pradeep Kaushik (IRP of Three 3 Shelters Private. Limited.) has appointed M/s CLA IVC Private Limited as a process advisor who will assist the undersigned in conducting the sale process.
11. For further details contact the IRP - Email-Id.: law.kaushik1@gmail.com; 3cshelterservice@gmail.com
12. The submission of the expression of Interest shall deem that the Intending Bidders have taken all precautions and satisfied themselves with respect to the conditions of the property and the terms and conditions of the Process Document. It shall be deemed that the intending Bidders to raise any issue after having submitted the bids and/or participated in the sale proceeding.

IP Pradeep Kumar Kaushik
As Interim Resolution Professional of Three C Shelters Private Limited
Registration No. IBBI/IPA-002/IP-N01141/2021-2022/13997
Reg. Address: Flat no. 384, 2nd Floor, Pocket 5, Mayur Vihar Phase-I, Delhi, 110091
Email:law.kaushik1@gmail.com; 3cshelterservice@gmail.com

Date: 25.01.2026, Place: New Delhi

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वासी मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं.01, ई-निविदा सूचना सं: टेन्डर नं. "44-जीकेजी-एमक्यूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण "एएमसी ऑफ नॉन-क्रेमको मेक विटेड एक्सल माउन्टेड क्लिक ब्रेक सिस्टम (एएमजीबीएस) इन एलएचबी कोचेज एट मेकेनिकल वर्कशप, गोरखपुर"। अनुमानित लागत (रू.मे): ₹ 42,86,33,178.02, धरोहर राशि (रू.मे): ₹ 22,93,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा सत्यापन की तिथि एवं अवधि: दिनांक 16-02-2026 11:00 बजे, बोलियों की अवधि: 18 माह।

• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य,
मुख्य/यांत्रिक-129 **यांत्रिक कारखाना/गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदानों पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

सूचि की अभिव्यक्ति

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा इज्जतनगर मंडल के 04 स्टेशनों कालगोदाम, बरेली सिटी, इज्जतनगर एवं फर्रुखाबाद पर उपलब्ध वाणिज्यिक भूमि के अधिकतम व्यवसायिक उपयोग हेतु सलाहकार की नियुक्ति के लिये अभिरुचि व्यक्त करने हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट आमंत्रित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वरि मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर में किसी भी कार्य दिवस में कार्य अवधि समय 10.00 बजे से 17.00 बजे तक आकर प्राप्त की जा सकती है।

• एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान तथा तिथि : वरि मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर दिनांक 10.02.2026 तक समय 10.00 से 17.00 बजे तक कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

• एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.02.2026 समय 10.00 बजे से 15.00 बजे तक, वरि मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर कार्यालय में एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स में।

• एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स बन्द करने की तिथि एवं समय दिनांक 11.01.2026 समय 15.00 बजे तक वरि मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर।

• एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स खोलने की तिथि : दिनांक 11.02.2026 समय 15.30 बजे, यदि इस तिथि को किसी भी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है जो बाक्स अगले कार्यदिवस में उसी निर्धारित समय खोला जायेगा।

• एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट नोटिस तथा एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट https://ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक
मुख्यालय/वाणिज्य-241 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

नीलामी सूचना सं.-22/2025-26

माह फरवरी-2026 का ई-नीलामी कार्यक्रम

सभी संभावित क्रेताओं को ऑन लाइन पब्लिक आक्शन के द्वारा स्क्रैप सामग्रियों के बिक्री में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है:-

ई-नीलामी तिथियाँ	अधीनस्थ लॉट	संपर्क फोन नं.
10.20 & 27 फरवरी – 2026	उपमुख्य/डिपो/गोरखपुर	0551-2283558
04, 13 & 23 फरवरी – 2026	उपमुख्य/डिपो/इज्जतनगर	0581-2518138
05, 12 & 18 फरवरी – 2026	वमंसाप्र/लखनऊ	0522-2233113
06, 19 & 26 फरवरी – 2026	वमंसाप्र/वाराणसी	0542-2224819
09, 17 & 25 फरवरी – 2026	वमंसाप्र/इज्जतनगर	0581-2518104

सामग्री का प्रकार : स्क्रैप रेल, कास्ट आयरन, मेटिरियल, एल०एच०, निराकृत वैगन, कोच एवं लोकोमोटिव, टर्निंग, बोरिंग, फेरस, नॉन फेरस, कॉपर, एलुमीनियम, बैटरीज आदि। नीलामी प्रक्रिया उसी दिन पूर्ण नहीं होने पर नीलामी प्रक्रिया अगले दिन भी जारी रहेगी। नीलामी कैटलाग, प्रक्रिया एवं बिक्री शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

भुजापि/एस- 77 **प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. AGC/Br/L/2025-26/04 दिनांक: 21.01.2026

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इन्जी/ट्रैक/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्माणित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्माणित प्रपत्र पर दिनांक 13.02.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

निविदा नं.: Br-AGC-2025-05	अनुमानित मूल्य (रु) : ₹ 17756288.01
कार्य का विवरण: "आगरा मण्डल के राजा की मंडी स्टेशन पर अमृत भारत स्कीम के तहत 12 मीटर चौड़ाई के प्रवेशगामी पादचारी पुल का निर्माण करना" का शेष कार्य।	
बोली प्रतिभूति : ₹ 568000	**कार्य समापन की अवधि :** 06 माह

निविदा दर्ज के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार : रेलवे/राजमार्ग/स्थानीय निकायों के लिए सीटीए/कंपोजिट रूट ओवर ब्रिज या किसी भी प्रकार के स्टील/कंपोजिट ब्रिज गर्डर के निर्माण और स्थापना/लॉन्चिंग से संबंधित कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

निविदा खुलने की तिथि : 13.02.2026

नोट: 1- ई - निविदा प्रपत्र सभी निविदाकारों को निःशुल्क निकि किये जायेंगे 2- उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 15:00 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। 3- उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु केवल तो पात्रिये कि के अलावा आपकी I. T. Act-2000 के अन्तर्गत C. C. A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4- निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित पाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विवरणीय हैं। दर तथा अन्य वित्तीय प्रपत्र अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 5- निविदाकारा अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 6- माल एवं/अथवा सेवाओं के सलाहार / ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होगी। 7- संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 8-निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। 9- बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गैरहै भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 10- किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11- आगन्तुक निविदा निविदा खुलने की निर्धारित तिथि को समय 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 12- निविदाकारा को आई.आर.जी.सी.सी. 2022 (वर्क मैटर) भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।

179/26(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।

पत्रांक: 885/96 एम(IV)-कुशहर वृत्त/2025-26 दिनांक:- 13.01.2026

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की मद्यवार दरों पर ऑनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 10 के अनुसार भवन निर्माण में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 28.01.2026 से 03.02.2026 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित टी-2 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 03.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगी। ऑनलाईन फाइनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

क्रम सं0/ लॉट सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (रू. लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रू. में)	सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार के प्रवेश की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	जनपद गौतमबुद्धनगर में बी0आर0सी0 दादरी का पुनः निर्माण कार्य।	53.00	4.65	09 माह	निविदा शुल्क 300+2000+ 18% जी.एस.टी. रु. 414.00 =2714.00	अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. गौतमबुद्धनगर	अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि. बुलन्दशहर	मुख्य अभियन्ता पी0बी0 लो.नि.वि. मेरठ	A,B,C भवन कार्य
	जनपद गौतमबुद्धनगर में बी0आर0सी0 बिसाख का पुनः निर्माण कार्य।	53.00	4.65	09 माह	निविदा शुल्क 300+2000+ 18% जी.एस.टी. रु. 414.00 =2714.00	अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. गौतमबुद्धनगर	अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि. बुलन्दशहर	मुख्य अभियन्ता पी0बी0 लो.नि.वि. मेरठ	A,B,C भवन कार्य
	जनपद गौतमबुद्धनगर में बी0आर0सी0 दनकौर का पुनः निर्माण कार्य।	53.00	4.65	09 माह	निविदा शुल्क 300+2000+ 18% जी.एस.टी. रु. 414.00 =2714.00	अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. गौतमबुद्धनगर	अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि. बुलन्दशहर	मुख्य अभियन्ता पी0बी0 लो.नि.वि. मेरठ	A,B,C भवन कार्य

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-5 में वर्णकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा पिछले 5 वर्षों का टर्नओवर जो कि सी0पी0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षों से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चालानय सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
ई-निविदा, जो कि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चालानय सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA18 User: cci Time: 01-24-2026 23:04 Color:

सौउथ अफ्रीका सीरीज के बाद मुझे अच्छा ब्रेक मिला। मैं घर गया और सोशल मीडिया पर ज्यादा समय नहीं बिताया। पिछले तीन हफ्तों में मैंने अच्छी प्रैक्टिस की और सकारात्मक मानसिक स्थिति के साथ मैदान में उतरा। - सूर्यकुमार यादव, कप्तान, भारतीय टी20I टीम

सूर्य की सेना 2-0 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड के खिलाफ बुलंद हौसले के साथ उतरेगी

आज सीरीज़ पर कब्जे का लक्ष्य

■ एजेंसियां, गुवाहाटी: पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे हो चुकी टीम इंडिया को अगर पहले ही तीन मैचों के बेहतर सीरीज पर कब्जा जमाना है, तो आज होने वाले मुकाबले में एक बार फिर उसे बल्लेबाजी में वैसा ही पराक्रम दिखाना होगा जैसा कि उसने शुक्रवार को राजपुर में दूसरे मैच के दौरान दिखाया था। आज के मैच में संजू सैमसन के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी, क्योंकि ईशान किशन ने पिछले मैच में शानदार वापसी करके उन पर दबाव बढ़ा दिया है। किशन की शानदार पारी से इस बात पर बहस फिर से शुरू हो जाएगी कि अभिषेक शर्मा का पसंदीदा सलामी जोड़ीदार कौन होना चाहिए, क्योंकि सैमसन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं।

कॉम्बिनेशन लगभग तय: टी20 वर्ल्ड कप के शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन मैच खेलने हैं। ऐसे में भारत की टीम कॉम्बिनेशन काफी हद तक तय लग रहा है। भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है। किशन की 32 गेंदों पर खेली गई शानदार 76 रनों की पारी ने संजू पर दबाव बढ़ा दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमान गिल की जगह अभिषेक के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में बहाल किए गए सैमसन मौकों का पूरा फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जबकि उन्हें काफी मैच खेलने का मौका मिला है।



सूर्य की फॉर्म में लौटने से टीम ने ली राहत की सांस

भारत के लिए यह अच्छी खबर है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने पिछले मैच में 37 गेंद पर 82 रन बनाकर पिछले 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों के बाद अपना पहला अर्धशतक जड़ा। भारत पांच मैच की सीरीज में 2-0 से आगे है लेकिन उसे किसी तरह के मुगालते में नहीं रहना चाहिए क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने में माहिर है जैसा उसने इससे पहले खेली गई वनडे सीरीज में किया था। पिछले मैच में ओपनर अभिषेक पहली गेंद पर आउट हो गए थे और वह यहां बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। सैमसन और अभिषेक के जल्दी आउट होने के कारण भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर छह रन था, इसके बाद किशन ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने केवल 21 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। गेंदबाजी में अर्शदीप ने पहले दो ओवर में 36 रन दिए लेकिन रिंकू सिंह ने कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने बीच के ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की।

कीवी बदल सकते हैं रणनीति

जहां तक न्यूजीलैंड की बात है तो यह देखना बाकी है कि वे इस करारी हार के बाद कैसे वापसी करते हैं। मिचेल सैंटनर की अगुआई वाली टीम कुछ रणनीतिक बदलावों पर विचार कर सकती है। वह शानदार फॉर्म में चल रहे डेरिल मिचेल को ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेज सकता है। न्यूजीलैंड की आमतौर पर मजबूत मानी जाने वाली फील्डिंग इस बार बेहद निराशाजनक रही। सैंटनर और ईश सोढ़ी सहित उसके खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े। न्यूजीलैंड को इस विभाग में तुरंत सुधार करने की जरूरत है।

पाकिस्तान हटा तो फिर किसकी लगेगी लॉटरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत से मैच फिक्स करने की मांग कर रहे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की मांग को खारिज कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति (ICC) ने शनिवार को BCB को आगामी विश्व कप से बाहर करने का फैसला कर विवाद को विराम देने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान ने उस वक्त नए विवाद को जन्म दे दिया जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चीफ मोहसिन नकवी ने भी बांग्लादेश के समर्थन में वर्ल्ड कप से हटने की आशंका जता दी।

बहुत पहले हुआ था समझौता: अटकलें पहले से थीं कि अगर बांग्लादेश को हटाया गया तो PCB एकजुटता दिखाते हुए वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने से इनकार कर सकता है। शनिवार को नकवी ने कहा, 'अगर पाकिस्तान सरकार कहती है कि हमें नहीं खेलना चाहिए, तो हो सकता है ICC (स्कॉटलैंड के बाद) 22वीं टीम शामिल कर ले। यह सरकार पर निर्भर करता है।' चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले BCCI और ICC के साथ हुए समझौते के तहत इस वर्ल्ड कप पाकिस्तान तय कार्यक्रम के अनुसार अपने मैच श्रीलंका में खेलेगा।

स्कॉटलैंड इसलिए हुआ शामिल: पाकिस्तान अगर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला करता है तो फिर ICC एक बार फिर टी20 में वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर किसी नई टीम को मौका दे सकती है। इससे पहले उसने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को मौका दिया जो क्वालिफायर के जरिए मेन टूर्नामेंट में जगह बनाने में असफल रहा। हालांकि ICC रैंकिंग में उसकी 14वीं रैंकिंग ने एक बार उसके लिए वर्ल्ड कप के दरवाजे खोल दिए।

तीन टीमें रेस में: ICC प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन बनाए रखने और लॉजिस्टिक कारणों को ध्यान में रखते हुए रैंकिंग के आधार पर सबसे प्रबल दावा युगांडा का है जो अभी 21वें स्थान पर है। वहीं इस रेस में पापुआ न्यू गिनी (PNG) की टीम भी होगी जो फिलहाल रैंकिंग में युगांडा के बाद 22वें स्थान पर है। PNG के पक्ष में यह बात जा रही है इसने इससे पहले 2021 और 2024 के टी20 वर्ल्ड में भाग लिया था। PNG की टीम ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालिफायर में शामिल थी, जहां से UAE, नेपाल और ओमान ने क्वालिफाई किया है। यदि पाकिस्तान की जगह एशिया से किसी को मौका मिलता है तो फिर कतर भी रेस में होगा जो ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालिफायर में चौथे स्थान पर रहा था, हालांकि उसकी वर्ल्ड रैंकिंग फिलहाल 29 है।

टी20 वर्ल्ड कप विवाद

अंबरीष के 'चौके' से भारत की जीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आरएस अंबरीष (4/29), हेनिल पटेल (3/23) की धातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (40 रन, 23 बॉल, 2 फोर, 3 सिक्स) और आयुष म्हात्रे (53 रन, 27 बॉल, 2 फोर, 6 सिक्स) की तेज पारियों की बदौलत भारतीय टीम ने ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने शनिवार को बुलावायो में हुए मुकाबले में न्यूजीलैंड को सात विकेट से मात दी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

पेस के आगे बिखरा न्यूजीलैंड: इससे पूर्व, भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया, जिसे तेज गेंदबाज अंबरीष और हेनिल ने सही साबित किया। दोनों की खतरनाक बोलिंग के सामने न्यूजीलैंड की टीम केवल 135 रन पर आउट हो गई। अंबरीष ने न्यूजीलैंड के ओपनर हूगे बोग (4) और कीवी कप्तान टॉम जोन्स (2 रन) को आउट कर शुरुआती झटके दिए। आर्य मान को बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट झटकने वाले हेनिल ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने एक समय 22 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद जैकब कोटर (23), जसकरण संधू (18), कैलम सैमसन (37*) और सेलविन संजय (28) छोटी-छोटी साझेदारियां कर टीम को 100 के पार ले गए। भारतीय टीम लक्ष्य का पीछा करने वैभव और आरोन जॉर्ज की नई ओपनिंग जोड़ी के साथ उतरी। आरोन केवल 7 रन पर आउट हो गए। जिसके बाद वैभव और आयुष ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद पर 76 रन की साझेदारी की। म्हात्रे ने इस दौरान यूथ वनडे में अपना पहला अर्धशतक जमाया। विहान मल्होत्रा (16*) और वेदांत त्रिवेदी (12*) ने मैच निर्णायक किया।

4 विकेट लिए 29 रन देकर अंबरीष ने। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए

रॉयल्स-तूफांस की आज होगी टक्कर

■ एजेंसियां, भुवनेश्वर: रांची रॉयल्स और हैदराबाद तूफांस क्वालिफायर-2 में आज फाइनल में पहुंचने के लिए एक-दूसरे का सामना करेंगी। इस 'करो या मरो' मुकाबले की विजेता टीम सोमवार को खिताबी मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर रही देहरादा कलिंगा लांसर्स से भिड़ेगी। वहीं, हारने वाली टीम को तीसरे-चौथे स्थान के मैच में HIL GC से खेलना होगा। तूफांस ने एलिमिनेटर में HIL GC को 2-0 से हराकर दमदार अंदाज में क्वालिफायर-2 में जगह बनाई। वहीं, रांची रॉयल्स को क्वालिफायर-1 में कलिंगा लांसर्स से 1-2 की करीबी हार झेलनी पड़ी थी, लेकिन टीम अब भी खिताबी दौड़ में बनी हुई है।

हॉकी इंडिया लीग

बोनस अंक के साथ जीत की दहलीज़ पर मुंबई

प्रियांश आर्या ने लगाया अर्धशतक

■ एजेंसियां, हैदराबाद: मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को फॉलोऑन देने के बाद हैदराबाद के 166 रन तक सात विकेट चटकाकर बोनस अंक के साथ जीत की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए। हैदराबाद ने इससे पहले मुंबई के 560 रन के जवाब में तीसरे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 138 रन से की, लेकिन उनकी पहली पारी 267 रन पर सिमट गई। फालोऑन के बाद हैदराबाद के बल्लेबाजों का दूसरी पारी में भी लचर प्रदर्शन जारी रहा। स्टंप्स तक हैदराबाद ने दूसरी पारी में 166 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे और वह अभी भी 127 रन पीछे है। उसके केवल तीन विकेट बचे हैं और मुकाबले का एक पूरा दिन शेष है।

रणजी का रण

दूसरी पारी में दिल्ली संभली: बेंगलुरु में ग्रुप-डी के अन्य मैच में दिल्ली ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ तीसरे दिन दूसरी पारी में जुझारूपन दिखाया। दिल्ली ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 158 रन बना लिए हैं। वह अभी भी छत्तीसगढ़ से 131 रन पीछे है। इससे पहले छत्तीसगढ़ ने दिल्ली के 216 रन के जवाब में पहली पारी में 505 रन बनाए थे। दिल्ली की ओर से दूसरी पारी में प्रियांश आर्य ने 57 गेंदों में 82 रन की आक्रामक बल्लेबाजी की।

अन्य मैच

■ गुवाहाटी के पास फुलुम में ग्रुप-सी मैच में असम ने अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 136 रन बनाकर 147 रनों की कुल बढ़त हासिल की। असाम ने पहली पारी में 247 जबकि हरियाणा ने पहली पारी में 236 रन बनाए थे।

प्रतिका, वैष्णवी और क्रांति को पहली बार मिला मौका

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: ओपनर प्रतिका रावल, बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। मैच 6 से 9 मार्च तक पर्थ में खेला जाएगा। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। प्रतिका टखने की चोट से उबर चुकी हैं। अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता वैष्णवी और प्रभावशाली वनडे रेकॉर्ड रखने वाली क्रांति को भी चयनकर्ताओं ने तरजीह दी है। तेज गेंदबाज सयाली सातघरे की एंट्री से अफगंति रेड्डी बाहर हुई है। चयनकर्ताओं ने एसीसी राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए इंडिया-ए टीम का चयन भी कर लिया है, जिसकी कप्तानी राघा यादव करेंगी।

भारत की टेस्ट टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, रेणुका ठाकुर, स्नेह राणा, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सातघरे।

प्रतिका रावल

विमिंस क्रिकेट

जोकोविच@400

■ एजेंसियां, मेलबर्न: अपने रेकॉर्ड 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब की तलाश में उतरे सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने शनिवार को ग्रैंडस्लैम करियर की 400वीं जीत दर्ज कर 18वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। मेन सिंगल्स में बचे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 38 वर्षीय जोकोविच ओपन एरा में ग्रैंडस्लैम सिंगल्स में इतने मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने तीसरे दौर में बोटिक वान डे जैंडशुल्प को 6-3, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनका जीत-हार रेकॉर्ड 102-10 हो गया, जो इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक मैच जीत के मामले में रोजर फेडरर के करियर रेकॉर्ड की बराबरी है।

गर्मी के कारण रोके गए मैच: शनिवार को मुकाबले के दौरान लाफमन 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बाद आउटडोर कोर्ट पर होने वाले मुकाबलों को अस्थाई रूप से रोक दिया गया और मेन कोर्ट की छतें बंद कर दी गईं। गर्मी का असर मौजूदा पुरुष चैंपियन चानिक सिनर के मैच में साफ दिखा। हीट स्ट्रेस इंडेक्स के अधिकतम स्तर पर पहुंचते ही मैच आठ मिनट के लिए रोककर छत बंद की गई। सिनर ने इस के बाद 85वीं रैंकिंग के खिलाड़ी इलियट स्पिजिरी को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हराया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

औसाका टूर्नामेंट से हटी: जापानी खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने तीसरे दौर में मैच से पहले हटने का फैसला किया। उन्होंने अपनी चोट के बारे में नहीं बताया। वर्ल्ड नंबर-12 इगा स्वितेक, मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज और उनकी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने जीत के साथ चौथे दौर में प्रवेश किया।

मुकाबले के दौरान नोवाक को दर्शकों का पूरा सपोर्ट मिला

बड़ी चूक से गुकेश ने गंवाया मुकाबला

टाटा चेस मास्टर्स टूर्नामेंट

■ एजेंसियां, विज्क आन जी: वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट के छठे राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ बड़ी चूक भारी पड़ गई। इससे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। गुकेश एक क्लिक 'ब्लाइंड स्पॉट' में फंस गए, जहां गलत चाल के बाद वापसी का रास्ता नहीं बचा, जबकि वह ड्रॉ करा सकते थे। अन्य मुकाबलों में शीर्ष वरीय अर्जुन एरिगैसी किरमत के सहारे हार से बचे। जर्मनी के मैथियास ब्लुबाउम ने आसान जीत का मौका गंवाया और मुकाबला ड्रॉ रहा। ग्रैंडमास्टर आर प्रग्नानंदा को वलादिमीर फेडोसीव ने बराबरी पर रोका, जबकि अरविंद चिदंबरम ने नावोग्रिस सिंदारोव से ड्रॉ खेला।

डी गुकेश

दिल्ली कैपिटल्स ने थामा बेंगलुरु का विजयी रथ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली कैपिटल्स ने विमिंस प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उनकी पहली हार सौंपी। शनिवार को वडोदरा में हुए मुकाबले में कैपिटल्स ने बेंगलुरु को 7 विकेट से मात दी। इस मुकाबले से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार पांच मुकाबले जीते थे। पहले बैटिंग करते हुए बेंगलुरु 109 रन पर सिमट गई। यह बेंगलुरु का WPL में सबसे कम स्कोर रहा। शिनेल हेनरी (2/22), मारिजाने कैप (2/17, 19* रन) और नंदनी शर्मा (3/26) की पेस तिकड़ी ने सटीक लाइन-लेंथ का शानदार नमूना पेश करते हुए कुल सात विकेट झटके। इसके अलावा स्पिन विभाग में मीनू मणि (2/18) और श्री चरणी (1/14) ने भी रनगति पर अंकुश लगाया। कैपिटल्स ने लौरा वोल्वार्ट (42* रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (26 रन) की जुझारू पारी के दम पर 15.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। हार के बावजूद बेंगलुरु शीर्ष पर बनी हुई है। जबकि कैपिटल्स ने दूसरे स्थान पर छलांग लगा ली है।

विमिंस प्रीमियर लीग

मणि ने रकुति और ऋचा घोष के अहम विकेट लिए

3

परियों में शून्य पर आउट हुए हैं मार्क चैपमैन भारत के खिलाफ टी20I में। वह भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए टी20I मुकाबलों में सर्वाधिक बार शून्य पर आउट होने वाले बैटर हैं। चैपमैन टी20I में कुल पांच परियों में शून्य पर आउट हुए हैं

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. न्यूजीलैंड के बैटर मार्क चैपमैन टी20I में कितनी बार शून्य पर आउट हुए हैं?
A) एक B) तीन C) पांच D) छह
2. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मार्च में होने वाला विमिंस टेस्ट मैच किस शहर में होगा?
A) सिडनी B) पर्थ C) नई दिल्ली D) मेलबर्न

कल के जवाब
1. D) उज्बेकिस्तान 2. A) चीन

लकी WINNER

1. विजय कुमारी, शालीमार बाग, दिल्ली
2. दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई
3. रवि अग्रवाल, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

धोनी की तैयारी शुरू!

■ रांची: महेंद्र सिंह धोनी ने रांची में अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे IPL 2026 में उनकी भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। झारखंड स्टेट क्रिकेट असोसिएशन ने नेट सेशन का वीडियो साझा किया, जिसमें धोनी पैड पहनते नजर आए। IPL 26 मार्च से 31 मई तक खेला जाएगा। इंटरनैशनल क्रिकेट से सन्यास के बावजूद धोनी घरेलू सुपरकिंग्स के अहम स्तंभ बने हुए हैं।

शुभंकर कट से बाहर

■ दुबई: भारत के शुभंकर शर्मा और युवराज सिंह सहित तीनों दुबई हेजर्ट क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने में नाकाम रहे। रोलेक्स सीरीज में डेब्यू कर रहे संधू ने लगातार 73-73 का स्कोर बनाया, जबकि शुभंकर लय में नहीं दिखे और 74 के बाद 77 खेल बैठे। अमेरिका के पैट्रिक रीड ने दूसरे दौर में 66 खेलकर कुल नौ-अंडर के साथ बढ़त बनाई।

अनाहत दूसरे राउंड में

■ न्यूयॉर्क: पीएसए प्लेटिनम इवेंट में भारत की अनाहत सिंह ने इनोल की लूसी टुरमेल को 11-3, 11-6, 9-11, 13-11 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। अब उनका सामना जापान की सतैकी वातनबे से होगा।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
कार्यक्षेत्र में आपके पद में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं, पर आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। रात में जीवन साथी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए उनका ख्याल रखें। आज का दिन फायदेमंद व व्यस्त होगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाभाइया दोस्त कोई शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। शाम के समय ऐसे अतिथि के आगमन का योग हो सकता है, जिसका आपको लंबे समय से इंतजार था। रात में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित हो सकते हैं।

GEMINI 21 May - 21 Jun
पिता के आशीर्वाद और उनका अधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यवसाय अधिक रहेगी, खर्च व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक तीज त्योहार चलने वाले कार्यों के उपलक्ष से बचें। प्रिय एवं महान पुरुषों के दर्शन से आपका मनोबल बढ़ेगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति की त्रिगुन में होकर परिवारण अकस्मात बड़ी मांग में धन की प्राप्ति का सकता है। व्यवसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता और भावुकता में लिया गया निर्णय अंत में पश्चात्ताप का कारण बन सकता है। दिन आपका उत्तम रहने वाला है।

LEO 23 July - 22 Aug
राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के क्षेत्र में अपने बढ़ते रुका हुआ काम भी सम्पन्न होगा। पापन और अटकी से संबंधी परिणामों हो सकती है। शाम से लेकर रात का समय प्रियजनों के दर्शन और हास्य परिहास में व्यतीत होगा। खानपान का विशेष ध्यान और नियंत्रण रखें।

VIRGO 24 Aug - 22 Sep
आज आपके कार्यक्षेत्र में उत्साह से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, परिवारिक मंगल कामों की सूची मिलेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। जिसके परिस्थिति उत्पन्न होगा पर क्रोध पर काबू रखें। घर की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद में मिलेगी। सुकीर्त के समय अचानक लाभ होने के योग है।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग है। आय के नए स्रोत बनने और खोलने की कला आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भलाईपूर्ण विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवन साथी का सहयोग पर्याप्त रूप से मिलेगा। यात्रा की स्थिति सुखद और लाभप्रद रहेगी।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ काम सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। जोखिम पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम के समय प्रियजनों से मुलाकात या रात में सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज घर के लिए जरूरी वस्तुओं पर धन खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अर्थोपार्जन कमाकरी या किसी संबंध के कारण यात्रा हो सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन नष्ट सकता है। दिन में छोटे कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का योग होगा। आर्थिक स्थिति पूर्णरूपेण अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उलझनियां दूर होंगे। शाम के समयमित्र स्थानों की यात्रा का प्रबल प्रबल होकर रुचिकर होगा।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि की मध्यम स्थिति के कारण पानी को अहस्मात शरीर कष्ट होने से भगदौड़ और अधिक राशि की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सभी पैतृनिक पहलुओं पर समंजस से विचार कर ले। शाम को पानी को अकाल मिल जाएगा।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
पैतृनिक जीवन सुख के साथ बीतेगा। किसी जरूरी काज से आज फल व दूर की यात्रा भी हो सकती है। किसीसे में बड़ी प्रेक्षेत्र से बराबरी सुखी होगी। शिक्षार्थियों को मानसिक बौद्धिक स्तर से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। माता-पिता की सलाह-आशीर्वाद उपयोगी सिद्ध होंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष का जीवन में रजत पाट से प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी शुक्र मकर हर बने है। जीवन साथिनी-दोस्तों प्रधान रहे वर्षारंभ मुंबा उत्तम स्थिति जनवरी शेष में अकस्मात राज्य कृप कारक है। इससे आयवर्धित लाभ मिलने की संभावना बनी हुई है। करवरी में काफी समय से टल रही वेजनपा पूरी होगी। इष्ट मित्रों से सहयोग का समयार मिलेगा। मार्च में रोजेज, रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी, राज समाज में सम्मान बढ़ेगा, प्रतियोगिता में विजय होगी। अप्रैल और मई के महीने में न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ेगा। अपनी वाणी शैली सशक्तमित रखें। जून जुलाई में सभी लोग अपने कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। अगस्त सितंबर में अपने रहन-सहन का स्तर बढ़ेगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने। अक्टूबर से नवंबर के बीच में रोग ऋण से मुक्ति मिलेगी। दिसंबर से जनवरी 2027 में आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा। धार्मिक स्थानों पर पर्यटन का भी योग है। अधिक सफलता के लिए रुन्दन के बाद सूर्य नारायण को अर्घ्य प्रदान करें। हनुमान चालीसा का पाठ भी कल्याणकारी सिद्ध होगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(सोमवार, 26 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 6, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, अष्टमी, सोमवार, विक्रम संवत 2082। गौर माघ मास प्रविष्टे 13, शाबान 6, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 26 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल सुबह 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। अष्टमी तिथि रात 9 बजकर 19 मिनट तक के बाद नवमी तिथि का आरंभ। अश्विनी नक्षत्र मध्यह्न 12 बजकर 33 मिनट तक के बाद भरणी नक्षत्र का आरंभ। विष्टि करण पूर्वाह्न 10 बजकर 15 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चन्द्रमा दिन रात मेष राशि पर संचार करेगा।

आज के व्रत और त्योहार

रथ सप्तमी व्रत, पुत्र-अरोग्य व्रत, भानु सप्तमी।

सुडोकू

		9	3	6	7	1		
4								9
		7	5		4	3		
	3		7	4	9		2	
	6		2	8	3		4	
		8	4		5	9		
5								8
		4	6	1	8	2		

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बड़ेभइया बहूरानी
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 पछाधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 भसे भड़े
14:00 पछाधारी अजेय कृष्णा
15:00 सिटिल कृष्णा
17:00 बबलू डबलू
19:00 पछाधारी अजेय कृष्णा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMA19 User: cci Time: 01-24-2026 23:28 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज देश मना रहा राष्ट्रीय पर्यटन दिवस

आज देश राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मना रहा है। 1948 में पर्यटन दिवस की नींव रखी गई, लेकिन 1998 में पर्यटन विभाग की स्थापना के बाद आज ही के दिन इस दिवस को मनाने की शुरुआत हुई। बर्फ से ढकी चोटियों और ताज की खूबसूरती से लेकर वाराणसी के आध्यात्मिक घाटों और केरल के शांत बैकवाटर्स तक, हमारी यह शहवरिरी पूरी दुनिया को 'अतिथि देवो भव' की भावना से जोड़ती है।

NBT

Front Page-2

सांडे नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली 25 जनवरी 2026

आगे योग और वेलनेस टूरिजम बढ़ेगा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत में पर्यटन सिर्फ जगहें देखने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एक खास अनुभव बन जाएगा। तकनीक की मदद से लोग इतिहास को महसूस कर पाएंगे। AR-VR और AI गाइड यात्रा को आसान और अपनी पसंद के हिसाब से बनाएंगे। सफर तेज और पर्यावरण के अनुकूल होगा। भीड़भाड़ वाली जगहों की जगह लोग गांव, प्रकृति और योग-ध्यान जैसे वेलनेस टूरिजम की ओर ज्यादा जाएंगे। पर्यावरण को बचाने वाले नियम सख्ती से लागू होंगे।



AI Images

ईरान का अमेरिका को करारा जवाब, हम तैयार

कहा- हमारी उंगली ट्रिगर पर, कई देशों ने फ्लाइट्स कैंसल कीं

■ एपी, दुबई

ईरान की कोर्स रिवोल्यूशनरी गार्ड ने अमेरिका को सख्त जवाब दिया है। उसने कहा कि वह पहले से कहीं ज्यादा तैयार है, उंगली ट्रिगर पर है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी युद्धपोत मध्य पूर्व की ओर बढ़ रहे हैं।

शनिवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर ने अमेरिका और इस्राइल को चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसी भी तरह की गलतफहमी में न रहें। कोर्स अपने सर्वोच्च कमांडर के आदेशों और निर्देशों को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार। ईरान की अर्धसैनिक ताकत रिवोल्यूशनरी गार्ड ने हाल ही में पूरे देश में हुए विरोध प्रदर्शनों को कुचलने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बना हुआ है। यह 28 दिसंबर को ईरान में शुरू हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद और बढ़ गया। ईरान ने इन प्रदर्शनों पर सख्ती की थी। प्रदर्शन ईरानी मुद्रा रियाल के गिरने से भड़के थे।

एयर फ्रांस ने दुबई की उड़ानें फिर शुरू कीं: एएफपी, पेरिस: एयर फ्रांस ने शनिवार को दुबई के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण कंपनी ने एक दिन पहले इन उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया था। एयर फ्रांस ने कहा कि वह क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और उड़ानों की सिक्योरिटी सुनिश्चित की जा सके। एयर फ्रांस ग्रुप की ही डच एयरलाइन KLM ने मध्य पूर्व के कई शहरों के लिए अपनी उड़ानें अगली सूचना तक रोक दी हैं। KLM ने इराक और ईरान सहित कई देशों के हवाई क्षेत्र से होकर उड़ान भरने से भी इनकार कर दिया है।

File

तनाव की स्थिति

अमेरिकी युद्धपोत मध्य पूर्व की ओर बढ़ रहे हैं, जिसके बाद दोनों देशों में तनाव फिर से बढ़ गया है।

ईरान पर भारत का रुख रणनीतिक नीति का हिस्सा है

रूस ने कीव और खारकीव पर ड्रोन से हमले किए

ईरान ने भारत को कहा- शुक्रिया!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत की ओर से शुक्रवार को UN में ईरान के खिलाफ एक प्रस्ताव के विरुद्ध में वोट करने के बाद ईरान के एंबेसेडर मोहम्मद फतहाली ने भारत को शुक्रिया कहा। आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में ईरान से जुड़े प्रस्ताव पर कड़ा और सैद्धांतिक पक्ष दिखाया है। वह रुख न्याय, संप्रभुता और बहुपक्षवाद को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को जाहिर करता है। प्रस्ताव पर भारत का रुख चीन, पाकिस्तान के साथ मेल खाता है।

स्पष्ट है भारत का रणनीतिक रुख: जानकार मानते हैं कि UN में भारत ने अपने रुख को पूरी तरह साफ किया कि प्रस्ताव सही दिशा में संवाद की राह मुश्किल कर देगा। पूर्व विदेश सचिव निरुपम राव ने एक्स पर पोस्ट किया, 'भारत ने तर्क दिया है कि देश विशेष प्रस्ताव मानवाधिकारों को लेकर नतीजों में बेहतरी के बजाय इस तरह की पोजिशन को और कठोर कर देते हैं। भारत ने न तो ईरान की कार्रवाई का समर्थन किया है और न ही मानवाधिकार उल्लंघन की रिपोर्टों का खंडन ही।

बातचीत में निरंतरता...

बीते दिनों ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने भारत और ईरान के संबंधों पर सकारात्मक बयान दिया था। उन्होंने चाबहार बंदरगाह का जिक्र कर कहा था कि द्विपक्षीय रिश्ते भविष्य में और मजबूत होंगे। बीते दिनों विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने फोन पर बात भी की थी, जिसमें ईरान के हालात पर चर्चा हुई थी।

PM का इस्राइल दौरा

सूत्रों के मुताबिक पीएम नरेन्द्र मोदी अगले महीने इस्राइल जा सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर भारत सरकार की ओर से औपचारिक बयान अभी तक नहीं आया है। इससे पहले इस महीने के आखिर में भारत में अरब लीग की बैठक भी होनी है, जिसमें अरब देशों के विदेश मंत्री शामिल होंगे। ईरान को लेकर UN में भारत का स्टैंड इसी व्यापक नीति का एक हिस्सा माना जा रहा है।

AI Image

बॉलिवुड बनाम AI कौन जीतेगा लड़ाई?

Upma.Singh@timesofindia.com

■ मुंबई: फिल्म इंडस्ट्री में 'पर्सनैलिटी राइट्स' या व्यक्तित्व अधिकार के मामले पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अमिताभ बच्चन, सलमान खान, रजनीकांत, ऐश्वर्या राय, अक्षय कुमार, रितिक रोशन जैसे तमाम सितारों ने कोर्ट के जरिए अपने पर्सनैलिटी राइट्स सुरक्षित किए हैं। मगर, बॉलिवुड के दबंग स्टार सलमान खान पर यह दांव उल्टा पड़ गया है। भारत-चीन की झड़प पर आधारित अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के लिए चर्चा बटोर रहे सलमान को चीन की एक कंपनी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने नोटिस जारी किया है।

मामला सलमान के पर्सनैलिटी राइट्स से ही जुड़ा है। अप्रैल में सलमान खान ने बॉलिवुड के कई सितारों की तरह अपने पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। तब कोर्ट ने 11 दिसंबर 2025 को सलमान के पर्सनैलिटी राइट्स सुरक्षित करने का अंतरिम आदेश पारित करते हुए उनके नाम, तस्वीर, आवाज, शक्ल-सूरत और मार्फ्ड/नकली पहचान से जुड़ी चीजों की डिजिटल और कमर्शल टोनों प्लैटफॉर्म्स पर बिना अनुमति इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन अब चीन की एक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) बेस्ड वॉयस जेनरेशन कंपनी ने कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। कंपनी का कहना है कि उसका काम ही AI से वॉयस मॉडल तैयार करना है। यह आदेश उसके व्यवसाय को प्रभावित कर रहा है। सलमान को 4 हफ्ते में जवाब देना है। अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी।

फिल्म स्टार्स की पर्सनैलिटी पर AI का खतरा।

सितारों की 'पर्सनैलिटी' खतरे में?: साइबर मामले के एक्सपर्ट एडवोकेट किराग गुप्ता इस केस को गेमचेंजर मानते हैं। वह कहते हैं, 'भारत में अलग से पर्सनैलिटी राइट्स को लेकर कोई कानून है नहीं। न ही डेटा सुरक्षा का कोई कानून है। हाई कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत, जीवन के अधिकार के दायरे को बढ़ाते हुए, निजता के अधिकार, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानून के तहत इन ऐक्ट्स को संरक्षण दिया है।' उन्होंने कहा कि दूसरे पक्ष को नहीं सुना गया। अब उस दूसरे पक्ष से एक कंपनी आकर अपने कमर्शल राइट्स की बात कर रही है कि उन्होंने व्यावसाय करने को हक है। अब लड़ाई ये है कि जीवन का अधिकार ज्यादा बड़ा है या व्यापार का? इससे नई बहस शुरू होगी।

NBT संडे स्पेशल

पर्सनैलिटी राइट्स क्या हैं?

संविधान के अनुच्छेद-19 (1) (ए) और 21 के तहत लोगों को निजता, स्वतंत्रता और जीवन का अधिकार हासिल है। इसके अलावा, आईपीआर कानूनों के तहत कॉपीराइट ऐक्ट (1957), ट्रेडमार्क ऐक्ट (1999) जैसे बौद्धिक अधिकार मिलते हैं। हालांकि, संविधान में अलग से पर्सनैलिटी राइट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पर्सनैलिटी राइट किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व की रक्षा से जुड़े अधिकार है, जो व्यक्ति की पहचान, छवि, नाम, आवाज, शैली और व्यक्तित्व को निजी संपत्ति के रूप में मानती है।

कारोबार के हक की लड़ाई...



यह केस एक गेम चेंजर होने वाला है। इसमें बड़ा सवाल ये खड़ा होना कि जीवन का अधिकार बड़ा है या कारोबार का? इसमें अगर चीनी कंपनी को राहत नहीं मिली तो क्या यह AI इंडस्ट्री को धक्का होगा? और अगर उसे राहत मिल गई तो अभी तक हाई कोर्ट ने जितने सितारों को पर्सनैलिटी राइट्स में राहत दी है, वे सब खतरे में पड़ जाएंगे। *-किराग गुप्ता, एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट, साइबर कानून एक्सपर्ट*

AI के भविष्य पर सवाल!

डिजिटल कानूनों से समृद्ध भारत नामक किताब लिखने वाले एडवोकेट किराग गुप्ता इस मामले को भारत में AI इंडस्ट्री का भविष्य तय करने वाला भी मानते हैं। उनका कहना है कि AI की पूरी इंडस्ट्री ही लोगों के डेटा के ऑध इस्तेमाल पर खड़ी है तो अगर चीनी कंपनी को राहत नहीं मिली तो क्या ये AI इंडस्ट्री के लिए धक्का होगा। भारत में अगले महीने AI की कॉन्फ्रेंस भी होने वाली है, उसमें ये बड़ा सवाल उठने वाला है कि ये जो लोगों के डेटा पर ही आधारित मीम, एआई, डीपफेक की नई इंडस्ट्री है, उनको दूसरों के डेटा का अपने कमर्शल लाभ के लिए इस्तेमाल करने का हक है? अगर नहीं है और लोगों के पर्सनैलिटी राइट्स बड़े हैं तो आने वाले समय में ये इंडस्ट्री कैसे चलेगी? ये मामले में फैसला जो भी हो, यह मुद्दा बड़ी महत्वपूर्ण होने वाला है।

पर्सनैलिटी राइट्स क्यों सुरक्षित कर रहे सितारे?

पिछले दिनों अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय, रजनीकांत, रितिक रोशन, करण जौहर, कुमार सानू जैसी कई बॉलिवुड हस्तियों ने अपनी पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए कोर्ट का सहारा लिया। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि जनरेटिव AI के जरिए इन सितारों के चेहरे, आवाज और इमेज आदि का दुरुपयोग करके धड़ल्ले से आपत्तिजनक डीपफेक विडियो बनाए जा रहे हैं। इनमें अश्लील विडियोज से लेकर विवादित बयानबाजी वाले कन्टेंट शामिल हैं। यही नहीं, इन ऐक्टर्स की पॉपुलैरिटी को भुनाते हुए इनके नाम पर तरह-तरह के फ्रॉडेंट बेचे रहे हैं, फर्जी एडॉर्समेंट किए जा रहे हैं। यहां तक कि लोटरी और आर्थिक घोटाले तक हो रहे हैं। ऐसे में, ये ऐक्टर्स अपनी इमेज और साख को सुरक्षित रखने के लिए कानूनी रास्ता अपना रहे हैं।

ट्रंप की कनाडा को धमकी, चीन से ट्रेड डील पर 100% टैरिफ

■ एपी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को कनाडा से आने वाली चीजों पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर उनका पड़ोसी देश चीन के साथ अपने ट्रेड डील पर आगे बढ़ेगा, तो ऐसा किया जाएगा।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर कनाडा के पीएम मार्क कार्नी सोचते हैं कि वह चीन के अमेरिका में सामान और उत्पाद भेजने का एक माध्यम बनाने जा रहे हैं, तो वह बड़ी भूल कर रहे हैं।

ट्रंप ने कनाडा को चेतावनी दी कि अगर वह चीन के करीब गया, तो वह उसे निगल जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर वह वॉशिंगटन के साथ सहयोग करने से मना करता है, तो चीन कनाडा को निगल जाएगा। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि कनाडा उनके प्लान किए गए गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम का विरोध करता है, जो इस्राइल के आयरन डोम से प्रेरित है। ट्रंप ने लिखा, 'कनाडा ग्रीनलैंड के ऊपर बनने वाले गोल्डन डोम के खिलाफ है।'

प्रेजिडेंट लूला (बाएं) और ट्रंप।

ट्रंप एक नया UN चाहते हैं: लूला

आइएएनएस, ब्राजीलिया: ब्राजील के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप एक नया संयुक्त राष्ट्र बनाना चाहते हैं और उस पर अकेले अपना नियंत्रण रखना चाहते हैं। लूला ने शुक्रवार को ब्राजील के ब्राजिया शहर में एक कार्यक्रम में कहा कि ट्रंप ऐसा संयुक्त राष्ट्र बनाना चाहते हैं, जिसका मालिक सिर्फ वही हो। यह जानकारी न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के जरिए सामने आई।

US में बर्फीला तूफान, 9 हज़ार फ्लाइट्स कैंसल

■ एपी, डलास: अमेरिका में बर्फीले तूफान की वजह से वीकेंड में करीब 9,000 फ्लाइट्स कैंसल कर दी गई है। तूफान की वजह से देश के अधिकांश हिस्सों में भारी तबाही होने की आशंका है और कई दिनों तक बिजली गुल रहने और प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक बाधित होने का खतरा पैदा हो गया है। न्यू मैक्सिको से लेकर न्यू इंग्लैंड तक लगभग 14 करोड़ लोगों के शीतकालीन तूफान से प्रभावित होने की आशंका है। एयर इंडिया ने भी 25-26 जनवरी को न्यू यॉर्क और नेवार्क जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी है।



SPEED News

अमेरिका की सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने

कहा है कि वह टीनएजर्स के लिए AI 'कैरेक्टर' तक पहुंच को अस्थायी रूप से रोक रही है। बेहतर संस्करण तक रोक जारी रहेगी।

AFP

इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन से

8 लोगों की मौत हो गई और 82 लापता हो गए। लगातार बारिश से कई नदियां उफान पर है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

PLA में छंटनी के दौरान अनुशासनहीनता के आरोप में चीन के



File Photo

शीर्ष सैन्य अधिकारी जनरल झांग यूक्सिया समेत दो सीनियर अधिकारियों की जांच की जा रही है।

EU के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की

उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काया कैलस भारत पहुंची। दोनों देशों के संबंधों के लिए इसे अहम माना जा रहा है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. T20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की जगह किस टीम को जगह दी गई है?
A. जमैका B. सिंगापुर C. स्कॉटलैंड

2. यूरोपीय संघ की उपाध्यक्ष का नाम क्या है, जो भारत दौरे पर है?
A. उर्सुला वान डेर B. काया कैलस C. मेटे फ्रेडरिक्सन

3. ट्रंप ने इनमें से किस देश को 100% टैरिफ की धमकी दी है?
A. कनाडा B. ग्रीनलैंड C. डेनमार्क

4. किस शहर ने पर्यटकों पर यात्री टैक्स लगाया है?
A. मदुरै B. मनाली C. जैसलमेर

5. फरीदाबाद के मामले में किस बॉलिवुड ऐक्टर को गिरफ्तार किया गया है?
A. कमाल आर. खान B. रज्जाक खान C. जुनैद खान

कल के जवाब

A1 A. जेसी मॉर्गन पेस A2 B. रहने लायक A3 A. रितिक रोशन A4 C. गौतम अदाणी A5 C. तमिलनाडु

लकी विनर्स

1. हरजीत सिंह आहूजा, दिल्ली
2. निशा जैन, दिल्ली
3. यशराज, लखनऊ

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

अरावली संरक्षण पैदल यात्रा आज से शुरू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अरावली की अहमियत को लोगों के सामने रखने के लिए अरावली विरासत जन अभियान के तहत रविवार से अरावली संरक्षण यात्रा शुरू होगी। यह पैदल यात्रा में अरावली पर्वतमाला के चारों राज्यों में 700 किलोमीटर को कवर किया जाएगा। इस यात्रा में अरावली पहाड़ियों और क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय समुदायों पर मंडरा रहे खतरों को उजागर किया जाएगा।

गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में फैली अरावली की पहाड़ियां हाल ही में चर्चा में रही हैं। पर्यावरण एक्टिविस्ट को चिंता है कि अगर अरावली की नई परिभाषा लागू होती है तो अरावली के बड़े हिस्से को खनन के लिए खोल दिया जाएगा। अरावली विरासत जन अभियान की सदस्य नीलम अहलूवालिया ने कहा कि पदयात्रा के तहत हर जिले में अरावली पर निर्भर समुदायों से बात की जाएगी।

700 किमी. कवर करेगी यात्रा।

बातचीत के बीच यूक्रेन पर हमला

■ एपी, कीव: यूक्रेन में चार साल से जारी युद्ध को खत्म करने के उद्देश्य से संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में यूक्रेन, रूस और अमेरिका के बीच शनिवार को दूसरे दिन की बातचीत हुई। इससे पहले रूस ने शुक्रवार रात कीव पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए, जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 31 लोग घायल हो गए।

अधिकारियों ने US में मारी गोली

■ एपी, मिनियापोलिस: अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की इमिग्रेशन संबंधी कार्रवाई के बीच मिनियापोलिस में संघीय अधिकारियों ने एक और व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे उसकी जान चली गई। गवर्नर टिम वाल्ज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि गोलीबारी के बाद उन्होंने वाइट हाउस से संपर्क किया। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से अपने राज्य में जारी दमनकारी कार्रवाई को समाप्त करने का आह्वान किया। गोलीबारी के बारे में डिटेल जानकारी नहीं मिल पाई।

सर्वे: सेफ्टी, सफाई की कमी बिगाड़ रही घूमने का मज़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 की पहली तीन तिमाहियों में विदेशी पर्यटकों की संख्या में 12.3% की गिरावट आई है। हालांकि, भारत में घरेलू पर्यटकों की भी इंडस्ट्री में बड़ी भागीदारी है। यूथ टूरिजम ने 25 जनवरी को नैशनल टूरिजम-डे मनाने के लिए Gen Z, युवा ब्लिएटर्स, कवियों, लेखकों और कलाप्रेमियों को शामिल करने पर खास ध्यान दिया है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गोवा भी इसमें पीछे नहीं हैं। ऐसे में लोकल सर्कल्स ने यह पता लगाने के लिए सर्वे किया है कि घरेलू यात्रियों को टूरिस्ट प्लेस पर क्या परेशान और या खुश करता है। सर्वे में 317 जिलों के 45 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। उनसे टूरिस्ट प्लेस पर पिछले तीन साल के अनुभव पूछे गए।



नैशनल टूरिजम डे पर लोकल सर्कल्स ने जारी की सर्वे की रिपोर्ट

सज़ा सस्पेंड तो अपील में पेशी की ज़रूरत नहीं: SC

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी अभियुक्त की सजा पहले ही निलंबित कर दी गई हो और उसे जमानत दे दी गई हो, तो उससे अपीलीय कार्यवाही के दौरान नियमित रूप से अदालत में मौजूद होने की मांग करना गैर जरूरी है। हरियाणा में चलन में यह व्यवस्था रही है, जिस पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी की है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने 19 जनवरी को कहा कि जब मामला अपील में हो और अपीलें कई बार महीनों या वर्षों तक पेंडिंग रहती हैं और कई बार सुनवाई के लिए लिस्ट होती है और किसी न किसी कारण से तारीख लग जाती है तो ऐसी परिस्थितियों में अपीलीय कोर्ट में हर तारीख पर आरोपी की उपस्थिति को अनिवार्य करना उस पर बेमतलब का बोझ डालना है। अदालत ने कहा कि यह उचित नहीं है और न ही इससे कोई उद्देश्य पूरा होता है।

चेक बाउंस मामले में अपीलकर्ता को दोषी ठहराया गया था। अपील के दौरान उसकी सजा निलंबित कर जमानत दी गई। अपीलीय अदालत ने बाद में जमानत रद्द कर गैर-जमानती वॉरंट जारी किया।

कोर्ट बोल, इससे अभियुक्त पर बोझ पड़ता है, अपील वर्षों तक पेंडिंग रहती है,



File

सड़क का कोई धार्मिक कैरेक्टर नहीं होता: HC

■ नई दिल्ली : मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि सड़कों का कोई धार्मिक कैरेक्टर नहीं होता। अदालत ने सड़क पर बने ईसाई धार्मिक स्थल के खिलाफ एक्शन का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने 22 जनवरी को दिए आदेश में ग्रेटर चेन्नै कॉरपोरेशन को कार्रवाई जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने पाया कि ढांचा एक सार्वजनिक सड़क पर था। तमिलनाडु अर्बन लोकल बॉडीज एक्ट की धारा 128 के तहत ऐसे अतिक्रमणों को हटाना नगर निगम अधिकारियों की विधायी ड्यूटी है। अदालत ने कहा कि सड़कों का कोई धार्मिक कैरेक्टर नहीं होता। अगर कोई स्ट्रक्चर धार्मिक हो या गैर-धार्मिक अगर वह किसी सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण है, तो आयुक्त उसे हटाने को वैधानिक रूप से बाध्य है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: vivek.kumar4 Time: 01-24-2026 21:38 Color:

DELL Technologies

Intel® Core™
Ultra 7 processor

intel CORE ULTRA 7

REPUBLIC DAY OFFERS

Deals worth celebrating.

Own a Dell laptop starting at **₹1,999**/month*.

Dell 16 Plus

Dell 14 Plus

Get more done, faster. | Stay unplugged longer.

Accidental Damage Protection starting at ₹299*

Cashback up to ₹10,000*

HDFC BANK

Warranty upgrades starting at ₹299*

Visit your nearest Dell authorized store

89298 75365

Log on to www.dellstore.com

Featured offers are applicable on selected products and valid until 30 January 2026 in selected authorized stores only. For more details, visit https://www.dellretailstores.in/. Get a Dell laptop starting at ₹1,999 is applicable on Dell 15 laptop (ODC1525002001RINB1). Mentioned offers may vary from store to store. Please visit the store for applicable offers. Terms and conditions apply. All sales and offers are subject to Dell Technologies' terms and conditions. While efforts are made to check pricing, offer and other errors, inadvertent errors do occur from time to time, and Dell Technologies reserves the right to decline sales or offers arising from such errors. Trademarks: Dell Technologies and Inspiron are trademarks of Dell Technologies Inc. Intel and Intel Evo are trademarks of Intel Inc. while other trademarks are the property of their respective owners. Copyright: © 2026 Dell Technologies Inc. All rights reserved. Images / Products shown are for illustration purposes, prices, specs, and features may vary depending on the configuration.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 01-24-2026 23:55 Color:

WATCH GO
NBT संडे नवभ

पीएम ने 61 हजार अपॉइंटमेंट लेटर दिए

p13

वर्ल्ड कप से बांग्लादेश OUT, पाक की धमकी

■ एजेंसियां, नई दिल्ली

इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने आखिरकार बांग्लादेश को आगामी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर कर उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया है। वजह है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अपनी टीम भारत भेजने से इनकार कर दिया था। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह कहकर आशंकाओं को हवा दे दी है कि पाकिस्तान टीम की आगामी वर्ल्ड कप में भागीदारी पर अंतिम फैसला देश की सरकार करेगी।

बांग्लादेश की जगह अब खेलेगी स्कॉटलैंड की टीम

स्कॉटलैंड के शामिल होने से एक महीने से चल रहा असमंजस खत्म हो गया, क्योंकि बीसीबी लगातार जोर दे रहा था कि उनके मैच श्रीलंका में शिफ्ट किए जाएं और यहां तक कि उसने अपने ग्रुप को आयरलैंड के साथ बदलने का भी सुझाव दिया था।

पाकिस्तान ने आशंकाओं को दी हवा

बांग्लादेश की टीम आगामी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दी गई है।

'खेलेंगे या नहीं, पाक करेगा फैसला'

PCB के चीफ मोहसिन नकवी ने कहा, ICC ने इस मामले में बांग्लादेश के साथ अनुचित व्यवहार किया है। हम टी20 विश्व कप खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला सरकार करेगी। हमारे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस समय देश से बाहर हैं। उनके लौटने पर हम उनसे सलाह लेंगे। सरकार का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। अगर सरकार ने मना कर दिया तो आईसीसी किसी अन्य टीम को आमंत्रित कर सकती है।

14-2 के बड़े बहुमत से लिया फैसला

ICC बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश के खिलाफ 14-2 के भारी बहुमत से फैसला हुआ। बोर्ड ने स्पष्ट मत दिया कि बांग्लादेश को अपने मुकाबले खेलने के लिए भारत जाना चाहिए। लेकिन आसिफ नजरुल के अड़े रहने के कारण क्रिकेट के दौवाने इस देश की टी20 वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीदें धराशायी हो गईं। जानकारी के मुताबिक चेयरमैन जय शाह समेत ICC के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को दुबई में मौजूद थे।

स्कॉटलैंड के कहां और कब मुकाबले

स्कॉटलैंड ग्रुप चरण में अपने चार मुकाबले वेस्टइंडीज (7 फरवरी), इटली (9 फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में खेलेगा जबकि नेपाल के खिलाफ उसका मैच 17 फरवरी को मुंबई में होगा।

बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

Q जब किसी शराब की लत वाले शख्स के परिवार वाले डॉक्टर के पास सलाह लेने जाते हैं तो...

बैड डॉक्टर: अगर कोई शख्स शराब नहीं छोड़ पा रहा और इलाज भी नहीं कराना चाहता, तो उसे एक कमरे में बंद कर दें। जोर-जबरदस्ती से ही सही, किसी नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दें। तभी शराब की लत छूटेगी या शराब छुड़ाने की दवा चुपके से खाने में मिलाई जा सकती है।

गुड डॉक्टर: अगर शराब की लत हो तो अचानक बिना किसी दवाई के शराब बंद करना घातक है। समझा-बुझा कर इलाज के लिए तैयार किया जा सकता है। जोर-जबरदस्ती से या धोखे से भर्ती कराना या दवाई खिलाना खतरनाक है। सच तो यह है कि आज ऐसी दवाएं आसानी से उपलब्ध हैं जो शराब की तलब को कम करती हैं।

डॉ. अतुल ओबेकर, प्रफेसर, नैशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर, एम्स, नई दिल्ली

US के वित्त मंत्री बोले, भारत से 25% टैरिफ हटा सकते हैं

■ NBT रिपोर्ट

अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने संकेत दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन भारत पर लगाए गए कुल 50% टैरिफ में से 25% हटाने पर विचार कर सकता है। उनका कहना है कि रूस से कच्चे तेल की खरीद में भारत ने काफी कटौती की है, जिससे टैरिफ में राहत की संभावना बनी है। एक हालिया इंटरव्यू में बेसेंट ने कहा, भारत की ओर से उठाए गए इस कदम को अमेरिका अपनी नीतिगत सफलता मानता है। उनके मुताबिक, रूस से तेल खरीद पर लगाए गए 25% अतिरिक्त टैरिफ का साफ असर दिखा है और भारत ने रूसी तेल का आयात घटाया है।

बेसेंट ने भारत पर शुल्क न लगाने के लिए यूरोप की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'हमारे दिखावटी आदर्श वाले यूरोप के सहयोगियों ने ऐसा करने से इनकार कर दिया क्योंकि वे भारत के साथ इस बड़े व्यापारिक सौदे पर हस्ताक्षर करना चाहते थे।'



टैरिफ की बात बेसेंट ने कहा, भारत पर टैरिफ का असर दिखा।

दिल्ली पहुंचीं EU लीडर उर्सुला

यूरोपियन कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शनिवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचीं।

उर्सुला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जनवरी को वॉन डेर लेयेन के साथ वार्ता करेंगे। यह बैठक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों से बनी वैश्विक चिंताओं के बीच हो रही है।

संगीत संग सेना का शौर्य! रिट्रीट सेरेमनी की तैयारी



PTI

■ दिल्ली में शनिवार को बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी की रिहर्सल हुई। भारतीय सेना के बैंड ने शानदार धुनें बजाकर अभ्यास किया।

■ 25 और 26 जनवरी की शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक दिल्ली विधानसभा परिसर आम लोगों के लिए खुला रहेगा।

बढ़ा विरोध...

UGC के नए रेगुलेशन को SC में दी गई चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: UGC के नए रेगुलेशन पर विवाद बढ़ गया है। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से इस मामले में केंद्र सरकार और UGC को प्रतिवादी बनाया गया है और उसके नए नियमों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया है कि रेगुलेशन 3 (C) को मनमाना और भेदभावपूर्ण करार दिया जाए और इसे गैर-संवैधानिक घोषित किया जाए। 13 जनवरी को UGC ने 2012 के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी रेगुलेशन को रद्द करते हुए नए विनियम नोटिफाई किए थे। स्टूडेंट्स का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा है।

छात्रों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा है

CD मामले में बघेल को झटका

■ पीटीआई, नई दिल्ली: CBI की विशेष अदालत ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राहत देने वाले निचली अदालत के आदेश को रद्द किया। अब बघेल को 'सेक्स CD' मामले में ट्रायल का सामना करना होगा। मामले में कथित अश्लील क्लिपों के प्रसार का आरोप है।

हैपी मॉर्निंग

मरीज: डॉक्टर, मैं हर बात तुरंत भूल जाता हूं? कोई दवाई दीजिए।
डॉक्टर: एक काम करो, पहले आप मुझे फीस दे दो, कही दवाई लेने के बाद तो मैं भूल गए तो...

खारदात चार रिश्तेदारों की जान लेने के आरोप में भारतवंशी गिरफ्तार

US में हत्याकांड, 3 बच्चे अलमारी में छिपे, पुलिस बुलाकर बचाई जान

File

गोलीबारी में दंपती विजय कुमार और मीनू डोगरा समेत 4 की मौत।

■ एजेंसियां, न्यू यॉर्क

अमेरिका के लॉरेंसविले शहर में पारिवारिक विवाद में भारतवंशी ने गोलियां चलाकर अपने चार रिश्तेदारों की जान ले ली। पुलिस के अनुसार, अगर एक 12 साल के बच्चे की समझदारी न दिखाई होती, तो वारदात और भी बड़ी हो सकती थी।

पुलिस ने बताया कि गोली चलने पर घर में मौजूद 7, 10 और 12 साल के तीन बच्चे डर के मारे एक अलमारी में छिप गए। बड़े बच्चे ने 911 पर फोन कर दिया, जिसके बाद पुलिस कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गई। तीनों बच्चे सुरक्षित हैं और उन्हें परिवार के एक सदस्य की देखरेख में रखा गया है।

तीनों बच्चों को एक रिश्तेदार की देखरेख में रखा गया

पुलिस ने आरोपी की पहचान अटलांटा निवासी 51 वर्षीय विजय कुमार के रूप में की है। उस पर हत्या और गंभीर हमले से जुड़े कई आरोप लगाए गए हैं। मरने वालों में विजय कुमार की पत्नी मीनू डोगरा, उनके रिश्तेदार गौरव कुमार, निधि चंदर और हरीश चंदर शामिल हैं।

CCI:NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 01-24-2026 22:28 Color:

बर्फ के बीच पहाड़ों में फंसी रहीं हज़ारों गाड़ियां

■ **भाषा, जम्मू/शिमला:** तीन बर्फबारी से जहां एक तरफ पर्यटकों की मौज हो गई है, वहीं हजारों लोग गाड़ियों के साथ फंस गए हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में सड़कों से बर्फ हटाने की कवायद शनिवार को युद्ध स्तर पर जारी रही। श्रीनगर-जम्मू नैशनल हाइवे और अन्य प्रमुख सड़कों पर बर्फबारी के बीच हजारों गाड़ियां फंस गईं। ट्रैफिक बहाल करने के लिए बड़े पैमाने पर सड़कों को साफ करने का अभियान चलाया गया। बर्फबारी के बाद कई हिस्सों में सड़कें फिसलन भरी स्थितियों के कारण शनिवार को दूसरे दिन भी बंद रहीं। NH के रामबन खंड में 900 से अधिक गाड़ियां फंसी रहीं, जबकि जरूरी चीजों से लदे ट्रक सहित 2,000 से ज्यादा दूसरी गाड़ियां जम्मू, उधमपुर, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में फंसी रहीं।

PTI

बर्फबारी से सैकड़ों सड़कें बंद

हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 680 सड़कों को बंद कर दिया गया है और लगभग 4,800 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। उत्तराखंड में 66 सड़कें बर्फबारी से बंद हैं। इसमें 6 नैशनल और 6 स्टेट हाइवे भी हैं।

27-28 को फिर से बर्फबारी की संभावना

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पहाड़ों पर भारी बर्फबारी का एक और दौर आ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, 27 और 28 जनवरी को जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में तेज हवाओं के साथ बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं नार्थ वेस्ट इंडिया और मध्य प्रदेश में बारिश हो सकती है।

PTI

श्रीनगर एयरपोर्ट से उड़ाने फिर शुरू।

हिमालय में बढ़ा भूकंप का खतरा, कुल संवेदनशील ज़ोन 4 से 5 हुए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत में भूकंप के लिहाज से एक और संवेदनशील जोन-6 घोषित किया गया है। अभी तक भूकंप डिजाइन कोड में सबसे संवेदनशील जोन-5 था। बदले गए भूकंपीय मैप में हिमालय को जोन-5 से हटाकर जोन-6 में डाल दिया गया है। इसका मतलब है कि हिमालय के इलाके भूकंप के लिहाज से अब कहीं ज्यादा संवेदनशील हैं। हिमालय के साथ दिल्ली में भी भूकंप का खतरा बढ़ गया है।

दिल्ली जोन-4 में फिर भी भूकंप के लिहाज से अति संवेदनशील

पुराने मैप में थे सिर्फ 4 जोन : पुराने मैप में भूकंप के चार जोन- 2, 3, 4 और 5 थे। अब इसमें जोन-6 भी जोड़ा गया है। पहले हिमालय का कुछ इलाका जोन-4 और कुछ जोन-5 में था।

क्यों करना पड़ा बदलाव : हिमालय के मुख्य हिस्से में 200 साल से कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। साइंस कहती है 100 से 150 साल में एक बड़ा भूकंप आता है। अब भूकंप की तीव्रता इतनी हो सकती है कि अन्य राज्य भी चपेट में आ सकते हैं।

पर्वतीय इलाका ज़ोन-6 में डाला गया, दिल्ली अब भी ज़ोन-4 में

AI image



कब-कब आए बड़े भूकंप

- **15 जुलाई 1720,** 6.5 तीव्रता, दिल्ली
- **1 सितंबर 1842,** 6.0 तीव्रता, मथुरा
- **16 जनवरी 1842,** 5.5 तीव्रता, मथुरा
- **10 अक्टूबर 1956,** 6.7 तीव्रता, बुलंदशहर
- **27 अगस्त 1960,** 6.0 तीव्रता, फरीदाबाद

दिल्ली के लिए क्या मायने?

एक्सपर्ट के अनुसार, अभी दिल्ली में 6.5 तीव्रता का भूकंप काफी नुकसान पहुंचा सकता है। NCS (नैशनल सीस्मिक सेंटर) के पूर्व हेड डॉ. ए के शुक्ल के अनुसार, अगर बड़ा भूकंप आता है तो राजधानी पर इसका काफी असर पड़ेगा। दिल्ली में छोटे-छोटे भूकंप आने से साफ है कि लोकल फॉल्ट सक्रिय हैं। इसे वॉर्निंग की तरह लेना चाहिए और अपनी तैयारियों को पूरा करना चाहिए।

कितनी तैयार है दिल्ली?

हाई रिस्क एरिया होने की वजह से राजधानी में बनने वाली बिल्डिंग्स को भूकंप रोधी बनाना जरूरी है। यहां नैशनल बिल्डिंग कोड लागू है, लेकिन 2017 में दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली में कई बिल्डिंग्स जरूरी स्ट्रक्चरल सेफ्टी फीचर पूरे नहीं कर रही हैं। एक्सपर्ट के अनुसार, दिल्ली में अवैध निर्माण भी अधिक हैं जो सेफ्टी रेगुलेशंस के अनुसार नहीं है।

अगर झूठी FIR दर्ज कराई तो जाना पड़ सकता है जेल

अगर कोई अपराध हुआ है तो शिकायती पुलिस के सामने शिकायत दर्ज कराता है। पुलिस का काम है अपराध के हिसाब से केस दर्ज करना। यह पुलिस की ड्यूटी है। कई बार किसी शख्स को झूठे केस में फंसाने के लिए पुलिस से फर्जी शिकायत कर दी जाती है। लेकिन यह सबको पता होना चाहिए कि झूठी शिकायत करना अपराध है और इसकी सजा भी मिलती है

Law Guru

राजेश चौधरी

हमें ऐसे भेजें अपने सवाल

यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आप कानून से जुड़ा कोई सवाल पूछना चाहते हैं या किसी कानूनी मसले पर जानकारी चाहते हैं तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें।

कोई शख्स जब पुलिस के सामने शिकायत देता है और उस शिकायत के आधार पर अगर संज्ञेय अपराध बनता है तो पुलिस को FIR दर्ज करनी होती है। फिर मामले की छानबीन की जाती है। पुलिस छानबीन के बाद चार्जशीट दाखिल करती है। लेकिन यह जानना जरूरी है कि अगर छानबीन में पता चल जाए कि शिकायत झूठी है तो फिर पुलिस शिकायती के खिलाफ केस दर्ज कर सकती है। दरअसल, कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि किसी को फंसाने के लिए शिकायत दर्ज करा दी जाती है। जब शिकायती का झूठ पकड़ा जाता है तो वह खुद सलाखों के पीछे पहुंच सकता है। कई बार लोग इश्योरेंस क्लेम आदि लेने के लिए गाड़ी या कीमती सामान की चोरी का झूठा केस भी दर्ज करा देते हैं। ऐसे मामले में पुलिस भारतीय न्याय संहिता (BNS)

की धारा-217 के तहत केस दर्ज करती है। पहले इसके लिए IPC की धारा-182 होती थी। इस मामले में दोष साबित होने पर झूठी शिकायत या सूचना देने वाले को अधिकतम एक साल कैद की सजा हो सकती है, साथ ही 10 हजार रुपये तक जुर्माना भी हो सकता है या दोनों सजा भी हो सकती है। पुलिस की छानबीन में जब शिकायत झूठी पाई जाती है तो फिर इस बारे में पुलिस कोर्ट को इत्तला करती है और फिर मामला क्लोज कर दिया जाता है। साथ ही ऐसी शिकायत करने वाले पर अलग से मुकदमा चलता है। इसी तरह अदालत के सामने झूठा बयान देना भी अपराध है।

जैसलमेर में पर्यटकों पर लगेगा यात्री टैक्स

■ **भाषा, जयपुर :** राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में घूमना अब थोड़ा महंगा होने वाला है, शहर की नगर परिषद ने वहां जाने वाली गाड़ियों पर 'यात्री टैक्स' लगाने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया, इसकी दरें तय हो गई हैं, जिसके तहत 35 सीट वाली बस के लिए 200 रुपये, 25 सीट वाली बस के लिए 150 रुपये, पांच सीट वाली कार के लिए 100 रुपये और टैक्सियों और अन्य कार के लिए 50 रुपये देने होंगे। उन्होंने बताया कि बाड़मेर रोड और जोधपुर रोड पर टोल नाके बनाए जाएंगे, जैसे ही गाड़ियां शहर की सीमा में आएंगी उन्हें टैक्स देना होगा।

छत्तीसगढ़ में लोहे का पुल चोरी, 5 अरेस्ट

■ **भाषा, कोरबा:** छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर में नहर पर बना लगभग 40 साल पुराना 10 टन वजनी एक छोटा लोहे का पुल रातों-रात चोरी हो गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मामले में पांच लोगों को अरेस्ट किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि इस घटना में 15 लोग शामिल थे, जिन्होंने कथित तौर पर गैस कटर से पुल को काटकर चुरा लिया और उसे कबाड़ में बेच दिया। अधिकारी ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी मुकेश साहू और असलम खान समेत 10 आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-25-2026 00:39 Color:

नई दिल्ली › रविवार, 25 जनवरी 2026 › माघ 5 शक संवत 1947, माघ शुक्ल सप्तमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पृष्ठ 22 रुपये 5 पृष्ठ 32 › मूल्य 6.00 व 12.00 यदि खरीदा और डिजिटल www.nbt.in

संडे नवभारत टाइम्स

पहाड़ों का विंटर लुक

संडे स्पेशल

जस्ट जिंदगी — हर दर्द कुछ कहता है, हर दर्द का है इलाज — पेज 15

टिप्स, ट्रिक्स — एक EMI खत्म होने पर दूसरा लोन ले या नहीं? — पेज 16

स्पेशल स्टोरी — बदल रही है सरहदें, सेना की सरकार — पेज 14

मौसम

अधिकतम तापमान 18.2°

7.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय रविवार 5:55 | सूर्यास्त सोमवार 7:12

आसमान में हल्के बादल रहेंगे। सुबह कोहरे की संभावना है।

* 24+6 DelhiTimes

युवराज के पिता ने मीडिया का धन्यवाद कर कहा- कोई गुनहगार बचना नहीं चाहिए

'उन्होंने मेरे बेटे को भगवान भरोसे छोड़ दिया'

बेटे की मौत से मैं टूट चुका था, हताश हो चुका था। आप सभी लोगों ने मुझे पूरा सपोर्ट दिया और मेरे बेटे के जीवन के साथ हुई लापरवाही, खिलवाड़ को जनता और सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया।
-राजकुमार मेहता

युवराज मेहता के पिता ने शनिवार को मीडिया के सामने आकर अपनी बात कही। उन्होंने कहा मेरा बेटा बहुत साहसी था। गड्ढे में गिरने के बाद भी उसने काफी संघर्ष किया। उसने हमें जरूरी बचाव कार्य के लिए लगभग पर्याप्त दो घंटे का समय दिया। लेकिन बचाव दल ने बहुत लापरवाही दिखाई और मेरे बेटे को भगवान भरोसे छोड़ दिया, जबकि युवराज को आसानी से बचाया जा सकता था। हम युवराज को तो कभी भी न्याय नहीं दिला सकते, क्योंकि वह अब कभी वापस नहीं आएगा। लेकिन चाहते हैं कि लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में कोई और दूसरा युवराज इस प्रकार की त्रासदी न झेले।

नोएडा में 5वें दिन भी SIT की जांच जारी, डिलिवरी बॉय से भी हुई पूछताछ

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा: नोएडा के इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए तथ्य सामने आ रहे हैं। 5वें दिन भी SIT की जांच जारी रही। SIT नोएडा अथॉरिटी में रही। इस दौरान पुलिस और नोएडा अथॉरिटी की तरफ से करीब 600 पन्नों में अपने लिखित जवाब और सबूत एसआईटी को सौंपे। साथ ही बचाव के लिए पानी में कूदने वाले डिलिवरी बॉय मुनेंद्र के बयान भी दर्ज किए। मुनेंद्र यहां परिवार समेत पहुंचे। उन्होंने जान के खतरा और धमकियों के बारे में भी टीम को जानकारी दी।

600 पन्नों में अपने जवाब SIT को दिए नोएडा अथॉरिटी ने

एसीईओ को सीईओ का चार्ज: शासन ने नोएडा अथॉरिटी में ही तैनात एसीईओ कृष्ण करुणेश को प्रभारी सीईओ की जिम्मेदारी दी है। इससे पहले वह गोरखपुर में डीएम रह चुके हैं। युवराज की मौत मामले में लापरवाही के बाद तत्कालीन सीईओ लोकेश एम को हटाकर वेटिंग में डाल दिया गया था।

क्या मैं सिर्फ एक वोट हूं

हमने पाठकों से पूछा कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या किया जाए। हमें ढेरों सुझाव, शिकायतें और गुस्से से भरे मैसेज आए हैं, इन्हें आप पेज 10 पर पढ़ें

आप बताएं क्या है उपाय ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए। अपनी राय हमें 9220747220 वट्सऐप कीजिए।

दिल्ली का मौसम सुहाना तो पहाड़ क्यों जाना?

मुश्किल रास्ते ये तस्वीर श्रीनगर-गुलमर्ग रास्ते की, हिमाचल में भी ट्रैफिक बढ़ा।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

चारज़ि के एक दिन बाद शनिवार को मौसम में ऐसी बहार आई कि प्रदूषण बेअसर हो गया। हवाएं चलीं, धूप खिली और नीला आसमान दिखा। जब दिल्ली-एनसीआर का मौसम खुद सुहाना हो गया हो तो फिर पहाड़ों पर क्यों जाना, जहां पर्यटकों की भीड़ से जाम का सामना करना पड़ रहा हो। जनवरी दिल्ली में नवंबर के बाद दूसरा सबसे प्रदूषित महीना होता है, मगर मौसम की मेहरबानी से दिल्ली का प्रदूषण यानी AQI 192 पर आ गया, इस साल जनवरी में ये पहला मौका है, जब AQI 200 के नीचे आया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक फरीदाबाद में AQI 206, गाजियाबाद में 203, ग्रेटर नोएडा में 170, गुरुग्राम में 225 और नोएडा में 184 रहा।

शनिवार को इस साल पहली बार AQI आया 200 से नीचे



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: vivek.kumar4 Time: 01-24-2026 21:38 Color:

RERA REGISTRATION NO. HRERA-PKL-SNP-395-2023
Developer: Gemini Agrofarms Pvt. Ltd. I Project: Supermax-The Flower City
https://haryanarera.gov.in/view_project/searchprojectDetail/2307

दीन दयाल जन आवास योजना

DEEN DAYAL AFFORDABLE PLOT

(Under Deen Dayal Jan Awas Yojna 2016, Govt. of Haryana)

APPROVED RERA APPROVED

147 फीट रोड पर स्थित फ्री होल्ड आवासीय प्लॉट

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Affordable Plot सेक्टर–34, सोनीपत, हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवासीय भूखंड (हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल रेज़िडेन्सियल प्लॉटेड कॉलोनी DDJAY-2016 के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं। विवरण वेबसाइट www.deendayalaffordableplot.net पर उपलब्ध है।

PROJECT LOCATION: SECTOR-34, SONIPAT, HARYANA

शुरूआती मूल्य	आवेदन की अंतिम तिथि	आवंटन की तिथि
₹ 1.19 Cr.	25-01-2026	28-01-2026

आवेदन करने के लिए भुगतान (100% रिफंडेबल) ₹ 21,000 मात्र

Area in (Sq.Yd.)	Area in (Sq.Mtr.)	Registration Amount	10% Within 5 Days	20% Within 30 Days	70% On Offer of Possession (Bank Loan Available)	Total Cost*
153.16	128.06	₹ 21,000	₹ 11,73,648	₹ 23,89,296	₹ 83,62,536	₹ 1,19,46,480
174.91	146.25	₹ 21,000	₹ 13,43,298	₹ 27,28,596	₹ 95,50,086	₹ 1,36,42,980

*PLC & Govt. Charges Applicable

1 Sq. Mtr. = 1.196 Sq. Yd.

Registration of builder buyer agreement is mandatory after making a total payment of 10%

CONNECTIVITY

INDUSTRIAL HUB

EDUCATIONAL HUB

Gated Community | Commercial Area | 24*7 Water Supply | CCTV Surveillance | Green Park | Kids Play Area

LOCATION ADVANTAGE

- Upcoming Metro Station
- School 2 Mins.
- Gurugram 50 Mins.
- IGI Airport 50 Mins.
- NH 44 Highway (GT Karnal Road) 8 Mins.
- Delhi 10 Mins.
- UER-II 10 Mins.

Loan Available from Leading Banks

हेल्पलाइन नं. : +91-97185 36536

Register Online: www.deendayalaffordableplot.net

Scan to Apply

Disclaimer: All images and visuals are artistic impressions used solely for representational purposes. This advertisement does not constitute a legal offer or commitment. Project specifications, features, layouts, and timelines are subject to change without prior notice at the discretion of the developer or due to regulatory requirements. Travel times mentioned are approximate and may vary depending on traffic and local conditions. Terms & Conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 01-24-2026 23:03 Color:

गाड़ी ने रेहड़ी वाले को मारी टक्कर

■ NBT रिपोर्ट, सफदरजंग एनक्लेव: एम्स ट्रॉमा सेंटर के पास शुक्रवार रात गाड़ी की टक्कर से रेहड़ी वाला घायल हो गया। बेहोशी की हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। निनकी पहचान अशोक

प्रसाद (55) के रूप में हुई है। सफदरजंग एनक्लेव थाना पुलिस घायल के बयान पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक प्रसाद ने बताया कि वह कृष्णा नगर सफदरजंग एनक्लेव में फलों की रेहड़ी लगाते हैं। शुक्रवार को रात करीब 10 बजे रेहड़ी लेकर घर लौट रहे थे। एम्स ट्रॉमा सेंटर के गेट नंबर 4 के पास किसी गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह बेहोश हो गए। इस बीच आरोपी गाड़ी लेकर फरार हो गया। पीछे से अपनी रेहड़ी लेकर आ रहे महेंद्र ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइक के विवाद में भाई-बहन से मारपीट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ज्योति नगर में बाइक खड़ी करने के विवाद में पड़ोसी ने भाई-बहन के साथ मारपीट की। पुलिस ने बताया कि 42 वर्षीय मनोज

कुमार 20 फुटा रोड मौत नगर में रहते हैं। वह बीएसईएस में मीटर रीडर काम करते हैं। उनका कहना है कि पड़ोसी विपिन अपनी बाइक उनके घर के सामने खड़ी कर देते हैं। 21 जनवरी को दोपहर करीब 2:30 बजे मनोज घर के सामने बाइक खड़ी करने का कारण पूछने विपिन के घर गए। इस पर वह मारपीट करने लगा। उनकी बहन डॉली बीच-बचाव करने आईं तो विपिन ने उनके साथ भी मारपीट की।

कैफे में घुसकर गोली मारकर किया मर्डर

वेलकम में वारदात, 7 राउंड फायरिंग की

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रुपयों के विवाद में वेलकम के मिस्टर किंग लाउंज और कैफे में शुक्रवार देर रात फैजान उर्फ फजी (24) पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं। आरोपियों ने 7 राउंड फायरिंग की। युवक के सिर और सीने में गोलियां मारी गईं। युवक को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह आरोपी मोहन ने सोशल मीडिया पर विडियो डालकर खुद हत्या की जिम्मेदारी ली है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि मोहन ने चार महीने पहले फैजान से 35 हजार रुपये उधार लिए थे। बताया जा रहा है कि रुपये वापस नहीं देने पर फैजान ने मोहन को थप्पड़ मार दिया था। यही हत्या की वजह बना। मर्डर के बाद मोहन ने विडियो में कहा कि वह थप्पड़ मारने का बदला है। वहीं, मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक फैजान परिवार के साथ जनता कॉलोनी में रहते थे। वह गाड़ियों की वॉशिंग का काम करते थे। शुक्रवार शाम को फैजान बाइक लेकर घर से निकले थे। वह दोस्तों के साथ कैफे में पहुंचे थे। चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि दो हमलावरों ने कैफे के अंदर घुसते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू की।

मौके पर पुलिस

ताबड़तोड़ फायरिंग

- उधार के रुपयों के विवाद में हुआ मर्डर
- युवक के सिर और सीने में लगी गोलियां

फैजान (24)

4 महीने पहले दी थी धमकी

मृतक के भाई सलमान ने पुलिस को बताया कि करीब चार महीने पहले फैजान ने मोहन को 35 हजार रुपये उधार दिए थे। बताया जा रहा है कि रुपये वापस नहीं देने पर फैजान ने मोहन को थप्पड़ मार दिया था। यही हत्या की वजह बना। मर्डर के बाद मोहन ने विडियो में कहा कि वह थप्पड़ मारने का बदला है। वहीं, मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

मां का पुलिस पर आरोप

फैजान की मां शमा ने कुछ पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि अगर पहले ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाती, तो फैजान जिंदा होता। उनका कहना है कि कुछ पुलिसकर्मी उनके बेटे को बार-बार परेशान करते थे और उससे कपिल नाम के युवक और उसके दोस्तों के बारे में पूछताछ करते थे।

> आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। मोहन के खिलाफ पहले से स्नैचिंग समेत कई मामले दर्ज हैं। शुरुआती जांच में मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। - आशीष मिश्रा, डीसीपी, नॉर्थ-ईस्ट जिला

क्रेडिट कार्ड का लालच देते, फिर फास्टैग रिचार्ज कर ठगते

■ NBT रिपोर्ट, हरि नगर: क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का लालच देकर पहले रिश्तेदारों की पूरी डिटेल लेते हैं, उसके बाद उसी शख्स का मोबाइल हैक कर रिमोट पर लेकर गाड़ियों के फास्टैग को रिचार्ज करते हैं। फिर वहां से ऑनलाइन गिफ्ट कार्ड खरीदकर उसे कैश करवा लेते हैं। ऐसा मामला वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाने में पहुंचा है। जिसमें चेतु लगभग रुपये से ज्यादा की चीटिंग हुई थी। मामले में जब लंबी छानबीन हुई तो उसके बाद साइबर पुलिस राजस्थान के गंगानगर से दो आरोपियों को दबोचकर दिल्ली लेकर आई।

दो आरोपियों को गंगानगर से पकड़ दिल्ली लाई पुलिस

इनके पास से 70 मोबाइल, 10 लैपटॉप, 37 एटीएम कार्ड, 10 पासबुक और 467 सिम बरामद किए हैं। डीसीपी वेस्ट दराडे शरद भास्कर ने बताया कि एसीपी ऑपरेशन विजय सिंह की देखरेख में SHO विकास बुटकर, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार और एएसआई संदीप पुनिया की टीम गैंग का पता लगाया।

मुठभेड़ के बाद झपटमार अरेस्ट, साथी भी पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पुल प्रह्लादपुर थाना पुलिस और एएटीएस की टीम ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर झपटमार सतीश भाटी (22) को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। आरोपी की निशानदेही पर उसके साथी को भी बाद में पकड़ लिया गया। उसकी पहचान अभिषेक (20) के रूप में हुई है। सतीश भाटी के कब्जे से पुलिस टीम ने छह लूटे गए मोबाइल फोन, बाइक और पिस्टल बरामद की है। पुलिस को स्नैचिंग के कई मामलों में सतीश की तलाश थी।

डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि 23 जनवरी को रात लगभग 11 बजे सूचना मिली कि स्नैचिंग की कई वारदात में शामिल सतीश भाटी एमबी रोड में आने वाला है। सूचना को पुख्ता करने के बाद पुल प्रह्लादपुर व एएटीएस की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। एएटीएस इंस्पेक्टर अंजय दलाल की टीम को एमबी रोड पर छत घाट पार्क, काला माया अस्पताल पास तैनात किया गया। इस दौरान एक युवक बाइक पर आता हुआ नजर आया। पुलिस टीम को देखकर उसने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन बाइक के फिसलने से वह सड़क पर गिर पड़ा। पकड़े जाने से बचने के लिए उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी तीन राउंड गोली चलाई, जिसमें एक गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी। इसके बाद आरोपी को पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। आरोपी की पहचान सतीश भाटी के रूप में हुई।

■ छह लूटे गए मोबाइल, बाइक और पिस्टल बरामद

1 दिन में 4 स्नैचिंग

जांच में पता चला है कि आरोपी ने 22 जनवरी को दोपहर से रात तक घर स्नैचिंग की लगातार वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने कालकाजी, पुल प्रह्लादपुर, अमर कॉलोनी और ओखला में वारदात को अंजाम दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए डिस्ट्रिक्ट की एएटीएस को लगाया गया। सभी घटनास्थल की फुटेज चेक करने पर आरोपी की पहचान हुई।

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI
Notice under Order V Rule 20 of Code of Civil Procedure
Case No. LAA 143/2017 & C.M. App. 26951/2022, 1713/2024
Appeal against the Judgment/Decree dated 10-02-2017
In LAC NO. 1571/2016
Passed by Sh. Ajay Goel, Addl. District Judge, North, Delhi

APPELLANT
Delhi State Industrial And Infrastructure Development Corporation Ltd.
VERSUS
Sh. Ram Kishan & Anr. **RESPONDENTS**
Notice to: **Respondent No. 1 (9A)**
Smt. Kanta (D/o Late Ram Kishan)
R/o House No. 73,
Village & Post Office Khera Khurd,
Delhi-110082.

Whereas the above noted appellant has presented an appeal u/s 96 Read with Order XLI Rule 1 of the Code of Civil Procedure, 1908 alongwith the above mentioned applications, which was listed before the Court on **16.05.2017** & on the other subsequent dates, the Court ordered issuance of notice to you.

And whereas it has been proved to the satisfaction of the court that you cannot be served in the ordinary manner, notice by way of Publication to you is hereby issued. If you wish to defend the above mentioned appeal and the applications, you may cause an appearance to be entered on your behalf, either in person or through an Advocate, duly appointed by you for the purpose before the Hon'ble Court on **28.01.2026 (Actual) at 10:30 a.m.**

If no appearance is made on your behalf, by yourself, your pleader or someone authorized by law to act for you in the said appeal & applications on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said appeal & applications will be given and the same will be heard and determined ex-parte in your absence.

Given under my hand and the seal of this Court, this the **08th day of January, 2026.**

ASSISTANT REGISTRAR (APPLT.)
FOR REGISTRAR GENERAL

युवक की हत्या में चार पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रीत विहार मर्डर मामले को सुलझाते हुए जॉइंट टीम ने तीन नाबालिग समेत 4 आरोपियों को पकड़ा है। मुख्य आरोपी की पहचान मंडावली के अमन उर्फ राजू (22) के तौर पर हुई है। जबकि नाबालिगों की उम्र 16 और 14 साल है। पूछताछ में पता चला कि लूटपाट की रकम के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में हत्या को अंजाम दिया गया।

ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 22 जनवरी प्रीत विहार थाने के हेड कॉन्स्टेबल मुनेश द्वारा सूचना दी गई कि प्रीट पट्टोलिंग के दौरान होटल मोना इंटरनेशनल के पास, पीपीजी रोड स्थित रेलवे अंडरपास के पास लगभग एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पेट, चेहरे, गर्दन और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एलबीएस अस्पताल की मॉर्चरी में रखा गया। हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि देवा के साथ मिलकर वह लोग चोरी और झपटमारी जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। सभी शराब के आदी हैं। लूटपाट की रकम और सामान के बंटवारे को लेकर हुए झगड़े के बाद पत्थरों और चाकू से हमला कर देवा की हत्या कर दी थी। इसके बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे।

प्रीत विहार मर्डर केस

AI Image

■ लूटपाट और चोरी की रकम के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद की थी हत्या

CCTV से मिला सुराग

आरोपियों की तलाश में प्रीत विहार, नारकोटिक्स और स्पेशल स्टाफ की जॉइंट टीम बनाई गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमें संदिग्ध दिखाई पड़े। उसके बाद मुख्य आरोपी अमन उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में मृतक की पहचान कानपुर निवासी देवा (25) के तौर पर हुई। वह मंडावली में नजीर होटल के पास रेलवे अंडरब्रिज के नीचे रहता था। इसके बाद तीन अन्य नाबालिगों को भी पकड़ा गया।

आयुर्वेद का वरदान आपके बच्चों के लिए
वैद्य रेवती प्रसाद की प्राचीन एवं मशहूर
28 जड़ी-बूटियों से निर्मित एक मात्र ...
बाबम
112 साल की बुढ़िया की घुटी
स्वस्थ शिशु खुशहाल परिवार

SYMBIOSIS SKILLS UNIVERSITIES
Symbiosis University of Applied Sciences, Indore (SUAS)
Symbiosis Skills & Professional University, Pune (SSPU)
ADMISSIONS OPEN FOR AY 2026-27
Limited Seats - Apply Online @ www.suas.ac.in & www.sspu.ac.in
SSU SKILL-CAT FOR AY 2026-27
Ranked in NIRF India Rankings No. 1 (SSPU) & No. 2 (SUAS)
Pune Campus (SSPU) MBA Indore Campus (SUAS)
- Fintech
- Retail Management
- Digital Marketing
- Logistics and Supply Chain Management
- Banking, Financial Services & Insurance (BFSI)
- Retail Management
- Digital Marketing
- Logistics and Supply Chain Management
Differentiators that carve future careers
Strong Industry partnerships | Yearly internships | 70% focus on practical-based teaching | Centres of Excellence for practical skill training
Highest placement packages PG 32.5 LPA Internship 75,000/- per month
SSPU Kiwale, Adjoining Pune-Mumbai Expressway, Pune - 412 101
7796638369, 7796695604, 7796638376
www.sspu.ac.in
SUAS Super Corridor, Near Airport, Beda Bangarda, Indore - 453112
9285333023, 9285333010, 9285333012
www.suas.ac.in

बैंक खाते की KYC के नाम पर ठगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने बैंक अधिकारी बनकर लोगों से अकाउंट की KYC कराने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों के वट्सऐप पर लिंक भेजकर मोबाइल फोन हैक करते थे और फिर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे।

वट्सऐप पर लिंक भेजकर फोन हैक करते थे

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि सागरपुर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि KYC के लिए कॉल की, लिंक भेज फोन हैक किया, फिर क्रेडिट कार्ड पर 8.33 लाख रुपये का लोन लेकर रकम निकाल ली। डीसीपी के अनुसार इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की देखरेख में बनी टीम ने जांच की और आरोपियों को पकड़ा।

तुर्कमान गेट हिंसा: आरोपी को ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने शनिवार को तुर्कमान गेट हिंसा के एक आरोपी को जमानत दे दी, जिसकी जमानत का आदेश दिल्ली हाई कोर्ट ने पिछले दिनों रद्द कर दिया था और मामले को दोबारा विचार के लिए ट्रायल कोर्ट को भेज दिया था। एडिशनल सेशंस जज जोगिंदर प्रकाश नाहर ने आरोपी उबैदुल्ला को जमानत दी, जो कथित तौर पर उस भीड़ का हिस्सा था, जो इस महीने की शुरुआत में हुई तुर्कमान गेट हिंसा में शामिल था।

जमानत का आदेश HC ने पिछले दिनों रद्द किया था

कॉन्स्टेबल समेत दो से छीना फोन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: करावल नगर इलाके में बीएसएफ के कॉन्स्टेबल समेत दो लोगों से बाइक सवार और स्कूटी सवार बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए। दोनों ही मामलों में करावल नगर पुलिस ने स्नैचिंग के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 24 वर्षीय हर्ष अग्रवाल बीएसएफ में कॉन्स्टेबल है। 22 जनवरी को एमबीएस कॉलोनी की गली नंबर-9, पुस्ता के पास बाइक सवार दो लड़के मोबाइल छीन कर फरार हो गए। दूसरा मामला 21 जनवरी की सुबह करीब 7:30 बजे का है। जाफ़र नगर निवासी अमन कुमार से जौहरीपुर रोड पर स्कूटी सवार बदमाश फोन छीनकर फरार हो गए।

करावल नगर इलाके में हुई दोनों वारदात

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: vivek.kumar4 Time: 01-24-2026 22:16 Color:

हरियाणा सरकार

Surajkund Mela Authority

"विकसित भारत का आधार एक आत्मनिर्भर भारत भी है।
आइए, हम सब मिलकर "वोकल फॉर लोकल" को हर नागरिक के जीवन का मंत्र बनाएँ।"
- नरेन्द्र मोदी

कला और शिल्प का महोत्सव, कौशल, रचनात्मकता, संस्कृति और व्यंजनों का संगम !

39वां

सूरजकुंड इंटरनेशनल आत्मनिर्भर क्राफ्ट फेस्टिवल

Local to Global – आत्मनिर्भर भारत की पहचान

31 जनवरी - 15 फरवरी, 2026, सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा

सहभागी राष्ट्र

मिस्र

थीम राज्य

UTTAR PRADESH TOURISM
उत्तर प्रदेश

Meghalaya TOURISM
मेघालय

आप सभी सादर आमंत्रित हैं

स्थान के लिए QR कोड स्कैन करें

ऑनलाइन टिकट के लिए QR कोड स्कैन करें
Google Play
App Store

वेबसाइट के लिए QR कोड स्कैन करें

बुकिंग टिकट सभी मेट्रो स्टेशन व उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध

HARYANA TOURISM Come, holiday with us! | विदेश मंत्रालय MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS | Ministry of Tourism Government of India | Development Commissioner for Handlooms | ICCR | Utsav | Incredible India | MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION | NIHDC

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 25-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-24-2026 22:43 Color:

सेकंड हैंड फोन खरीद रहे हैं? पहले कर लें वेरिफाई

DoT ने पब्लिक के लिए अलर्ट मेसेज जारी किया, IMEI नंबर की करें जांच

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Vishal.Sharma3@timesgroup.com

■ **सेल पर्चेज** की साइट या सोशल मीडिया के अलग अलग प्लेटफॉर्म पर बेशक सेकंड हैंड फोन की बेस्ट डील मिल रही हो। लेकिन बेस्ट ऑफर के चक्कर में सेकंड हैंड फोन खरीदने से पहले अच्छे से वेरिफाई जरूर कर लें।

लेकिन यह आपके लिए रिस्की भी हो सकता है। इस संबंध में चार दिन पहले 18 जनवरी को DoT (दूरसंचार विभाग) ने पब्लिक के लिए अलर्ट मेसेज जारी किया है। जिसमें कहा है कि 'यूज किया हुआ फोन देखने में तो अच्छा लग सकता है, लेकिन क्या यह सेफ डील है? चोरी या ब्लॉक हुए डिवाइस से बचने के लिए यूज किया हुआ फोन खरीदने से पहले हमेशा IMEI (International Mobile Equipment Identity) वेरिफाई करें। जागरूक रहें और सुरक्षित फैसले लें'।

यह पब्लिक अवेयरनेस मैसेज ऐसे समय में जारी हुआ है जब गणतंत्र दिवस को लेकर देश भर में सुरक्षा एजेंसियां किसी भी खतरे से निपटने के लिए हाई अलर्ट मोड पर हैं।

AI Image

बरतें ये सावधानियां

IFSO डीसीपी विनीत कुमार ने बताया कि सेकंड हैंड फोन खरीद रहे हैं तो सतर्कता जरूर बरतें। अगर आईएमईआई नंबर किसी भी तरह के फ्रॉड से लिंक है कि तो जवाबदेही फोन खरीदने वाले की भी होगी। जरूरी सलाह है कि संभव सबसे ऐप पर चेक कर लें। जब भी खरीदें तो आईएमईआई पर चैक जरूर कर लें। इसके लिए सिंपल ट्रिक से पता कर सकते हैं। पहले https://eir.sancharsaathi.gov.in/ पर जाकर मोबाइल नंबर, ओटीपी के साथ लॉगिन करें। आईएमईआई नंबर डालें। यदि आईएमईआई नंबर ब्लॉक अंतरा है तो इसका मतलब यह है कि फोन चोरी का है। दूसरा तरीका मैसेज वाला है।

फोन में KYM लिखकर स्पेस दे और इसके बाद 15 डिजिट वाला आईएमईआई नंबर लिखकर कर 14422 पर सेंड कर दें। यदि अपने डिवाइस का आईएमईआई नंबर नहीं पता है, तो आप *#06# डायल करें।

बदल तो नहीं गया IMEI का नंबर

अक्सर चोरी हुए मोबाइल का आईएमईआई नंबर टेंपर कर दिया जाता है। खरीदार को पता नहीं रहता कि यह चोरी या लूट का है। इससे वह कानूनी शिकंजे के खतरे में आ सकता है। आईएमईआई मोबाइल पैकेजिंग बॉक्स पर लिखा होता है। यह मोबाइल बिल/रसीद पर होता है। मोबाइल से आप IMEI नंबर को *#06# डायल करके चेक कर सकते हैं। आईएमईआई नंबर मोबाइल स्क्रीन पर दिख जाएगा। अगर मोबाइल को ब्लैक-लिस्टेड, डुप्लिकेट या पहले से यूज में दिखाता है तो उसे खरीदने से बचें।

CA, पुजारी, IT एक्सपर्ट ₹15 करोड़ के ठग

AI Image

कंबोडिया और नेपाल में बैठे हैंडलर, 3 राज्यों में छापेमारी कर 8 साइबर स्लीपर सेल पकड़े

NBT संडे स्पेशल

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** कंबोडिया और नेपाल में बैठे हैंडलर्स ने रेटर कैलाश के NRI डॉक्टर दंपती को 'डिजिटल अरेस्ट' किया था। इन हैंडलर्स के लिए भारत में साइबर स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे 8 स्कैमर को IFSO ने 3 राज्यों में छापेमारी कर अरेस्ट किया है। डॉक्टर दंपती को 17 दिन 'डिजिटल अरेस्ट' करके 14.85 करोड़ की ठगी की थी। इस पूरे नेटवर्क का ऑपरेशन लिंक कंबोडिया और नेपाल से मिला है जो वहीं से ऑपरेट हो रहा था। इस ऑपरेशन में टीम ने वडोदरा, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, मुजफ्फरनगर में छापेमारी की थी। ये सिंडिकेट पैसे निकालने के लिए एडवांस्ड डिजिटल टूल्स और म्यूल बैंक अकाउंट का इस्तेमाल करता था।

डीसीपी विनीत कुमार ने बताया कि 24 दिसंबर को डॉक्टर दंपती के पास एक अनजान नंबर से कॉल आया जिसमें कहा गया कि फिक्सिम के नाम पर रजिस्टर्ड एक SIM कार्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में पाया गया है। इसके बाद एक विडियो कॉल किया। नकली 'CBI' और 'पुलिस' अधिकारी बनकर फेक अरेस्ट वॉरंट के जरिए डराया-धमकाया। डुप्लीकेट कोर्ट ने सजा भी दी। दंपती के फिक्स्ड डिपॉजिट और शेयर इन्वेस्टमेंट के पैसे सहित फंड ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। करीब 14,84,26,954 रुपए ट्रांसफर करा लिए। इस केस में एसीपी प्रेम चंद्र खंडूरी, SI राज किरण, अतुल, रमेश, HC त्रिलोक, प्रमोद, Ct दीपक, मोहित, हरकेश, बिरमपाल, बसंत और योगेंद्र की टीम में शामिल किया। स्कैम में शामिल कथित बैंक अकाउंट्स की डिटेल्स हासिल कीं। डिजिटल फुटप्रिंट्स और टेक्निकल सर्विलांस के पूरे एनालिसिस और ग्राउंड इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके टीम ने देश के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ छापे मारे। नतीजा तब निकला जब मेन म्यूल अकाउंट होल्डर्स में से एक वडोदरा के पटेल दिव्यांग तक पहुंचा। जिसके अकाउंट में पीड़ित के अकाउंट से सीधे 4 करोड़ रुपये निकाले गए थे। पटेल की गिरफ्तारी के बाद वडोदरा से एक और आरोपी शिलोने कुलिक को भी पकड़ा। भुवनेश्वर से महावीर शर्मा जबकि अंकित मिश्रा को उसी समय वडोदरा से गिरफ्तार किया। इससे बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। वाराणसी से अरुण कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया।

इसके अकाउंट में 2.10 करोड़ आए थे। इसकी निशानदेही पर प्रद्युम्न तिवारी को भी वाराणसी से गिरफ्तार किया। भूपेंद्र मिश्रा और आदेश चावड़ा को लखनऊ से गिरफ्तार किया। सभी आरोपी कंबोडिया और नेपाल से ऑपरेट हो रहे एक इंटरनैशनल साइबर सिंडिकेट के कहने पर कई अकाउंट के जरिए फ्रॉड करने वाले पैसे जमा करने म्यूल बैंक अकाउंट खरीदने और ऑपरेट करने में मदद करते थे।

डॉक्टर दंपती को किया था डिजिटल अरेस्ट'

इंटरनैशनल साइबर सिंडिकेट

आरोपियों में पटेल दिव्यांग CA कंपलीट कर चुका है। यह 'ग्लोरेस्टा फाउंडेशन' के नाम से एक NGO चलाता है। दूसरा आरोपी शिलोने कुलिक म्यूजीलैंड से IT में डिप्लोमा होल्डर है। तीसरा आरोपी अरुण इनकम टैक्स ऑफिस के बाहर प्राइवेट डेटा एंट्री ऑपरेटर का काम करता है। चौथा आरोपी महावीर शर्मा बीकॉम पास जबकि चावड़ा आरोपी प्रद्युम्न वाराणसी के घाटों पर पुजारी का काम करता है। छठवां आरोपी अंकित मिश्रा SBI कैप सिक्योरिटीज में सेल्स एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करता है। सातवां आरोपी भूपेंद्र MBA करने के बाद जॉब कर रहा है। आठवां आरोपी आदेश कुमार स्टूडेंट्स को ट्यूशन और प्राइवेट कोचिंग देता है।

पुलिसवालों पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** कड़कड़डूमा कोर्ट ने डीसीपी, ईस्ट को उस शिकायत के संबंध में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) दायर करने का निर्देश दिया है, जिसमें लक्ष्मी नगर पुलिस थाने के एसएचओ समेत कुछ पुलिसवालों पर एक डॉक्टर को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे 2 लाख रुपये की घूस मांगने का आरोप लगाया गया है।

डीसीपी को संबंधित घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश देते हुए जूडिशल मैजिस्ट्रेट सलोनी पाल सिंह ने कहा कि इस शिकायत में लगाए गए आरोप पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हैं और ये गंभीर प्रकृति के हैं। कथित घटना की सीसीटीवी फुटेज सबूत का एक अहम हिस्सा लग रही है। डीसीपी, ईस्ट को नोटिस जारी किया जाए और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि बताई गई तारीख के लिए लक्ष्मी नगर पुलिस थाने की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखी जाए।

अदालत ने डीसीपी से मांगी फर्जवाई की रिपोर्ट

अदालत ने यह आदेश डॉ. जुनैद अकरम की शिकायत पर 21 जनवरी को पारित किया। उन्होंने लक्ष्मी नगर पुलिस थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर आशीष ग्रेवाल, हेड कॉन्स्टेबल जुनैद और एसएचओ के अलावा दानिश सैफी, नसमर सैफी, जान मोहम्मद नाम के तीन और प्राइवेट लोगों पर आरोप लगाए ने कथित तौर पर ईस्ट दिल्ली में काफी प्रभावशाली और बड़े बिल्डर/माफिया बताए गए।

एडवोकेट देवाशीष भारती के जरिए दायर शिकायत में बिल्डर और पुलिसवालों के बीच अवैध गठजोड़ का दावा किया गया है और यह आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता को जमीन कब्जाने के झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए उससे दो लाख की रिश्वत मांगी।

डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी, SC ने केंद्र, CBI, RBI से मांगा जवाब

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने 78 साल के एक रिटायर्ड बैंकर की याचिका पर केंद्र सरकार, केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) और अन्य से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि उन्हें लगभग एक महीने तक 'डिजिटल अरेस्ट' कर 23 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने नरेश मल्होत्रा की ओर से दायर याचिका पर केंद्र सरकार, केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI), भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और अन्य को नोटिस जारी किए हैं। याचिका में संबंधित बैंकों को नोटिस देने की मांग की गई है कि वे ठगी गई राशि 22.92 करोड़ रुपये याचिकाकर्ता के खातों में जमा करें। मल्होत्रा ने कई प्राइवेट बैंकों को इस मामले में पक्षकार बनाया है।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in